e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 162

सुविचार
आपको कुछ भी सर्वश्रेष्ठ पाना है तो पहले दुनिया को सर्वश्रेष्ठ देना होगा।

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
15.06.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030



## अजब-गजब कारनामों के कारण सुर्खियों में है झारखंड विद्युत नियामक आयोग, उठी जांच की मांग

विद्युत नियामक आयोग के काले कारनामे

* आयोग का पैसा पीएल अकाउंट में न जाकर बैंक अकाउंट में जा रहा है
* किसके हस्ताक्षर से चेक का निकासी हो रहा है, यह भी है जांच के घेरे में
* वित्तीय अनियमितता की निष्पक्ष जांच हो तो कई अधिकारी खायेंगे जेल की हवा
* बार-बार ऑफिस बदलने का आखिर राज क्या है?

# विद्युत नियामक आयोग के अकाउंट में फर्जीवाड़ा

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची।** झारखंड विद्युत नियामक आयोग के कार्यों से कुछ लोग नाखुश हैं। यही कारण है कि आयोग के खिलाफ जांच की मांग करने के लिए लोग गोलबंद हो रहे हैं। इन लोगों का कहना है कि आयोग के कोष की जांच हो जाए तो कई अधिकारियों और पदाधिकारियों और इससे जुड़े लोगों पर गाज गिर सकती है। झारखंड विद्युत नियामक आयोग और उनके कार्यों पर बहुत लोगों की नजर नहीं होती है। बावजूद इसके पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो ने ऊर्जा सचिव से इस विभाग की शिकायत कर चुके हैं और अनियमितता को लेकर भी सवाल उठाएं हैं। इतना ही नहीं उन्होंने तो 2021 में तत्कालीन अध्यक्ष अरविंद प्रसाद पर घपला करने और वर्तमान के सचिव राजेंद्र प्रसाद पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत कर चुके हैं। पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो ने कहा कि मुझे रघुवर सरकार में कुछ शिकायतें मिली थीं। जिस पर लिखित शिकायत कर चुके थे। वर्तमान में क्या स्थिति है, इस पर फिर से देखना होगा। इनके अलावा सूत्र द्वारा बताया जा रहा है कि वित्तीय गड़बड़ी की शिकायतों की यदि जांच हो तो कई को जेल जाने पड़ सकता है। क्योंकि 2012-13 वित्तीय लेनदेन के खर्च का ऑडिट को लेकर पूर्व में जो महालेखाकार थे, उन्होंने अपने हाथ खड़ा कर दिए थे। स्थिति लगभग अब भी जस की तस बतायी जा रही है।

### वर्तमान में पदस्थापित अधिकारी

चेयरमैन सेवानिवृत्त न्यायामूर्ति अमिताभ गुप्ता
सदस्य (कानूनी)- महेंद्र प्रसाद
सदस्य (तकनीकी) - अतुल कुमार
सचिव - राजेंद्र प्रसाद नायक

### ऑफिस का होता रहा खेल

बताया गया कि झारखंड विद्युत नियामक आयोग मेन रोड स्थित सैनिक मार्केट में स्थापित किया गया था। तब करीब 35 वर्षों के लिए एग्रीमेंट किया गया था 75000 मासिक राशि पर। लेकिन कुछ साल बाद ही सैनिक मार्केट से करीब 2019 के बाद से इसे यहां से हटाकर पुलिस लाइन एक्साइज ऑफिस में ले गया था। तब तत्कालीन अध्यक्ष अरविंद प्रसाद थे। जो 2020 तक रहे और इन पर जब आरोप लगा तो इन्होंने इस्तीफा दे दिया। वर्तमान में हरमू हाउसिंग चौक के नजदीक झारखंड विद्युत नियामक आयोग चल रहा है। जहां करीब 85000 मासिक किराया दिया जा रहा है। जबकि सैनिक मार्केट में 35 वर्ष पूरा भी नहीं हुआ है और उसका किराया अभी दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि उस स्थान को विद्युत लोकपाल को दे दी गई है।

### पीएल अकाउंट का नहीं हो रहा उपयोग

जांच पड़ताल करने और पूछताछ करने के बाद भी पदाधिकारियों ने पूरे पारदर्शिता के साथ जवाब नहीं दिया। अधिसूचना के अनुसार निगम बोर्ड और झारखंड विद्युत नियामक आयोग के बैंक अकाउंट बंद कर दिए गए हैं और पीएल अकाउंट खोला गया था। इसी में सारा पैसे रखने का प्रवधान बनाया गया था। विद्युत नियामक आयोग को सरकार से अनुदान के साथ-साथ सालाना बिजली दर निर्धारण के लिए शुल्क और वार्षिक डिस्कॉम शुल्क का भुगतान सहित विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई के लिए भी राशि का प्रवधान है। लेकिन यह सारे पैसे पीएल अकाउंट में न जाकर बैंक अकाउंट में जा रहा है। किसके हस्ताक्षर से चेक का निकासी हो रहा है। यह भी जांच के दायरे में है। वर्तमान में जो पदाधिकारीगण हैं, उनसे पूछताछ करने पर वे कहते हैं कि पीएल अकाउंट तब उपयोग होता है जब सरकार हमें पैसे देती है। सरकार हमें किसी तरह का पैसे नहीं दे रहा है। वही दूसरे पदाधिकारी कहते हैं कि इस पर मेरा कुछ कहना उचित नहीं होगा, क्योंकि हमारे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। सचिव ही बेहतर जवाब दे सकते हैं।

### अनुबंध पर हो रहा है काम

झारखंड विद्युत नियामक आयोग, जो 2003 से प्रभावी है और तभी से करीब 20 से 25 कर्मचारी यहां पर विभिन्न स्थानों पर अपनी सेवा दे रहे हैं। बताया यह जा रहा है कि अब तक यह सभी लोग अनुबंध पर ही काम कर रहे हैं। इन लोगों को स्थाई नहीं किया गया है। लंबे समय से स्थाई के लिए ये लोग मांग भी कर रहे हैं। लेकिन इनकी अब तक इनकी नहीं सुनी जा रही है। इस बीच कई लोगों की कई बड़ी समस्याओं से भी जुझना पड़ा।




### चयन समिति का गठन

चयन समिति के गठन के अनुसार पदों पर सीधी नियुक्तियों के लिए एक चयन समिति गठित होती है। चयन करने केबीआयोग के अध्यक्ष चयन समिति के अध्यक्ष होंगे। आयोग के सदस्य चयन समिति के सदस्य होंगे। राज्य सरकार के सचिव चयन समिति के सदस्य होंगे और इन तीनों में से कोई एक अनुसूचित जाति जनजाति के सदस्य होंगे।

### आयोग में कौन-कौन होंगे

अध्यक्ष एक, सचिव एक, विधि अधिकारी एक, लेखा अधिकारी एक, सहायक लेखापाल, सहायक सह बेंच पेशकार, सह 6 पद, कंप्यूटर ऑपरेटर सह लिपिक दो पद, स्टेनोग्राफर सह कंप्यूटर ऑपरेटर 3 पद, स्वागत एक पद, चालक 5, सुरक्षा गार्ड के 11 पद, निदेशक एक पद और 4 सहायक निदेशक होते हैं।

### क्या कहा सचिव ने

सचिव राजेंद्र प्रसाद नायक ने कहा है कि झारखंड नियामक आयोग सबके सामने है। जो भी इस पर आरोप या शिकायत कर रहे हैं वह बेबुनियाद है। जहां तक पीएल अकाउंट की बात है तो यह पहले से प्रभावी नहीं है। जैसे चल रहा है आज भी उसी तरह से चल रहा है। जहां तक स्थाईकरण को लेकर बात है तो जो अनुबंध पर काम कर रहे हैं वह आज भी काम कर रहे हैं और मेरे आने से पहले से यह लोग काम कर रहे हैं।ऑफिस, ऑफिस का कोई चक्कर नहीं है। सैनिक मार्केट में ऑफिस था। फिर तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने तत्कालीन नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद के समय में एक्साइज ऑफिस गया था। फिर वहां से जब उन्होंने इस्तीफा दे दिया,तो सरकार ने ही वहां से इस विभाग को हटा दिया। तब जाकर हरमू में नियामक आयोग का ऑफिस आ गया है। यहां पर बहुत अच्छे तरीके से चल रहा है। किसी को अगर लगता है कि इसकी जांच होनी चाहिए तो वह जांच करवा सकते हैं। इसमें कोई आपत्ति नहीं है। सबका अपना अधिकार है।

### चेयरमैन ने कहा : किसी और अधिकारी से करें बात

झारखंड विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन अमिताभ गुप्ता को कई बार उनके मोबाइल पर संपर्क किया गया। लेकिन वह किसी कारणवश फोन नहीं उठाए और ना ही कॉल बैक किए। इसके अलावा उनसे मिलने उनके कार्यालय गए।सचिव राजेंद्र प्रसाद नायक मिले। विधि सदस्य और तकनीकी सदस्य सभी से भेंट हुई। लेकिन चेयरमैन अमिताभ गुप्ता के बारे में बताया गया कि किसी व्यस्तता की वजह से वह इस समय ऑफिस में मौजूद नहीं हैं। लेकिन सोमवार 12 जून 23 को फिर नियामक आयोग कार्यालय पहुंचे तब चेयरमैन अमिताभ गुप्ता से मिलना चाहा, लेकिन वे नहीं मिले। फोन से बात हुई तो उन्होंने कहा आज कोर्ट है। आप मेरे विभाग के किसी भी अधिकारी से मिलकर जो जानकारी चाहते हैं, ले सकते हैं।

---

मुख्यमंत्री के साथ टाटा मोटर्स, टाटा स्टील एवं टाटा कमिंस के वरीय अधिकारियों ने की बैठक

# ग्रीन टेक्नोलॉजी समय की जरूरत : हेमंत

### जमशेदपुर में न्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के विस्तार (हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी इंजन आधारित वाहन निर्माण) पर निवेश की संभावनाओं पर हुई चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के साथ झारखंड मंत्रालय में टाटा मोटर्स, टाटा स्टील एवं टाटा कमिंस के वरीय अधिकारियों ने बैठक की। बैठक में जमशेदपुर।में न्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के विस्तार (हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी इंजन आधारित वाहन निर्माण) पर निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। टाटा मोटर्स के अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी रखी गई। टाटा मोटर्स के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि झारखंड के जमशेदपुर में न्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के विस्तार (हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी इंजन आधारित वाहन निर्माण) पर निवेश की असीम संभावनाएं हैं। टाटा मोटर्स एवं टाटा कमिंस इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ हाइड्रोजन इंजन से चलने वाले वाहन बनाने की तैयारी कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि आने वाले 25 से 30 वर्ष तक ऑटोमोबाइल सेक्टर में शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करना टाटा मोटर्स का लक्ष्य है। टाटा मोटर्स जमशेदपुर में हाइड्रोजन सेगमेंट स्थापित करना चाहती है।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से हरित हाइड्रोजन मिशन को प्राप्त किया जा सकेगा। टाटा मोटर्स इन दिनों वाहनों के नए तकनीक पर काम कर रही है। टाटा मोटर्स इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ अब हाइड्रोजन इंजन से चलने वाली गाड़ियों की मैन्युफैक्चरिंग की ओर ध्यान दे रही है। टाटा मोटर्स झारखंड के जमशेदपुर में हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी के विस्तार हेतु निवेश के लिए इच्छुक है। टाटा मोटर्स इस निमित्त राज्य सरकार से सहयोग की अपेक्षा रखती है।




बैठक में इनकी रही उपस्थिति: बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, ईडी टाटा मोटर्स गिरीश वाघ, वाइस प्रेसिडेंट टाटा स्टील चाणक्य चौधरी, एमडी टाटा कमिंस अश्वथ राम, वाइस प्रेसिडेंट टाटा मोटर्स विशाल बादशाह, वाइस प्रेसिडेंट टाटा मोटर्स सुशांत नायक सहित संजय मोहन श्रीवास्तव, कनिष्क कुमार, राम फल नेहरा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने टाटा मोटर्स, टाटा स्टील एवं टाटा कमिंस के अधिकारियों से हाइड्रोजन इंजन आधारित वाहन मैन्युफैक्चरिंग प्लानिंग की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग पूरे विश्व के लिए चुनौती है। भविष्य में ग्रीन टेक्नोलॉजी की ओर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। झारखंड में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। टाटा मोटर्स नई तकनीक का उपयोग कर स्वच्छ वातावरण में न्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट स्थापित करने निमित्त बेहतर मास्टर प्लान बनाकर कार्य करे। राज्य सरकार वाहन निर्माता कंपनी के सहयोग के लिए उनके साथ हमेशा खड़ी रहेगी।

## मणिपुर में उग्रवादियों ने चर्च में की फायरिंग, 9 की मौत, 15 घायल

एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर के एक चर्च में उग्रवादियों ने फायरिंग की. बदमाशों की फायरिंग में महिलाओं समेत 9 लोगों की मौत की सूचना है. बताया जा रहा है कि हमले में 15 लोग घायल हो गए. यह गोलीबारी पूर्वी इंफाल के खमेनलोक स्थित एक चर्च में मंगलवार रात को हुई. हमले के दौरान चर्च में 25 से ज्यादा लोग थे. घायलों को फिलहाल इंफाल के राज मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस घटना में कुकी उग्रवादियों के शामिल होने का संदेह जताया जा रहा है. मणिपुर के आईपीआरओ हिसनाम बालाकृष्णन ने इस हमले की पुष्टि की है. शिवकांत सिंह, एसपी इंफाल पूर्व ने बताया कि इंफाल के खमेनलोक इलाके में ताजा हिंसा में नौ लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए. पोस्टमॉर्टम प्रक्रिया चल रही है. इससे पहले सोमवार को संदिग्ध कुकी उग्रवादियों और ग्राम स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी हुई थी. यह गोलीबारी पूर्वी इंफाल जिले के सगोलमंग थाना क्षेत्र के नांगसुम गांव में हुई थी. जिसमें गोली लगने से नौ लोग घायल हुए थे. इनमें से एक की मौत इलाज के दौरान हो गई थी. स्थानीय सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने नोंगसुम गांव की ओर सोमवार सुबह करीब 10 बजे गोलीबारी की थी. बता दें कि पांच दिन पहले भी एक कुकी गांव में हमले में एक बुजुर्ग महिला समेत तीन की मौत हो गई थी. बिते शुक्रवार को तड़के मणिपुर के कांगपोकपी जिले के कुकी गांव में यह हमला हुआ था. हमले में अज्ञात उग्रवादियों ने तीन लोगों की हत्या कर दी थी. मरने वालों में 67 वर्षीय महिला भी शामिल हो गई थी. बता दें कि केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई ने मणिपुर सरकार द्वारा अधिसूचित जातीय हिंसा के छह मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल एसआईटी का गठन किया है.



## अब 18 जून को खुलेंगे स्कूल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भीषण गर्मी को देखते हुए एक बार फिर से छोटे बच्चों की स्कूली छुट्टी बढ़ा दी गई है. केजी से 8वीं तक के क्लास को 17 जून तक बंद रखने का निर्देश जारी किया गया है.

वहीं 9वीं से 12वीं तक के क्लास 15 जून को ही खुल जाएंगे और इन क्लास की टाइमिंग पूर्व निर्धारित ही रहेगी. इस संबंध में शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने आदेश जारी कर दिया है. शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश राज्य के सभी सरकारी, गैर सरकारी और निजी स्कूलों के लिए लागू होगा. इसके साथ ही इस दौरान बच्चों की पढ़ाई का जो भी नुकसान होगा, इस संबंध में आगे निर्देश जारी किया जाएगा.बता दें कि झारखंड में भीषण गर्मी पड़ रही है. कई जिलों का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है.

इसके साथ ही राज्य के कई जिले हीट वेव की चपेट में हैं. लू लगने की वजह से कई लोग बीमार भी हो रहे हैं. ऐसे में लगातार अभिभावक स्कूल की छुट्टी बढ़ाने की मांग कर रहे थे. ताकि छोटे बच्चों को लू से बचाया जा सके, जिसके बाद शिक्षा विभाग ने नया आदेश जारी किया है.

इससे पहले भी 12 जून से बढ़ा कर स्कूल खुलने की तारीख 14 जून की गई थी. मौसम विभाग का कहना है कि राज्य में मानसून 18 जून को प्रवेश कर रहा है, इससे पहले लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा.

# प्रधानमंत्री 26 जून को रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 जून को पटना से रांची और रांची से पटना चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद इस ट्रेन का नियमित परिचालन शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी इसी दिन चार अन्य वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री दिल्ली से ऑनलाइन इन ट्रेनों को रवाना करेंगे, जिन चार अन्य वंदे भारत ट्रेन को उस दिन रवाना किया जायेगा। इसमें भोपाल-इंदौर, भोपाल-जबलपुर, गोवा-मुंबई और बेंगलुरु-हुबली शामिल हैं। रांची और पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के लिए किराए की भी घोषणा कर दी गयी है। पटना से रांची वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर करने के लिए यात्रियों को एग्जीक्यूटिव क्लास के लिए 1760 रुपये और चेयरकार के लिए 890 रुपये देने होंगे। इसमें कैटरिंग की राशि नहीं जोड़ी गई है। यात्री अपनी इच्छा के अनुसार, खाने का आर्डर दे सकते हैं। इसके लिए यात्रियों को अतिरिक्त राशि का भुगतान करना होगा। ट्रेन के एक बोगी में 78 सीटें हैं। एक तरफ दो और दूसरी तरफ तीन साटें हैं। हर सीट के नीचे फूट स्टैंड की सुविधा दी गयी है। इंटरनेट की सेवाओं का उपयोग करने के लिए ऑनबोर्ड वाई-फाई, जीपीएस, जैव-वैक्यूम समेत अन्य सुविधाएं हैं। सभी 16 डिब्बों में यात्रियों की पूरी सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ट्रेन के ऑटोमेटिक दरवाजे तभी खुलेंगे जब ट्रेन पूरी तरह से रुक जाएगी। इससे यात्रियों का सफर आरामदायक और आनंददायक होगा। उल्लेखनीय है कि 12 जून को इस ट्रेन का सफल ट्रायल किया गया था। ट्रायल रन में रांची और पटना के बीच की दूरी पौने छह घंटे में तय की गयी थी। ट्रेन समय से 23 मिनट पहले पहुंची थी।



---

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 37° |
| न्युनतम | 23° |

## क्विक न्यूज

### विदेश मंत्री ने प्रधानमंत्री के वाशिंगटन यात्रा पर की चर्चा



**नई दिल्ली :** विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगामी वाशिंगटन यात्रा को लेकर चर्चा की। मुलाकात की जानकारी देते हुए विदेश मंत्री ने ट्वीट कर कहा कि अमेरिकी एनएसए से साउथ ब्लॉक में आज सुबह मिलकर अच्छा लगा। हमारी बातचीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगामी अमेरिकी यात्रा से जुड़ी तैयारियों पर केंद्रित थी। साथ ही दोनों देशों की साझेदारी के नजरिए से वैश्विक रणनीतिक घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। सुलिवन दो दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली आए हैं। इस दौरान कल उन्होंने एनएसए अजीत डोभाल से मुलाकात की थी। दोनों ने साथ में भारत-अमेरिकी साझेदारी का खाका प्रस्तुत किया था। इसके तहत दोनों देश सेमीकंडक्टर, हाइटेक उपकरणों, टेलीकॉम उपकरणों, एआई और रक्षा क्षेत्रों में सहयोग करेंगे।

### लंदन में हैदराबाद की युवती की चाकू घोंपकर हत्या

**लंदन :** लंदन के वेम्बली से एक चौंका देने वाला मामला सामने आ रहा है, जहां पर हैदराबाद की 27 वर्षीय लड़की की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, लंदन में मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे 27 वर्षीय महिला पर ब्राजील के एक नागरिक ने कथित तौर पर हमला कर दिया। मृतक की पहचान कोंथम तेजस्विनी के रूप में हुई है। दरअसल, उच्च शिक्षा के लिए लंदन आई तेजस्विनी की मौके पर ही मौत हो गई। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के मुताबिक, 28 वर्षीय एक अन्य महिला पर भी हमला हुआ था। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, वह खतरे से बाहर है।

### बीपरजॉय का तांडव,12 हजार से ज्यादा बिजली के खंभे गिरे

**नई दिल्ली :** अरब सागर से उठा चक्रवाती तूफान बिपरजॉय भारत के पश्चिमी तट की ओर बढ़ रहा है। गुजरात में बिपरजॉय का असर देखा जा रहा है। चक्रवात से समुद्र में ऊंची लहरे उठ रही हैं। राज्य के कई इलाकों में इसका असर देखने को मिला है।चक्रवात पोरबंदर से दूर चला गया है लेकिन देवभूमि द्वारका और कच्छ के तटीय क्षेत्रों की ओर बढ़ रहा है । कहीं तेज हवाएं चल रही हैं तो कहीं तेज बारिश हो रही है। कई गांवो की बिजली गुल हो गई तो कहीं लोगों को पलायन करना पड़ा है। तूफान ने बिजली के खंभों को उखाड़ फेंका है।

### आईएएस मनीष कुमार जमशेदपुर के डीडीसी बनाए गए

**रांची :** आईएएस अधिकारी और ऊर्जा विभाग के संयुक्त सचिव व जेबीवीएनएल के कॉमर्शियल डायरेक्टर मनीष कुमार का तबादला कर दिया गया है। मनीष कुमार को पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर का नया डीडीसी नियुक्त किया गया है। इसे लेकर कार्मिक विभाग ने बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी है। मनीष कुमार ले जेवीवीएनएल के कॉमर्शियल डायरेक्टर के पद पर रहते हुए कई अहम कार्य किए, जिसमें झारखंड गठन के बाद 1000 करोड़ से अधिक राजस्व वसूली, स्मार्ट मीटर लगाने और उसमें पारदर्शिता बरतने में इनका अहम योगदान रहा। इसके अतिरिक्त फील्ड के कार्यों का खुद निरीक्षण भी इन्होंने कई बार किया।

# प्रेमी ने प्रेमिका को पाने के लिये प्रेमिका के भतीजे का किया अपहरण

## पुलिस ने 10 घन्टे के भीतर अपहृत को किया बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी पुलिस ने यूपी पुलिस के सहयोग से अपहृत बच्चे को 10 घन्टे के भीतर बरामद कर लिया है। साथ ही दो अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक अन्य अपहरणकर्ता भागने में सफल रहा। धुरकी थाने में बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया की अपनी प्रेमिका को पाने के लिये प्रेमी ने प्रेमिका के भतीजे को अगवा कर लिया था। उन्होंने बताया कि धुरकी पुलिस को मंगलवार को समय करीब 9 बजे सूचना मिली की एक सफेद रंग का स्विफ्ट कार जिसका रजि0न0 यूपी 78 एफ-एच 8611 है और पीछे एडवोकेट लिखा हुआ गाड़ी से अज्ञात लोग द्वारा धुरकी थाना क्षेत्र के रक्सी गांव से एक बच्चा शेखर कुमार बेदिया उम्र 14 वर्ष पिता रमेश बेदिया को अपहरण कर विंढमगंज उत्तर प्रदेश के रास्ते से भाग रहे हैं। इसकी सूचना एसपी अंजनी कुमार झा को दी गई। एसपी के निर्देश के बाद एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी के नेतृत्व में अपहृत बच्चे की बरामदगी व घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिये त्वरित कार्रवाई करते हुये करीब दस घंटे के भीतर पुलिस ने अपहृत बच्चा को यूपी के अदलहाट थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया गया। साथ ही अपहरण कर ले जा रहे दो अपहरणकर्ताओं को भी पकड़ा गया। जिस कार से अपहरण कर ले जा रहे थे, उस कार को भी पुलिस ने जब्त किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के क्रम में ज्ञात हुआ की पकड़े गये व्यक्ति में से एक व्यक्ति जिसका नाम बबलू हरिजन उर्फ चौधरी (पिता दुर्गा प्रसाद) ग्राम- बराआठ, थाना- बररा, जिला कानपुर (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला है। वह धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्सी के एक लड़की को वर्ष 2006 से अपनी प्रेमिका बनाकर कानपुर में रखे हुआ था। जब लड़की शादी करने के लिये बोलने लगी तो लड़की के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। जिसके बाद लड़की अपने गांव रक्सी आ गई। उन्होंने बताया कि लड़की अब कानपुर जाने से इन्कार कर रही थी। इसके बाद लड़की को लेने के लिये लड़की का प्रेमी बबलू अपने अन्य दो सहयोगी के साथ कार से मंगलवार को रक्सी गांव आया था। लेकिन लड़की घर पर नहीं मिली तो लड़की के चचेरे भतीजा शेखर कुमार बेदिया को बहला फुसलाकर गाड़ी में बैठा कर भाग गया। साथ ही लड़की को धमकी दिया कि भतीजा सही सलामत हालत में चाहिये तो कानपुर आ जाओ नहीं तो जान से मारकर फेक देंगे। इसके बाद धुरकी पुलिस ने उत्तर प्रदेश पुलिस के सहयोग से अपहरण कर्ताओं को बच्चा के साथ कानपुर ले जाने के क्रम में अदलहाट हाईवे से पकड़ लिया गया। मुख्य आरोपी के अलावे उसका एक सहयोगी दिनेश सिंह (पिता राजेंद्र सिंह), ग्राम बराआठ, थाना बररा जिला कानपुर को भी पुलिस ने पकड़ा है। वहीं एक अन्य सहयोगी भागने में सफल रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। छापेमारी में धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार और अदलहाट थाना मिर्जापुर उत्तर प्रदेश की पुलिस एवं धुरकी थाना के पुलिस के जवान शामिल थे।



## मुखिया संघ ने बांकी नदी से बालू उठाव की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के मुखिया संघ ने बांकी नदी से बालू उठाव की स्वीकृति के लिए मुख्य मंत्री को आवेदन दिया, ज्ञात हो की पलामू जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा खजुरिया नदी से बालू उठाव की स्वीकृति दिया है परंतु खजुरिया नदी नही एक नाला है जिसमे कहीं भी बालू उपलब्ध नहीं है, खजुरिया नदी से बालू उठाव की स्वीकृति सरासर गलत है, जिससे बालू के अभाव में सरकारी कार्य बाधित हो रहा है, बालू की समस्या व सरकारी कार्यो को सुचारु रूप से चलने के लिए उंटारी रोड मुखिया संघ ने मुख्यमंत्री को आवेदन दिया और मांग किया की खजुरिया नदी से बालू उठाव की स्वीकृति रद्द कर बांकी नदी से बालू उठाव की स्वीकृति प्रदान करे, जिससे सरकारी कार्यो में आसानी से बालू उपलब्ध हो सके, मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष अशोक सिंह, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, लुम्बा सतबहिनी पंचायत के मुखिया सकुंतला देवी, करकटा मुखिया कमला देवी, मुर्मा खुर्द मुखिया रामबचन राम उपस्थिति थे।

# सांसद ने जय दुर्गे हीरो बाइक शोरुम का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** शहर के पुरानी बस स्टैंड के समीप एनएच 98 किनारे बुधवार को पलामू सांसद बीडी राम ने जय दुर्गे हीरो बाइक शोरूम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान सांसद ने एक ग्राहक को बाइक की चाबी सौंपा। सांसद श्री राम ने कहा कि शोरूम खुलने से एक ओर जहां आस पास के लोगों के लिए हीरो कंपनी की बाइक आसानी से मिलेगी। वहीं दूसरी ओर बाइक की सर्विसिंग का लाभ भी मिलेगा। जबकि प्रोपराइटर राकेश कुमार चौबे ने कहा कि शोरूम खुलने से क्षेत्र के लोगों को अब हीरो कम्पनी के बाइक के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के संस्थान खुलने से कई बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध होता है। शहर के विकास के लिए व्यवसायियों को उत्साहित व संरक्षण देने की जरूरत है ताकि वे अपने कारोबार को बढ़ा सके। मौके पर भाजपा नेता प्रफुल्ल कुमार सिंह सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, सतेंद्र मेहता, नवीन कुमार दूबे, अनुज चौबे, मुन्ना विश्वकर्मा, विजय प्रजापति, कृष्णा साव, अमीन खान, रामनाथ सिंह, कपेश्वर सिंह, शशिनाथ चौबे, अमित चौबे, सुशील चौबे, संतोष चौबे, सिकंदर पासवान, सतेंद्र पासवान, विजय मिश्रा, टंटू मिश्रा, मनोज मेहता आदि मौजूद थे।



# व्यवसायी के घर पर अपराधियों ने देर रात किया तीन राउंड फायरिंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के वेंडर सह व्यवसायी मिठू जायसवाल के धुरकी मोड़ स्थित घर पर मंगलवार की देर रात अज्ञात अपराधियों द्वारा गोलीबारी की घटना को अंजाम देने की खबर है। बताया जाता है कि धुरकी मोड स्थित आवास के बाहर दो अज्ञात अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। अपराधी 3 राउंड फायरिंग कर फरार हो गए। जिसमे एक गोली घर के बाहर खड़ी कार में लगी है। कार के पीछे का शीशा को छेदते हुए गोली निकल गयी। वही दूसरी गोली घर के दिवाल पर लगी है तथा तीसरा राउंड हवाई फायर किया गया है। घटना से स्थानीय लोगो में सनसनी फैल गयी है। इस संबंध में मिठू जैसवाल ने बताया कि घटना रात 12 बजे करीब की है। वही सूचना पर रात में ही पुलिस पहुंची। फायरिंग में उपयोग की गई कारतूस के खोखा को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस के पहुंचने के पहले ही अपराधी फरार हो गए थे।बताया जाता है कि दो दिन पूर्व ही मिठू जायसवाल के वाट्सअप पर मैसेज कर फिरौती मांगी गई थी। फिरौती नही देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी जेल में बंद गैंगस्टर सुजीत सिन्हा गैंग द्वारा दी गई थी। गोलीबारी की घटना मिठू के घर मे लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुए है। हालांकि कैमरे में अपराधियों का चेहरा नही आया है। बुधवार को एसडीपीओ प्रमोद केशरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, एसआई बिक्रम सिंह दल-बल के साथ मिठू जायसवाल के घर पहुंच कर मामले की जानकारी लिया। इस दौरान एसडीपीओ ने मिठू से जानकारी लेते हुए सीसीटीवी भी खंगाला। वही अपराधियों को पकड़ने के लिए आस-पास में लगे सीसीटीवी को खंगाल रही है। भुक्तभोगी मिठू जायसवाल ने कहा कि इस घटना से पूरे परिवार में भय का माहौल है। पुलिस से मिठू जैसवाल ने सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है।



## जरुरतमंदों को धूप और लहर कि कहर से बचा रहा है शौकत खान



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत ख़ान भीषण गर्मी और तेज धूप कि लहर की कहर से आम इंसान हो या खास सभी के जीवन को भूख और प्यास से निःशुल्क सत्तू बैंक खोलकर प्रतिदिन बचा रहे है। बताते चलें कि समाज सेवी शौकत ख़ान हर वर्ष गर्मियों के मौसम में आमजनों के लिए निःशुल्क सत्तू बैंक खोलकर जरुरतमंद लोगों को अनोखे अंदाज में सेवा करते हैं। तभी शौकत ख़ान कि सराहना सभी लोग करते हैं चाहे वो किसी राजनीति पार्टी से,किसी भी धर्म विशेष से हो या कोई जिले एवं राज्य में कहीं भी पदस्थापित पदाधिकारी हो। सभी शौकत ख़ान के निस्वार्थ सेवा कार्यो की सराहना करते है। सभी इनका मनोबल बढ़ाते हैं। सभी हर संभव इनके अनेक निःशुल्क बैंक को सामाग्री से सपोर्ट करते हैं। पुछे जाने पर शौकत ख़ान सभी नागरिकों को आभार व्यक्त करते हुए कहते है हमारा अनेक निःशुल्क बैंक आम नागरिकों के सहयोग से और आम जरुरतमंद नागरिकों के लिए संचालित होता है। वो भी शहीद आशिष कुमार तिवारी जी के सम्मान में और सच कहें तो हमारे निस्वार्थ सेवा कार्यो कि मजदुरी कोई देता है तो वो है हमारे सभी मिडिया मित्र के लोग जिनकी खबर का असर है कि लोग ज़रुरत कि चिजे देने और लेने भी हमारे अनेक निःशुल्क बैंक गढ़वा में आते हैं। तभी तो दो लाख से अधिक जरुरतमंदों को हम सत्तू बैंक से पेट भरने में हम सफल रहे है।

## रक्तदान जीवनदान के समान रक्तदान पुण्य का कार्य : धीरज मिश्रा

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व रक्तदाता दिवस पर धीरज मिश्रा ने रक्तदाताओं के प्रति जताया आभार अन्य लोगों से रक्तदान को लेकर किया अपील विश्व रक्तदाता दिवस पर पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने अपने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया है।सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संस्थापक सह संचालक धीरज मिश्रा द्वारा पिछले दस वर्षो से रक्तदान को लेकर रक्तदान महादान जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाकर लोगो को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के साथ ही अपने सहयोगियों के माध्यम से पलामू गढ़वा लातेहार रांची बोकारो चतरा रामगढ़ धनबाद समेत झारखंड के अन्य जिलों में रक्तदान कराकर रक्त उपलब्ध कराने का कार्य करते हुए सैकड़ों लोगो की जान बचाने का कार्य किया गया है। धीरज ने बताया कि प्रतिवर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है और रक्तदाता वह व्यक्ति है जो अपना खून किसी जरूरतमंद के लिए दान करता है। रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदाता का आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। रक्तदाता दिवस मनाने की शुरुआत विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2004 में की थी। तब से हर साल 14 जून को रक्तदाता दिवस मनाया जाने लगा। इस मौके पर दुनिया भर के लोगों को जरूरतमंदों को खून उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया जाता है ताकि खून की कमी से किसी मरीज की जान न जाए।

# डीटीओ ने जांच के दौरान 7 वाहनों को किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने हरिहरगंज थाना पुलिस के सहयोग से मंगलवार की देर रात एनएच 98 इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने वाहनों की फिटनेस, रोड टैक्स व ओवरलोडिंग की जांच की। जांच में वाहनों के पर्याप्त कागजात नहीं दिखाये जाने पर 6 ट्रक व 1 पिकअप टैंकर को जब्त कर स्थानीय थाना को सुपुर्द कर दिया है। जब्त वाहनों में सीजी 06 जीपी 9955, सीजी 10 एक्यू 0445, बीआर 32 जीबी 1404, सीजी 22 एक्स 6764, सीजी 064 आर 8655, सीजी 6क्यू 9355, बीआर 26 जीबी 5547 शामिल है । जांच अभियान में एसआई शिवशंकर उरांव सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# छत्तरपुर अनुमंडलीय चिकित्सा पदाधिकारी को सौंपा सात सूत्री ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** रक्तदान दिवस के अवसर पर बेहतर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अरविंद गुप्ता ने 7 सूत्री मांगों के साथ ज्ञापन सौंपा। अनुमंडल स्थापना के लगभग तीन दशक पूरे होने को है लेकिन अनुमण्डलीय अस्पताल को मिलने वाली सारि सुविधाएं अभी भी नहीं हो पाई है। हल्की बीमारी में ही मरीजों को मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया जाता है।आलम यह है कि यहां यूनिट के हिसाब से डॉक्टरों और अन्य पारा स्वास्थ कर्मियों की पदस्थापन नहीं हो पाई है और न यहां अल्ट्रा साउंड, एक्सरे, सिटी स्कैन, एमआरआई जांच की सुविधा ही मिल पाई है। ब्लड बैंक के अभाव में लोगों की खून की कमी से मौत हो जाती है। स्वास्थ सम्बन्धी समस्याओं को लेकर समाजसेवी अरविन्द गुप्ता चुनमुन ने आवाज़ उठाते हुवे छतरपुर अनुमण्डलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी राजेश अग्रवाल को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा है।ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि अनुमण्डलीय अस्पताल छतरपुर में ब्लड बैंक या ब्लड स्टोरेज की स्थापना करवाई जाए। अस्पताल में सिटी स्कैन, अल्ट्रा साउंड, एक्सरे और एमआरआई की निःशुल्क व्यवस्था करवाई जाए, अस्पताल की सुरक्षा हेतु चहारदीवारी करवाई जाए। अधूरे पड़े अनुमण्डलीय अस्पताल भवन को पूर्ण करवाया जाए। मन्देया नदी किनारे अधूरे पड़े पोस्टमार्टम हाउस का निर्माण पूरा करा कर पोस्टमार्टम की सुविधा छतरपुर में करवाई जाए। मरीजों को पीने हेतू स्वच्छ पेयजल सुविधा अस्पताल परिसर में उपलब्ध कराई जाए, यूनिट के हिसाब से अस्पताल में डॉक्टरों की पदस्थापन कराई जाए। अरविन्द गुप्ता ने कहा है कि अस्पताल में सुविधाएं नहीं बढाई गयी तो वे जनता के मांगों के समर्थन में आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे। इस मौके पर अस्पताल की तरफ से मुख्य रूप से चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश अग्रवाल, अमित कुमार सिंह, उमाकांत सहाय, और ज्ञापन सौंपने वालों में छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता चुनमुन, अरुण कुमार, आयुष कुमार, अभिषेक कुमार चन्द्रा, सजंय कुमार शामिल थे।



## वीरता पुरस्कार से सम्मानित की गई काजल पड़ी बीमारी

**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिछले महीने के 7 तारीख को घर के सामने बने कुएं में छलांग लगाकर 13 वर्षीया काजल ने 3 साल के बच्चे को बचाने में कामयाब रही काजल को बीते दिन मंगलवार को जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान महामहिम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और चतरा डीसी अबू इमरान के द्वारा संयुक्त रुप से वीरता पुरस्कार का प्रमाण पत्र दिया गया। काजल घर आई और बीमार पड़ गई वजह बताया गया तेज धूप का, वीरता पुरुस्कार से सम्मानित की गई काजल की मां ने बताया कि सरकारी स्तर से अभी तक मेरी बेटी को किसी तरह की खास मदद नहीं प्राप्त हुई है।

### आरसीआईटी में हुआ भाजपा का विधान सभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन

# कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर आरसीआईटी के सभागार में बुधवार को भाजपा का विधान सभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां भाजपा के सभी मंच मोर्चा के पदाधिकारी शामिल हुए। आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पहले भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नौ वर्षों में लिए गए ऐतिहासिक फैसलों व गरीब कल्याण की योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि मोदी सरकार के नौ वर्ष का कार्यकाल सेवा, सुशासन, समर्पण, विकास व गरीब कल्याण का रहा। मोदी सरकार की हर योजना देश के विकास व गरीबों के कल्याण को समर्पित रहा। जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक ने बताया कि मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरा होने पर भाजपा द्वारा महाजनसंपर्क अभियान सहित कई कार्यक्रम पूरे देश में चलाए जा रहे है। इसके तहत मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। ताकि आगामी 2024 चुनाव में भी भाजपा को प्रचंड बहुमत हासिल हो। सम्मेलन में विस प्रभारी प्रभात रंजन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, राम लाला दुबे, बबन राम, किरण शर्मा, विजय शर्मा, अमरेस तिवारी, प्रेम सागर सिंह, सुशील ठाकुर, महादेव यादव, पवन गुप्ता, उमाशंकर यादव, श्रीकांत पांडेय, सुदामा चौधरी, मनीष कुमार, संजय ठाकुर, पंकज कुमार लाल सहित कई लोग मौजूद थे।




# चैनपुर के तैबा नगर में 23 वीं मुशायरा शायर का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड तैबा नगर स्थित हाफिज शाहिद जमाल के आवास पर अदबी संसार की 23 वीं तरही नातिया मुशायरा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कारी जसीमुदीन शमीमी व संचालन शमीम रजवी ने किया।अतिथियों का स्वागत अदबी संसार के संस्थापक एम.जे..अजहर ने किया।मुशायरा का प्रारंभ तिलावत ए कुरआन से हुआ।मौके पर कारी जसीमुदीन शमीमी फरिश्ते आते हैं जिस जा सलामी देने सुबह व शाम दिखा दे या खुदा मुझको भी वो रोजा मोहम्मद का। शमीम रजवी- रब ने कहा के रब ने बुलाया है आपको रूहुलअमी ये फख ए रिसालत से बोलिए। डॉ. मकबूल मंजर कुछ नही दिल में तमन्ना हां मगर इसके सिवा कर लूं तैबा का नजारा सब्ज गुबंद के मकी। अमीन रहबर पैगाम मुस्तफा का यही है ए मो. मिनो, जब बात बोलिए तो सदाकत से बोलिए। एम.जे. अजहर-खुद अपनी मगफिरत की क्यों नहीं उम्मीद मैं रकखू जब उम्मत के लिए सादिर हुआ वादा मोहम्मद का। डॉ इंतेखाब असररु पा गया दिल की मुरादे देखते ही देखते आपको जिसने पुकारा सब्ज़ गुबंद के मक्री। नौशाद अहमद खां- गदृशो में है सितारा सब्ज गुबंद के मकी कीजिए कुछ तो हमारा सब्ज गुबंद के मकी।


**Government of Jharkhand**
**District Health Society, Bokaro**
**Department of Health Medical Education and Family welfare**
**Civil Surgeon office Camp II , Bokaro , Email:-csbokaro4@gmail.com**

**Tender No:-02/2023** **Date:-13.06.2023**

**REQUEST FOR PROPOSAL**

District Health Society, Bokaro is inviting the tender Number 02/2023 of Jan Aushadhi Kendra for opening the Jan Aushadhi Kendra in the Different Community Level Hospital in the Bokaro District as per the given term and condition

| Sl.No | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Establishment of Jan Aushadhi Kendra in the Community Health Center of Bokaro District |
| 2 | Period of Work | 05 Years for the qualifying Agency |
| 3 | Invitation of RFP | 14.06.2023 |
| 4 | Last date for receiving queries | 23.06.2023 |
| 5 | Pre-Bid meeting | 28.06.2023 |
| 6 | Authority response to queries latest by | 03.07.2023 |
| 7 | Last late of Bid Submission (Bid due date) | 13.07.2023 at1300 hrs IST |
| 8 | Opening of Technical Bids | 18.07.2023 at 1500 hrs IST |
| 9 | Letter of Award (LOA) [Within 30 days of Bid due Date] | Within 30 days of bid finalization |
| 10 | Bid and other fee | As per the direction given in the Bid Document |
| 11 | Bid submission | Civil Surgeon office Camp II Bokaro |
| 12 | Opening place | DDC office |
| 13 | Name and Address of tender inviting agency | Civil Surgeon Cum C.M.O Bokaro |
| 14 | Validity of Bids | 120 days from Bid due date |
| 15 | Signing of Tripartite Agreement [Within 30 days of award of LOA] | Within 30 days of LOA |

**Further Details Can be Seen on Website http://bokaro.nic.in**

**Civil Surgeon cum C.M.O Bokaro**

**PR.NO.300028 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D**

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

राजधानी

रांची, गुरुवार, 15 जून 2023 | पेज 3


## संक्षिप्त खबरें

### 30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर मिलेगा 10 प्रतिशत की छूट

**रांची ।** रांची नगर निगम के नगर आयुक्त शशि रंजन के द्वारा निर्देश जारी करते हुए बताया गया है कि नगर निगम क्षेत्र के रहने वाले जितने भी लोग होल्डिंग टैक्स जमा करते हैं, उनके लिए एक खुशखबरी है । अब वे 2023-24 का होल्डिंग टैक्स जिन्होंने अब तक जमा नहीं किया है, उसके लिए अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है । 30 जून तक जो भी होल्डिंग टैक्स जमा करेंगे, उसके लिए 10त्न की छूट दी गई है । इसके लिए 2 कैटेगरी बनाई गई है। यदि 30 जून तक ऑनलाइन होल्डिंग टैक्स जमा करते हैं तो 10त्न की छूट मिलेगी और यदि ऑफलाइन टैक्स करते हैं तो 5त्न की छूट दी जाएगी।

### दुर्गा दास दत्ता मेमोरियल फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**रांची।** विश्व रक्तदान दिवस 14 जून को दुर्गा दास दत्ता मेमोरियल फाउंडेशन ने जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन शहीद निर्मल महतो भवन उलियान कदमा जमशेदपुर में सुबह 9ः00 से 3ः00 तक किया गया है। रक्तदान शिविर में 32 लोगों ने रक्तदान किया,शिविर में 12 लोगों को अलग अलग कारणों से रक्तदान से वंचित रहना पड़ा। फाउंडेशन की अध्यक्ष रीना दत्ता ने सफल रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए जमशेदपुर ब्लड बैंक और ब्लड डोनर्स का आभार जताया।रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सौरभ दत्ता, डॉ शाजिया परवीन,डॉ दिलीप,डॉ एलबी सिंह,रविन्द्र सिंह रिंकू,इंदरजीत सिंह,कुमार गौरव,शहजाद कुरैशी का सराहनीय योगदान रहा।

# परिवहन कार्यालय में लोगों को बार-बार ना आना पड़े : डीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा जिला परिवहन कार्यालय राँची, का निरीक्षण किया। समाहरणालय ब्लॉक बी स्थित जिला परिवहन कार्यालय राँची, के निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

### निरीक्षण क्रम में विभिन्न कक्षों में हो रहें कार्यों को विस्तार से देखा

उपायुक्त द्वारा निरीक्षण क्रम में जिला परिवहन कार्यालय राँची में सभी कक्षों में हो रहें कार्यों को देखा, जिसमें लर्निंग लाइसेंस के लिए फोटो, वेरिफिकेशन, ऑनलाइन चालान, एन एन ओसी इंट्री/वाहन संबंधित कार्य, वाहन स्वामित्व हस्तांतरण हेतु, स्मार्ट कार्ड प्रिंटिंग, कार्ड चार्ज, वाहन निबंधन संबंधी कार्य, वाहन निबंधन हेतु इंट्री/ईमेल, वाहन स्वामित्व हस्तांतरण हेतु इंट्री, चालक अनुज्ञप्ति स्मार्ट कार्ड चार्ज, वाहन हेतु शुल्क प्राप्त करना, सारथी वेबसाइट, इन सभी पर समीक्षा करते हुए सभी कर्मचारी के कार्य आवंटन एवं उनके द्वारा आवंटित कार्य को देखते हुए उनसे एक-एक कर जानकारी लेते हुए सभी कार्यों का ससमय निष्पादित कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया एवं यहाँ लगे सूचना बोर्ड, सभी कर्मी के काउंटर में बोर्ड, सभी कक्षों के बाहर बोर्ड लगाने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को कहा एवं परिवहन कार्यालय में लोगों को बार-बार ना आना पड़े। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा ऑनलाइन प्रक्रिया को अपनाने को कहा।

### सभी संचिकाओं एवं कार्यालय के सभी कार्यों की समीक्षा

उपायुक्त राँची, ने स्वीकृत बल एवं कार्यरत बल विवरणी, जिला परिवहन में कार्यरत स्थापना कर्मचारी, बाह्य स्रोत से कार्यरत कर्मी एवं उनके कार्य सम्पादित किये जा रहें कार्यों का विवरण, उनके वेतन/मानदेय का भुगतान समय पर होने, सभी आवश्यक संचिकाओं का निरीक्षण, वाहनों के निबंधन, स्वामित्व हस्तांतरण, अनापत्ति प्रमाण पत्र, वित्त पोषक का नाम हटाना, वाहनों का विवरणी निर्गत करना, वर्तमान पता दर्ज करना, पुनः निबंधन, चालक अनुज्ञप्ति से संबंधित कार्य, ट्रेड लाइसेंस से संबंधित पंजी, पेट्रोल पंप का लाइसेंस संबंधित पंजी, निबंधन पंजी, प्राप्ति पंजी, निर्गत पंजी, रोकड़



बही, अंतरराष्ट्रीय चालक अनुज्ञप्ति, आवंटन, वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्थापना मद में व्यय इन सभी की समीक्षा करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी से जानकारी लेते हुए इस पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया एवं निलाम पत्र वाद से संबंधित में क्या पोजिशन और क्या समस्या हैं, इसके निष्पादन सम्भव हैं इसे देखने के लिए जिला परिवहन अधिकारी को कहा और कर्मचारी की संख्या कम रहने के कारण काम ज्यादा होने एवं इसके निपटारा के लिए कर्मी की संख्या बल बढ़ाने पर चर्चा की ताकि ससमय कार्य पूरा हो। जिला परिवहन कार्यालय में फायर सेफ्टी की व्यवस्था रखने का भी निर्देश दिया गया। ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सकें।

### झारखंड सरकार की योजना के तहत ग्राम गाड़ी योजना पर चर्चा एवं इसे शुरू कराने के लिए पहल

उपायुक्त ने झारखंड सरकार की नई ग्राम गाड़ी योजना से जिसमें आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी जिससे सरकार की इस योजना का उद्देश्य गांवों से प्रखंड, जिला मुख्यालय एवं शहर तक आवागमन की सुविधा बहाल करना है।

इससे गांव के किसान, मजदूर छात्र-छात्राओं को शहर तक आने में सुविधा होगी। छात्रों के लिए स्कूल-कालेज, किसानों के लिए बाजार और मरीजों के लिए अस्पताल तक पहुंचना सुलभ होगा। योजना में शामिल होने वाले वाहन मालिकों को भी सरकारी टैक्स में बड़ी राहत दी जाती हैं। इन्हें निबंधन एवं परमिट के भारी आर्थिक बोझ से छुटकारा भी मिलेगा। इस पर चर्चा करते हुए इसपर कार्य करने का निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया। ताकि लोग इससे ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकें। उपायुक्त ने निरीक्षण क्रम में लाइसेंस के लिए ड्राइविंग टेस्ट की पूरी प्रक्रिया को देखा इस क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे। यहाँ पर उन्होंने आवेदकों से बात करके उन्हें आवेदन करने में किसी तरह की समस्या तो नही हो रही है। लाइसेंस सही समय पर मिल जाता हैं। इन सभी की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारी को तय समय से लाईसेंस देने का निर्देश दिया।

### आजसू 22 जून को मनाएगी संकल्प दिवस

**रांची :** आजसू पार्टी 22 जून को पूरे राज्य में संकल्प दिवस के रूप में मनाएगी। इस अवसर पर राज्य के सभी जिला और विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। संकल्प दिवस की तैयारियों को लेकर सभी स्तर के पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया गया है। इसे लेकर बुधवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि संकल्प दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी के नेता, कार्यकर्ता राज्य की मर्यादा एवं जनमन की सुरक्षा के संकल्प लेंगे। संकल्प सभा के माध्यम से सभी नेता एवं पदाधिकारी राज्य की वर्तमान स्थिति तथा झामुमो महागठबंधन सरकार की विफलताओं से जनता को अवगत कराएंगे। अपने-अपने क्षेत्रों में संकल्प दिवस को सफल बनाने के लिए सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी, जिला एवं प्रखंड के सभी पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया गया है। साथ ही संकल्प सभा में आजसू के सभी अनुषंगी इकाई के पदाधिकारी शामिल होंगे।

# चित्रपट झारखंड की फिल्मों का फेस्टिवल 23-25 जून को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की कला संस्कृति की विरासत को समृद्ध करने और उनका दृश्य-श्रव्य माध्यम से अभिलेखिकरण हेतु फिल्म निर्माण की विधा को जन सामान्य तक पहुंचाने का कार्य चित्रपट झारखंड लगातार कर रहा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ दीपक प्रसाद ने बताया कि चित्रपट झारखंड का मुख्य उद्देश्य झारखंड के वैसे प्रतिभावान कलाकारों एवं अन्य को जिन्हे फिल्म निर्माण मे रुचि है उन्हे प्रशिक्षित कर फिल्म निर्माण के लिए प्रेरित करना तथा मार्गदर्शन देना है ताकि वे झारखंड की कला, संस्कृति, पर्यटन स्थल, जंगल, झरनों का फिल्मांकन कर अपनी विरासत को संरक्षित कर सकें और सोशल मीडिया के माध्यम से विश्व पटल पर रख सकें और साथ ही साथ इसे अपनी रोजी रोटी का जरिया भी बना सकें। इन्हीं तमाम पहलुओं को ध्यान में रखते हुए चित्रपट झारखंड के द्वारा 23, 24 एवं 25 जून 2023 को सरला बिरला विश्वविद्यालय में प्रदेश स्तर का तीन दिवसीय फिल्म महोत्सव -2023 का आयोजन किया जा रहा है। स्क्रीनिंग कमेटी सदस्य डा सुशील अंकन ने कहा कि चित्रपट झारखंड के द्वारा विगत दो वर्षो से अलग अलग जिलों मे दिए जा रहे फिल्म निर्माण प्रशिक्षण का ही परिणाम है कि इस फिल्म महोत्सव मे राज्य के विभिन्न जिलों से 102 लघु फिल्में भेजी गई। इस फिल्म महोत्सव के लिए तीन वर्गो मे (लघु फिल्म, डाक्यूमेंट्री और कैंपस) फिल्में आमंत्रित की गई थी। उन फिल्मों को देख कर मुंबई से आए जूरी के सदस्यों ने 60 फिल्मों को प्रदर्शन के लिए योग्य पाया। जिनकी स्क्रीनिंग 23 से 25 जून के बीच सरला बिरला यूनिवर्सिटी आयोजन स्थल पर की जाएगी। चित्रपट के सचिव नन्द कुमार सिंह ने कहा कि इस तीन दिवसीय फिल्म फेस्टिवल में अतिथि के तौर पर केंद्रीय जनजातीय मंत्री भारत सरकार अर्जुन मुंडा, डॉ महुआ मांजी राज्यसभा सांसद, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक सरयू राय , लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पद्मश्री मुकुंद नायक शामिल होंगे। वहीं जिनकी फिल्में प्रदर्शन के लिए चयनित हुई हैं उन फिल्मों के निर्माता निर्देशक आदि को आमंत्रित किया गया है। स्मारिका कन्वेनर राकेश रमण ने कहा कि इस फिल्म महोत्सव-2023 को सार्थक और उपयोगी बनाने की दिशा मे हर संभव कोशिश चित्रपट झारखंड टोली के सदस्यों द्वारा की जा रही है, ताकि हमारा झारखंड प्रदेश भी फिल्म निर्माण के क्षेत्र मे आत्म निर्भर बन सके। मौके पर चित्रपट झारखंड टोली के सदस्यों मे प्रांतीय समन्वयक नंदकुमार सिंह, डॉ. सुशील अंकन, राकेश रमण, डॉ. दीपक प्रसाद, नवीन सहाय आदि उपस्थित थे।

> **स्क्रीनिंग कमेटी सदस्य डा सुशील अंकन ने कहा कि चित्रपट झारखंड के द्वारा विगत दो वर्षो से अलग अलग जिलों मे दिए जा रहे फिल्म निर्माण प्रशिक्षण का ही परिणाम है कि इस फिल्म महोत्सव मे राज्य के विभिन्न जिलों से 102 लघु फिल्में भेजी गई।**

# झारखंड हाई कोर्ट में पेश हुए आईएएस के श्रीनिवासन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव के श्रीनिवासन अदालत के समक्ष सशरीर हाजिर हुए। यह मामला एक युवक का कास्ट सर्टिफिकेट जारी किए जाने से जुड़ा हुआ है।



पिछली सुनवाई में अदालत ने विभाग को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था, लेकिन अब तक जवाब दाखिल नहीं किया गया। कोर्ट के समक्ष सचिव के श्रीनिवासन ने बताया कि अदालत का आदेश वह स्पष्ट रूप से समझ नहीं पाए, जिस पर अदालत ने कड़ी नाराजगी जाहिर की।

मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर कानून की समझ नहीं है, तो लीगल एक्सपर्ट से सलाह लें। विनोद बड़ाइक ने याचिका दाखिल कर चीक बड़ाइक का कास्ट सर्टिफिकेट जारी करने का आदेश देने की गुहार लगाई है। अब कोर्ट अगले सप्ताह इस मामले की सुनवाई करेगा। अगली सुनवाई के दौरान भी सचिव के श्रीनिवासन को अदालत में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

# डीजी एनआईए ने डीजीपी से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दिनकर गुप्ता, डीजी एनआईए ने पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड अजय सिंह से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात की इस मुलाकात के दौरान दिनकर गुप्ता डीजी एनआईए ने राज्य के नक्सल परिदृश्य में एनआईए को झारखण्ड पुलिस द्वारा दिये जा रहे सहयोग की प्रशंसा की तथा नक्सलवाद को पूर्णतः समाप्त करने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। इस मुलाकात के दौरान झारखण्ड कैडर



के आशीष बत्रा पुलिस महानिरीक्षक एनआईए तथा प्रशांत आनन्द पुलिस अधीक्षक, एनआईए भी उपस्थित रहे। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान अजय कुमार सिंह, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखंड मुरारी लाल मीणा, ऊपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय संजय आनंदराग लाटकर, अपर पुलिस महानिदेशक अभियान, मनोज कौशिक, पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय, अमोल विनुकान्त होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान तथा प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालय प्रशासन के लापरवाही से छात्र मन्तोष का हुआ निधन : देवेंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय केंदीय पुस्तकालय में पढ़ने वाले छात्र रामगढ़ निवासी मंतोश बेदिया का छत का चाप गिरने से मृत्यु होने के बाद आक्रोशित छात्र सड़क पर 4 घंटा हंगामा किया। छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो पहल करते हुए मृतक छात्र के पिताजी शहजनाथ बेदिया को बुलाकर कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से वार्ता कराकर 4 लाख मुवावजा और एक सरकारी नौकरी का लिखित आश्वासन के बाद प्रदर्शन बंद किया गया । छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि



विश्वविद्यालय प्रशासन को लिखित रूप जर्जर स्थिति का लिखित रूप से कई बार अवगत कराने के बाबजूद विश्व विद्यालय मामला को गंभीरता से संज्ञान में नहीं लिया, जिसके परिणाम हादसा से मौत हो गया।

यह घटना राज्य को कलंकित करने वाला है। मौके पर देवेन्द्र नाथ ने राँची उपायुक्त से मांग किया कि स्वयं निरीक्षण कर जांच कर दोषी विश्वविद्यालय प्रशासन पर कानूनी कारवाई करें, तथा दोषी अधिकारियों को कुलपति द्वारा पद से निष्कासित किया जाय, कुलपति को नैतिकता के आधार पर स्थिफा देना चाहिए, प्रदर्शन करने वाले में मुख्य रूप से देवेंद्र नाथ महतो, योगेश, तारकेश्वर, सुभाष साहू, अमनदीप मुंडा, संजय महली, द्वारिका दास, अंकित, अमन तिवारी, रविन्द्र, प्रशांत सिंह, अमित, के अलावा अन्य हजारों छात्र उपस्थित थे।

# केन्द्र सरकार के नौ साल बेमिसाल : दीपक प्रकाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** महा जनसंपर्क अभियान के तहत बुधवार को कांके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पिठौरिया मैदान में विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल उपलब्धियों की दृष्टि से बेमिसाल रहे हैं। गरीब कल्याण,सेवा और सुशासन की योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए भारत का सांस्कृतिक गौरव पुनर्स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल सर्व व्यापी सर्व समावेशी और सर्व स्पर्शी विकास के रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी सात मोर्चो के कार्यकर्ताओं के लिए भी यह गौरवशाली क्षण है। क्योंकि, मोदी सरकार ने सभी क्षेत्र के लिए कल्याणकारी योजनाओं को केवल प्रारंभ ही नही किया, बल्कि धरातल पर तेज गति से उतारा।उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता इस बात को अवश्य बताएं कैसे मोदी सरकार ने दलित वंचित समाज के लिए योजनाएं लागू की। आज जनधन खाता हो या शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना हो, गरीब कल्याण अन्न योजना या आयुष्मान योजना सभी में दलित समाज के लोग शत प्रतिशत लाभान्वित हो रहे। कार्यकर्ता बताएं कैसे मोदी सरकार ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर से जुड़े पंच तीर्थ को विकसित किया। अनुसूचित जनजाति मोर्चा भी कल्याणकारी योजनाओं के साथ कैसे भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया, एक सामान्य परिवार से जुड़ी जनजाति महिला को राष्ट्रपति पद पर आसीन कराकर विश्व में समाज को महिमा मंडित किया यह बताने की आवश्यकता है।

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन में बुधवार को एक महिला का पैर फिसल कर गिरने से ट्रेन से कटकर मौत हो गई। बताया गया कि महिला जिसकी पहचान अंजुम तारा के रूप में हुई है वह अपने पति अहमद अंसारी के साथ विशाखापट्टनम से रांची पहुंची थी और रांची से फिर उसे वापस लातेहार जाना था । इसी क्रम में रेलवे ट्रैक पर खड़ी ट्रेन में जाकर बैठ गई । जब उसे पता चला कि यह ट्रेन लातेहार नहीं बल्कि पटना जाने वाली है तो अचानक ट्रेन से उतरने लगी । इसी दौरान उसका पैर फिसला और ट्रैक में गिर गई, जिसके बाद घटनास्थल पर ही ट्रेन के कटने से उसकी मौत हो गई ।

# राज्य सरकार ने हाई कोर्ट को बताया, दिल्ली से अब तक देवघर ट्रांसफर नहीं हुई जीरो एफआईआर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट में बुधवार को अगस्त, 2022 में सांसद निशिकांत दुबे को हवाई जहाज से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर में रोकने के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज को निरस्त करने को लेकर देवघर के डीसी मंजूनाथ की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट को बताया गया कि दिल्ली में दर्ज जीरो एफआईआर अब तक देवघर ट्रांसफर नहीं हुआ है। इस पर कोर्ट



ने मामले में केंद्र सरकार को सत्यापित कर दो सप्ताह में बताने को कहा है कि वाकई में जीरो एफआईआर देवघर पहुंचा है कि नहीं। कोर्ट ने याचिकाकर्ता मंजूनाथ के खिलाफ कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दिल्ली में दर्ज कराई गई जीरो एफआईआर देवघर के कुंडा थाना में ट्रांसफर कर दी गई है। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि दिल्ली से भेजी गई जीरो एफआईआर के आधार पर देवघर के कुंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई या नहीं। प्रतिवादी निशिकांत दुबे की ओर से पार्थ जालान ने और याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं अजय शाह ने पैरवी की। इससे पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है कि 31 अगस्त, 2022 की शाम को जब वह प्लेन से दिल्ली जा रहे थे, तो तत्कालीन देवघर उपायुक्त मंजूनाथ के कहने पर सुरक्षाकर्मियों ने देवघर एयरपोर्ट पर उन्हें रोका और जान से मारने की धमकी भी दी। उनके सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है।

# सेंट्रल लाइब्रेरी का छज्जा गिरने से छात्र की मौत, हंगामा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को रोज की तरह आंखों में सपने लिए सेंट्रल लाइब्रेरी में आकर कंपटीशन की तैयारी करने वाले। रामगढ़ के मंतोष बेदिया को क्या पता था कि बुधवार का दिन उसका अंतिम दिन है और इसी के साथ उनके ख्वाब भी आंखें मूंद लेगी।जी हां एक ऐसा ही घटना रांची शहर के बीचो बीच रांची यूनिवर्सिटी से सटे सेंट्रल लाइब्रेरी में घटी। मंतोष बेदिया एसएस मेमोरियल कॉलेज का पार्ट 2 का छात्र था , वह रोज सेंट्रल लाइब्रेरी में आकर कंपटीशन की तैयारी किया करता था । वह सुबह अपने घर से साइकिल में सवार होकर सेंट्रल लाइब्रेरी में स्टडी करने पहुंचा था, लेकिन जब वह अपना साइकिल लगाने के लिए बिल्डिंग के समीप पहुंचा , इसी दरमियान सेंट्रल लाइब्रेरी के छत का एक हिस्सा का छज्जा भरभरा कर गिर गया । छज्जा का एक बड़ा टुकड़ा मंतोष के सिर पर जा गिरा, आनन-फानन में छात्रों ने उसे रिम्स पहुंचाया जहां अत्यधिक खून बह जाने की वजह से छात्र की मौत हो गई । यह खबर सुनकर सेंट्रल



लाइब्रेरी और रांची कॉलेज के छात्र काफी आक्रोशित हो गए और सेंट्रल लाइब्रेरी के सामने विरोध करने लगे । सैकड़ों की संख्या में छात्र पहुंचकर एक करोड़ मुआवजा की मांग मृतक के परिजनों को एक सरकारी नौकरी की मांग पर धरना पर बैठे गया। साथ ही साथ छात्रों का कहना है इतनी बड़ी घटना होने के बाद घटनास्थल पर रांची यूनिवर्सिटी के वीसी नहीं पहुंचे, जिससे छात्र काफी आक्रोशित थे। छात्रों का आरोप है, रांची यूनिवर्सिटी के द्वारा जर्जर पड़े भवन को मरम्मत नहीं कराया जाता , छात्रों को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है । मौके पर पहुंचे रजिस्टर मुकुम मेहता ने घटना की निंदा की और मामले की जांच कर दोषियों के ऊपर करवाई करने की बात रखी। खबर लिखे जाने तक पचास हजार मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की बात कही गई थी।

# झामुमो के बयान पर कुणाल षाड़ंगी का पलटवार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे पर झामुमो नेता के बयानबाजी पर भाजपा ने पलटवार किया है। प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने बुधवार को कहा कि भ्रष्टाचार के दलदल में गले तक सरकार डूब चुकी है। षाड़ंगी ने झामुमो नेता के बयान को मानसिक दिवालियापन और मुद्दाविहीन बताया। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि आज देश में झारखंड का परिचय बदल चुका है। पिछले साढ़े तीन सालों में लूट, झूठ और भ्रष्टाचार की जो उल्लेखनीय पटकथा झामुमो-कांग्रेस सरकार ने लिखी है, उसका बखान करने में दिन कम पड़ जाएंगे। ऊपर से लेकर नीचे तक जड़ जमा चुकी भ्रष्टाचार की इतनी घटनाएं इससे पहले कभी झारखंड में देखने को नही मिली और ना ही कभी इतने बड़े पैमाने पर लोग पकड़े गए। आज जिस तरह से वरीय आईएस अधिकारी से लेकर जमीन के दलाल, ट्रांसफर पोस्टिंग के दलाल, अवैध खनन करने वाले दलाल की लगातार गिरफ्तारी हो रही है, उससे तो यही प्रतीत हो रहा है कि भ्रष्टाचारियों के लिए जेल में जगह भी कम पड़ जाएगी। कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि झामुमो नेता कहते हैं संथाल परगना की धरती, फूलो-झानो की धरती है लेकिन फूलो-झानो, सिदो-कान्हू के धरती के गौरव को धूमिल करने का कार्य झामुमो ने किया है। संथाल परगना की धरती पर महिला अत्याचार की वीभत्स घटनाएं लगातार सामने आई है। सिदो-कान्हू के छठे वंशज रामेश्वर मुर्मू की हत्या की घटना हो या फिर बहन-बेटियों के साथ बलात्कार- हत्या की घटना अथवा जांबाज पुलिस अधिकारी रूपा तिर्की की हत्या का मामला हो। इन सभी घटनाओं ने संथाल परगना की गौरव को ठेस पहुंचाया है।

## चतरा जंगल से पेड़ो कि कटाई

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिल्वे के चतरा जंगल से इन दिनों सखुआ इत्यादि के पेड़ो कि कटाई अंधाधुंध जारी हैं। इससे यँहा के ग्रामिनो मे काफी रोष वयाप्त हैं । उनका कहना हैं कि पार्यावरन असंतुलन एवम जलवायु परिवर्तन के कारक हैं। अगर वन अधिकारियों एवम प्रसाशन द्वारा बंद नही कराई जाती हैं तो हम सब ग्रामीण आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

## मृतक परिवार को विधायक ने किया सहयोग

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को ओरमांझी प्रखंड के अंतर्गत बरवे महुआ टोली के मृतक गणेश उरांव का आकस्मिक निधन हो गया था।निधन होने पर मृतक परिवार को विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से चावल सहयोग किया गया। विधायक राजेश कच्छप के सलाहकार रमेश उरांव के द्वारा मृतक परिवार को आश्वासन दिया गया कि इस दुख की घड़ी में विधायक और कांग्रेस पार्टी परिवार को हर संभव मदद करने के लिए तत्पर हैं। मौके पर रमेश उरांव ने कहा की राष्ट्रीय परिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत लाभ दिलाया जाएगा। और मृतक परिवार के पत्नी को जल्द विधवा पेंशन दिलाया जाएगा। इस दौरान खाद आपूर्ति विभाग के विधायक प्रतिनिधि सफीउल्लाह अंसारी, मुखिया अनीता लिंडा, प्रतीत कच्छप, तौहीद आलम, इनाम अंसारी अलावे कई लोग शामिल थे।

## बेनिया जारा के गरुड़ फॉल में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के साथ स्थापना

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड बोंगाई बेड़ा पंचायत तिलैया जारा में गरुड़ फॉल के समीप शिव धाम में आचार्य ओम प्रकाश शरण, मुन्ना शास्त्री ने प्राण प्रतिष्ठा कर शिवलिंग स्थापित की गई, मुख्य यजमान रूपलाल भोगता और उनकी पत्नी सोहरी देवी थी महिलाएं गरुड़ फॉल से जल उठाकर कलश लेकर शिव धाम पहुंची अतिथि के रूप में अनुराधा मुंडा जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पश्चिमी यात्रा की शुरुवात जिप सदस्य अनुराधा मुंडा करते हुए महिलाओं के साथ कलश यात्रा में साथ साथ चली और उन्होंने कहा पूजा पाठ और अनुष्ठान में सामिल होने से मन मस्तिष्क में शांति मिलती है प्रकृति और संस्कृति से हमें जोड़ कर रखता है, गांव में गरुड़ फॉल शिवधाम को विकसित कर धार्मिक एवं पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करेंगे। विशेष रूप में पूर्व खिजरी प्रत्यासी पारस नाथ उरांव, रामसाय मुंडा भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी , पंचायत समिति सदस्य संजोती देवी, प्रणय कुमार वर्मा, प्रीति वर्मा सुभांगी वर्मा थे।आयोजन को सफल बनाने में जागेश्वर महतो, धनीराम महतो, छोटे लाल महतो, राजू चौधरी, अजय मुंडा, मनोज भोगता मानेश्वर महतो , बहादुर बड़ाइक, सोनालाल भोगता, बृजलाल भोगता, सुखनाथ महतो सहित अन्य की भूमिका रही।

## बचरा साईडिंग में हुई सीटु की बैठक मे 4 जुलाई से साईडिंग बन्द का आहवान

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में बुधवार को एनसीओईए सीटू की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी और संचालन मुंशी महतो ने किया।बैठक में बचरा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई,साथ ही मजदूरों की समस्या से संबंधित प्रबंधन को सौपे गए मांग पत्र पर विचार विमर्श किया गया। समस्याओं के समाधान को लेकर 15 जून को घोषित किए गए बचरा साइडिंग बंद को अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए 4 जुलाई से अनिश्चितकालीन बंदी का आह्वान किया गया।क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी ने बताया कि असंगठित मजदूरों की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन स्थानीय पिपरवार प्रबंधन को एक जून को सौंपा गया था,जिसमें मांगे पूरी नहीं होने पर 15 जून से बंदी की घोषणा की गई थी,लेकिन प्रबंधन के आश्वासन के बाद बंदी को स्थगित किया गया है।उन्होंने कहा कि यदि 4 जुलाई से पूर्व मजदूरों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन करते हुए बचरा साइडिंग को अनिश्चितकाल के लिए बंद किया जाएगा।उन्होंने कहा कि असंगठित मजदूरों के न्यूनतम मजदूरी,बकाया बोनस,सीएमपीएफ,पेमेंट स्लिप और फार्म ई में हाजरी बनाने की मांग को लेकर प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया। इस बैठक मे मुख्य रुप से इस्लाम अंसारी,भोला महतो,दिलीप चौधरी,शमसूल होदा,मुंशी महतो,शंकर महतो,निर्मल महतो,चन्द्रदेव ठाकुर,रविंद्र महतो,बिनोद कुमार,मन्नू महतो,राजेश मुंडा सहित काफी संख्या में असंगठित मजदूर उपस्थित थे।

## कर्रा के जलटंडा में ग्रामीणों ने श्रमदान से वृद्ध महिला का घर बनाया

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्राम सभा जलटंडा के सदस्यों ने सामुहिक श्रमदान गांव के विधवा वृद्ध महिला गुमडू संगा के टूटे खपड़ैल घर को बनाया. प्राप्त जानकारी के अनुसार जलटंडा गांव निवासी 66 वर्षीय वृद्ध महिला गुमडू संगा विगत छह वर्षों से अकेली टूटा हुआ खपड़ा के घर रह रही थी. जिसे देखकर ग्रामीणों को काफी दया भी महसूस होता था लेकिन कोई भी अकेला व्यक्ति वृद्ध महिला के टूटे घर को बनाने में असमर्थ था और एक-दूसरे को किसी के घर टूटने जैसे परेशानी में मदद करने की समझ नहीं बन पा रही थी. तभी फिया फाउंडेशन संस्था द्वारा संचालित भोजन के अधिकार आधारित कार्यक्रम के तहत लगातार बैठक करके ग्राम सभा सशक्तिकरण का कार्य किया जाने लगा. जिससे प्रभावित होकर ग्राम सभा पर महिलाओं कि भागीदारी बढ़ने लगी।

# सारजमड़ीह में जंगली हाथी ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया, रिम्स में भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के सारजमडीह गाँव में शौच के लिए निकले एक युवक को एक जंगली हाथी ने पटक कर लम्बे दांतों से पेट फाटकर बुरी तरह घायल कर दिया । युवक सारजमडीह गाँव निवासी अगस्त सेठ के पुत्र संतोष कुमार सेठ (30) वर्ष है। ग्रामीणों ने बताया की अहले सुबह ग्रामीण जब नित्य क्रिया के लिए निकले थे। तभी एक जंगली हाथी अचानक से गांव में आ धमका । लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही आस पास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई ।लोग इधर उधर भागने लगे । इसी क्रम में संतोष सेठ शौच से वापस अपने घर आ रहा था । जहां उसका सामना जंगली हाथी से हो गया ।बताया जाता है की जंगली हाथी ने संतोष सेठ को अपने दांत से पेट पर वार कर दिया जिससे संतोष सेठ की अंतडिया उसके पेट से बाहर आ गई । किसी तरह लोग घायल संतोष सेठ को उसके घर तक पहुंचाए और आनन फानन निजी वाहन से उसके परीजन उसे रिम्स ले गए जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। रिम्स के चिकित्सकों के द्वारा घायल संतोष सेठ के पेट आपरेशन किया गया।इधर घटना की सूचना पाकर वन विभाग की टीम घटनास्थल पहुंची और पीड़ित परिवार को तत्काल इलाज के लिए दस हजार रुपए मुआवजा दिया ।वहीं विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो जिप सदस्य दिलीप सेठ ने वन विभाग से तत्काल हाथी को क्षेत्र से खदेड़ने की तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग विभाग से की है।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने समारोह आयोजित कर किया टावर लाइट का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा चौक मे रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा समारोह आयोजित कर टॉवर लाइट का उद्घाटन किया गया।इस समारोह के मुख्य अतिथि सीएचपी/सीपीपी परियोजना के विद्युत एवं यांत्रिक विभाग के इंजीनियर इमामुल हक़ उपस्थित थे।इस अवसर पर इंजीनियर इमामुल हक़ और रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इक़बाल हुसैन ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर एवं स्विच ऑन कर टॉवर लाईट का उद्घाटन किया।मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने बताया कि रैयत विस्थापित मोर्चा द्वारा सीसीएल प्रबंधन को पत्र देकर ग्रामीण क्षेत्रों के चौक चौराहों में टॉवर लाइट लगाने की मांग की थी।मोर्चा के अथक प्रयास से सीसीएल प्रबंधन द्वारा क्षेत्र के कल्याणपुर,बहेरा,कारो, चिरैयांटांड़ आदि जगहों पर टॉवर लाइट लगाया गया।

## प्रजापति कुम्हार महासंघ ने किया मेधावी छात्रों को सम्मानित



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के द्वारा टंडवा नगर भवन मे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में संघ के द्वारा इस वर्ष मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले समाज के बच्चों को सम्मानित किया गया।समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप मे सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास और विशिष्ट अतिथि में बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो, महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वरचंद प्रजापति,पंकज प्रजापति सहित कई लोग शामिल हुए।समारोह की शुरूआत अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया, जिसके बाद आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों का बुके देकर और अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में समाज से जुड़े विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए समाज के लोगों को अपने हक और अधिकार के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया गया।समारोह के दौरान समाज की आर्थिक राजनैतिक व शैक्षणिक हालात पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि जागरूकता के अभाव में समाज के लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित है,जिसके लिए समाज के बीच जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।इस समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई,साथ ही बच्चों से आगे भी उच्च शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करने की कामना की।

## जिला भाजपा कार्यालय खूंटी में विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का किया गया आयोजन

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कार्यालय में खूंटी विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन खूंटी विधानसभा मोर्चा सम्मेलन के प्रभारी रुपेश जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के विधान पार्षद सह महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री राम शिंदे, खूंटी का स्थानीय विधायक ,प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, खूंटी लोकसभा के कलस्टर प्रमुख सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जवाहर पासवान, भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती कुजूर, किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो , खूंटी जिला उपाध्यक्ष कैलाश महतो, महाजनसंपर्क अभियान खूंटी जिला के संयोजक विनोद नाग एवं सहसंयोजक संजय साहू मंच पर मुख्य रूप से उपस्थित थे। सम्मेलन प्रारंभ होने से पूर्व हमारे पथ प्रदर्शक रहे श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय एवं मां भारती के चित्र पर फूल माला अर्पित किया तत्पश्चात वंदे मातरम गायन के उपरांत संयुक्त मोर्चा सम्मेलन प्रारंभ हुआ।मंच का संचालन कार्यक्रम के प्रभारी रुपेश जयसवाल ने किया एवम स्वागत संबोधन जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय मुंडा ने किया।सम्मेलन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए काशीनाथ महतो ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किए गए 9 वर्षों में किए गए कार्यों की विस्तार से चर्चा की।


## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन"प्रकल्प"लातेहार

E-mail –sbmdpmulatehar@gmail.com

पत्रांक............................/ दिनांक...............................

निविदा रद्द करने की सूचना

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 अन्तर्गत गोबर गैस प्लांट निर्माण हेतु आमंत्रित निविदा सूचना संख्या– EOI No. SBM(G) Phase II/DWSC/Gobardhan/01/2022-23 Date-22-11-2022 दैनिक समाचार पत्रों में PR No- 283251 Drinking Water and Sanitation (22-23)D से प्रकाशित है। जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन "प्रकल्प", लातेहार।

PR.NO.300030 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
जमशेदपुर

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ई निविदा संख्या– 02/2023–24/RWD/EE/JSR दिनांक– 06.06.2023 PR No.- 299575 REO(23-24)D द्वारा प्रकाशित निविदा में कम संख्या 4 में अंकित स्थानों को निम्नलिखित रूप से संशोधित समझा जाए। जहाँ निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं अपलोड किए गए तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने का स्थान

(क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची।

(ख) जिला नियंत्रण कक्ष, जमशेदपुर।

(ग) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।

एवं

क्रम संख्या 5 में अंकित स्पीड पोस्ट के माध्यम् से भेजे जाने वाले पते को निम्नलिखित रूप से संशोधित समझा जाए। मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन–834001।

निविदा की अन्य शर्त्तें पूर्ववत्त रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,
जमशेदपुर

PR 299985 REO(23-24)D

## Office of the Zila Parisad

Letter No 967/zp | 2nd Call | Date 13/06/2023

**Notice Inviting Expression of Interest (EoI)**

The Office Zila Parishad, Khunti invites reputed Govt./Non-Govt. Institutions/NGOs/Voluntary Organizations for operation, maintenance and Development of "Integrated Agriculture Park, Karra" (Kishan Pathshala).

| Sr.No | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 01 | Last Date OF Submission of Bid | 20/06/2023 (3.00 pm) |
| 02 | Date Of opening of Bid | 20/06/2023 at 400 pm |
| 03 | Name and address of office inviting Tender | Office of Zila Parisad, Kamanta, Khunti Pin: - 835210 Mail Id:- zpkhunti2018@gmail.com |

Note: - Tender can be downloaded from the website https://Khunti.nic.in

CEO Zila Parisad
cum Deputy Development Commissioner,Khunti

PR 299988 District(23-24).D

## समाहरणालय, खूँटी (जिला भू अर्जन शाखा)

-: ग्राम सभा का सूचना :-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 41 के आलोक में अड़की बीरबांकी कोचांग बन्दगाँव पथ चौड़ीकरण परियोजना हेतु खूँटी जिला अन्तर्गत अड़की अचंल के मौजाः–कुरूंगा का अधियाचना प्राप्त हुआ है। उक्त नियम के आलोक में मौजा– कुरूंगा में एक ग्राम सभा की बैठक का आयोजन किया गया है, जिसमें ग्राम सभा के सभी सदस्यों की उपस्थिति अपेक्षित है।

ग्राम सभा संबंधी विवरणी

परियोजना– अड़की बीरबांकी कोचांग बन्दगाँव पथ चौड़ीकरण।

| क्र0 | अंचल का नाम | मौजा का नाम | थाना संख्या | रकबा (एकड़ में) | तिथि | ग्राम सभा स्थल | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अड़की | कुरूंगा | 65 | 19.946 | 03.07.2023 | गॉव कुरूंगा स्कूल टोला | 11.00 बजे पूर्वाहन |

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, खूँटी

PR 299991 Land Reforms (23-24)_D

## झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, कृषि निदेशालय, झारखण्ड
## कार्यालय- जिला कृषि पदाधिकारी, राँची

आवश्यक सूचना

राँची जिला के सभी कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) निम्नवत है–

| SL.No. | Company Name | Urea | DAP | MOP | SSP | Complex | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Ind./Imp. | Ind./Imp. | | | 20:20:0:13 | 12:32:16 | 16:16:16 | 14:28:00 |
| 01 | IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | 1200.00 | - | - | - |
| 02 | NFL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 03 | YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 04 | KFL/KRIBHCO | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 05 | INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | - | 645.00 | 1470.00 | - | - | 1550.00 |
| 06 | IPL | 266.50 | 1350.00 | 1700.00 | | 1250.00 | - | 1250.00 | - |
| 07 | MATIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 08 | HURL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 09 | PPL | - | 1350.00 | - | - | 1250.00 | - | - | - |
| 10 | SAI | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - |

नोट– 1. यूरिया की प्रति बोरी 45 KG Packsize की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 KG Packsize होती है।

02. यदि किसी भी खुदरा विकेता द्वारा उक्त निर्धारित MRP से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिकी की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी / प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिले के जिला कृषि कार्यालय तथा संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय में उसकी शिकायत की जा सकती है।

03. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उर्वरकों की बिकी की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी।

PR.NO.300002 Agriculture(23-24):D

जिला कृषि पदाधिकारी, राँची।

## Agriculture Directorate, Jharkhand, Ranchi
## Corrigendum

Issue No.-/Ranchi, Dated:-

In reference to Request for Empanelment(RFE) No.-Agri/03/2023-24, Dtd.-29.05.2023 (PR. No. – 298587 Agriculture (23-24)#D) regarding Empanelment (RFE) of agencies for complete supply of INM/IPM input for augmenting production and productivity of various agricultural crops, viz- cereals, pulses and oil-seeds for a period of one year (2023-24), the conditions of Request for Empanelment (RFE) has been amended or incorporated as follows:-

| Page No. | Sl. No. | Previous Condition | Amended Condition |
|---|---|---|---|
| 10 | 3.1 (J) (d) | No adjustments will be made from previously submitted EMD | EMD amount submitted by the previously empanelled agencies (For INM/IPM Supply in 2021 -22 & 2022 -23 in Jharkhand State) will be considered for current RFE with a condition that they have to submit the following documents – i. Bank Guarantee validity ex tension letter issued by concern ing Bank. ii. An affidavit stating th at in the event of inability to fulfil terms and conditions e.g. shortfall in supply, delay in supply, supply of non standard INM/IPM etc for F.Y. 2021-22 & 2022-23 in Jharkhand State, their firm will be fully responsible and liable for the same and an equ ivalent amount would be recoverable from them. |
| 12 | 3.1 (M) (f) | -- | Supply of Dolomite in Soil Reclamation, Soil Management for Acidic Soil Scheme will also be taken from Empanelled Agencies as per scheme's guideline. |

Note:- 1. Bidder is required to submit EMD of Rs. 500000/-(Rupees Five Lakh) only.
2. Bidders may refer to the corrigendum along with the RFE Documents.
3. All other term and conditions of the RFE would remain same.

Sd/-
Director, Agriculture
Jharkhand, Ranchi

PR 299976 Agriculture(23-24)D

ज्ञापांक:–17 / पी०पी०ओ० / 2017 / 34

## पुलिस वायरलेस मुख्यालय झारखण्ड, रॉची

दिनांक 14 / 06 / 2023

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या–01 / पी०पी०ओ० 2023–2024

झारखण्ड पुलिस वायरलेस मुख्यालय के लिए वायरलेस के निम्न जेनरल तकनीकी सहायक सामग्रियों / तकनीकी उपकरणों की क्रय एवं आपूर्ति हेतु निविदाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| Sl. No. | Name Of Equipment's | QUANTITY | Last date of sale of tender papers | Last date of submission of Bid | Opening of Bid |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 VOLT A/C Charger | 300 Nos | Dt. 21/06/2023 At 1000 hrs. | Dt. 21/06/2023 At 1600 hrs. | Dt.22/06/2023 At 1600 hrs. |
| 2 | Power Supply Unite | 300 Nos | | | |
| 3 | Crocodile | 720 pair | | | |
| 4 | LT Wire 36/36 Black | 20 Coil. | | | |
| 5 | LT Wire 36/36 Red | 20 Coil. | | | |
| 6 | PQ 1124 | 200 Nos. | | | |
| 7 | Jointer 1104 | 200 Nos. | | | |
| 8 | Co-axial RG 217 Cable 50 feet | 50 Nos. | | | |

निविदा दस्तावेज, झारखण्ड पुलिस वायरलेस मुख्यालय,लाईन टैक रोड, राँची 834001 के पी०पी०ओ०शाखा से प्रत्येक कार्य दिवस के समय पर अपने लेटर पैड पर पुलिस अधीक्षक(तकनीकी सेवाए एवं संचार),झारखण्ड, राँची के नाम बैंक ड्राफ्ट रू० 500 / – का भुगतान कर वैसे उत्पादन कर्त्ता / विक्रेता / अधिकृत एजेंट प्राप्त कर सकते है, जिनका GST रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रण के तिथि के पूर्व प्राप्त हो ।

अपर पुलिस महानिदेशक (संचार एवं तक० सेवाएं), झारखण्ड, राँची को यह अधिकार सुरक्षित है,कि बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत कर दें या निर्धारित मद में आवश्यकतानुसार संख्या को घटा या बढ़ा दें।

ह० – वाई०एस०रमेश
पुलिस अधीक्षक (संचार एवं तक०सेवायें),
झारखण्ड, राँची

PR 299980 Police Wireless Headquarter (23-24)_D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या– DWSD/KH-24/2022-23 (2nd Call), Dt.- 05.06.2023 P.R.No.–299223 (Drinking Water & Sanitation) 22-23.D के द्वारा प्रकाशित एवं प्रचारित निविदा (Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility Khunti and Arki Block under J.J.M.) के तिथियों में निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है।

| Date Revision | Previous Date | Revised Date |
|---|---|---|
| Date of Tender Uploading on Website | 06.06.2023/05.00 PM | 17.06.2023/05.00 PM |
| Bid Submission End Date | 13.06.2023/05.00 PM | 24.06.2023/05.00 PM |
| Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 14.06.2023/05.00 PM | 26.06.2023/05.00 PM |
| Date of Opening of Tender | 15.06.2023/11.00 AM | 27.06.2023/11.00 AM |
| निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी। | | |

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 300014 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

## ई-प्रोक्योरमेंट सेल
## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड, राँची

ई–प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा (प्रथम आमंत्रण)

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०–Relocation D/T( Giridih-1)06/2023-24 दिनांक:–13.06.2023

| क्र0 | विवरणी | ग्रुप नं0 | संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं .–1, गिरिडीह अन्तर्गत पुर्नस्थापन हेतु बंद नलकूप के स्थान पर नये ड्रिल्ड नलकूप का निर्माण (125एम.एम x 115 एम.एम. व्यास का 60 मीटर औसत गहराई), आई . एम.–II हैण्डपम्प (IS-15500/part-II/2004), 32 एम.एम. व्यास के मध्यम श्रेणी का राईजर पाईप डी.टी.एच. रींग मशीन द्वारा 125 एम.एम. ब्लू यू.पी. भी.सी. केसींग पाईप एवं प्लेटफार्म, नाली निर्माण कार्य के साथ–साथ पुराने ड्रिल्ड नलकूप के उखाड़े गये पुराने समाग्री को विभागीय भंडारगृह मे जमा करने का कार्य "टर्न–की अधार पर। वर्ष 2023–24 | Relocation-01 | 29 अदद् | 24.32748 | 0.49000 | 5000.00 |
| | | Relocation -02 | 47 अदद् | 39.42729 | 0.79000 | 5000.00 |
| 2 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 (तीन) महीने | | | | |
| 3 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | From 16-06-2023 4:00P.M | | | | |
| 4 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | 26-06-2023 up to 4:00P.M | | | | |
| 5 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि / समय | 27-06-2023 up to 3:00P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–01, गिरिडीह / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद। | | | | |
| 6 | निविदा प्राप्त बिड खोलने की तिथि / समय | 27-06-2023 up to 04:00 P.M | | | | |
| 7 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–01, गिरिडीह। | | | | |
| 8 | निविदा खोलने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–01, गिरिडीह / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद। | | | | |
| 9 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 7870778158 | | | | |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2480345 | | | | |

• किसी भी प्रकार का बदलाव *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

• अन्य किसी भी प्रकार की सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

• निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ सकती हैं। तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, संख्या–01, गिरिडीह।

PR.NO.300006 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## श्याम महिला मंडल ने टुईलाडुंगरी में बांटा शर्बत




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को योगिनी एकादशी के शुभ अवसर पर श्री श्याम मंडल एवं श्री श्याम महिला मंडल टुईलाडुंगरी द्धारा संयुक्त रूप से इस भीष्ण गर्मी में लगभग एक हजार से अधिक लोगों के बीच चना-गुड, आम पानी, ठंडा पानी एवं शर्बत का वितरण किया गया। मामराज गुप्ता के नेतृत्व में टुईलाडुंगरी दुर्गा पूजा मैदान के पास (आरडी टाटा स्कूल के सामने) आयोजित हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा श्याम की आरती कर एवं भोग लगाकर किया गया। इस अवसर पर बतौर अतिथि के रूप में अग्रवाल सम्मलेन तथा मारवाड़ी सम्मलेन गोलमुरी शाखा के उपस्थित सदस्यो को बाबा श्याम नाम का दुपटटा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से अमित सुलतानिया, राहुल अग्रवाल, स्वीटी अग्रवाल, कृष्णा नरेड़ी, पुनत अग्रवाल, स्वेता गुप्ता, चंदा अग्रवाल, कविता अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## श्याम भटली परिवार टाटानगर के 27 सदस्य चार धाम की यात्रा पर रवाना



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्याम भटली परिवार टाटानगर के 27 सदस्यों की टीम 13 दिवसीय चार धाम यात्रा (हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ) के लिए टाटानगर रेलवे स्टेशन से 13 जून मंगलवार की शाम को राजधानी एक्सप्रेस से रवाना हुई। चारों धाम की यात्रा कर टीम 24 जून शनिवार को राजधानी एक्सप्रेस से टाटानगर वापस लौटेगी। श्याम भटली परिवार के ललित डाँगा ने बताया कि बुधवार को नयी दिल्ली से सड़क मार्ग से हरिद्वार, ऋषिकेश होते हुए 16 जून को यमुनोत्री, 18 जून को गंगोत्री, 20 जून को हेलीकॉप्टर द्वारा केदारनाथ, 22 जून को बद्रीनाथ का दर्शन कर पूजा अर्चना की जायेगी।

## बीओआई के नये शाखा प्रबंधक ने की बीसी व ग्राहकों के साथ बैठक



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैंक ऑफ इंडिया पटमदा शाखा के नये शाखा प्रबंधक दिव्येन्दु हेम्ब्रम ने बुधवार को शाखा कार्यालय में क्षेत्र के बैंक बीसी के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया द्वारा लोन संबंधी किए गए बदलाव एवं अन्य नियमों की जानकारी दी। शाखा प्रबंधक ने कहा कि खाताधारकों व ग्राहकों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए सभी को ईमानदारीपूर्वक काम करने की जरूरत है। बताया गया कि अब पहले की तरह बैंक शाखा से लोन की स्वीकृति नहीं दी जाती है बल्कि इसके लिए प्रक्रिया पूरी करने के बाद घाटशिला स्थित कृषि विकास केंद्र भेजना पड़ता है। जिले के 45 शाखाओं का काम एक ही जगह होने पर थोड़ा विलंब हो सकता है लेकिन योग्य किसानों को लोन जरूर मिलेगा। वहीं क्षेत्र के प्रमुख व्यवसायियों एवं ग्राहकों से भी व्यक्तिगत मिलकर शाखा प्रबंधक ने विशेष चर्चा की। मौके पर गोपाल कुमार, ईशान चंद्र गोप, विजय कुमार पंडित, दीपक दत्त, माधव मंडल, गोकुल दास व समीर दत्त आदि मौजूद थे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह 18 जून को

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के गम्हरिया प्रखण्ड सदस्य गौरीशंकर प्रसाद की ओर से आगामी शनिवार, 18 जून को प्रखंड के जगन्नाथपुर स्थित काली मंदिर पूंजीडूंगरी परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। उक्त समारोह के दौरान इस वर्ष मैट्रिक और बारहवीं की परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंकों से उत्तीर्ण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने इस समारोह में शामिल होंने वाले छात्राओं से व्हाट्सअप नम्बर 9905195295 पर अपना नाम, माता/पिता का नाम तथा प्राप्तांक भेजकर रजिस्ट्रेशन कराने की अपील किया है।

## कुकडू प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि प्रयाग चंद्र महतो का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकडू प्रखंड के दयापुर निवासी और रांची सांसद संजय सेठ के सांसद प्रतिनिधि प्रयाग चंद्र महतो अहले सुबह इस दुनिया को छोड़कर चले गए हैं। इससे कुकडू प्रखंड में गहरी शोक की लहर है। प्रयाग चंद्र महतो सांसद संजय सेठ के सांसद प्रतिनिधि के रूप में जाना जाता था और वे कुकडू प्रखंड की जनता के बीच बहुत प्रिय थे। उनकी मौत के बाद क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। सांसद संजय सेठ ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, मैं अपने प्यारे मित्र प्रयाग चंद्र महतो के निधन से बहुत ही दुखी हूं। उन्होंने अपने जीवन में काफी महत्वपूर्ण कार्य किए और सदैव हमारे दिलों में जीवित रहेंगे। संजय सेठ के अलावा अन्य नेताओं ने भी अपनी शोक संदेश जताए हैं और महत्वाकांक्षी नेता के जाने की खोई हुई क्षमता की व्याख्या की है।

## टाटा स्टील ने डीकार्बोनाइजेशन टेक्नोलॉजी पर सहयोग के लिए जर्मनी के एसएमएस समूह के साथ किया एमओयू

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील लिमिटेड और जर्मनी के एसएमएस समूह ने स्टील बनाने की प्रक्रिया के डीकार्बोनाइजेशन पर सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के हिस्से के रूप में, कंपनियां एसएमएस समूह द्वारा विकसित ईजीमेल्ट टेक्नोलॉजी के संयुक्त औद्योगिक प्रदर्शन के संचालन के लिए आगे तकनीकी चर्चा और कार्रवाई शुरू करेंगी। यह प्रदर्शन टाटा स्टील के जमशेदपुर संयंत्र में ई ब्लास्ट फर्नेस में किया जाएगा, जिसका उद्देश्य ब्लास्ट फर्नेस के बेसलाइन ऑपरेशन से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को 50 प्रतिशत से अधिक कम करना है। ईजीमेल्ट (इलेक्ट्रिक-असिस्टेड सिनगैस स्मेल्टर) तकनीक एक अत्याधुनिक आयरनमेकिंग समाधान है जिसे डीकार्बोनाइजेशन में तेजी लाने के लिए मौजूदा एकीकृत इस्पात संयंत्रों में लागू किया जा सकता है। टी वी नरेंद्रन, सीईओ और एमडी, टाटा स्टील ने कहा, टाटा स्टील सक्रिय रूप से हरित इस्पात उत्पादन में परिवर्तन की सुविधा के लिए समाधानों की तलाश कर रही है, और इस प्रकार एक स्थायी भविष्य में योगदान करती है।

# कृषि व पशुपालन योजनाओं से किसानों की आय दोगुनी करना सरकार की प्राथमिकता : डीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उपायुक्त विजया जाधव ने कृषि एवं पशुपालन विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में बिंदुवार विभागीय योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की। किसानों के ऋण माफी की अधतन स्थिति, केसीसी, धान बीज वितरण तथा केन्द्रीय योजना/ राज्य योजना के तहत पशुधन विकास योजना में बकरा, सुकर, बैकयार्ड लेयर कुक्कुट, ब्रायलर कुक्कुट पालन, बत्तख चूजा वितरण में प्रगति एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू गाय वितरण की जिले की वस्तुस्थिति से अवगत हुई। उपायुक्त ने कहा कि किसानों को लाभान्वित करने से जुड़ी योजनाओं पर समय से पूर्व तैयारी की जाए। किसानों की पसंद के अनुरूप उन्हें पशुधन योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किए जाने की भी बात कही। बैठक में निदेशक डीआरडीए श्री सौरभ सिन्हा, निदेशक एनईपी श्रीमती ज्योत्सना सिंह, डीएसओ श्री राजीव रंजन, डीटीओ श्री दिनेश रंजन, एसओआर श्री दीपू कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी श्री मिथिलेश कालिंदी, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार मौजूद रहे। जिला कृषि पदाधकारी ने बताया कि जिले में 44615 ऐसे किसान हैं जिनका ई केवाईसी किया जाना है, बैंक द्वारा 38778 किसानों का ई केवाईसी किया जा चुका है जिन्हें ऋण माफी का लाभ तत्काल मिल सकेगा, शेष किसानों के ई केवाईसी का कार्य सभी प्रखंडों में कैम्प मोड में किया जा रहा । वहीं केसीसी में 93,815 के लक्ष्य के विरूद्ध अबतक 1,30,604 किसानों को केसीसी का लाभ दिया जा चुका है । केसीसी के माध्यम से कुल 228.88 करोड़ रूपए जिले के किसानों के बीच वितरित किया जाएगा । जिले में 50 फीसदी अनुदानित दर पर धान बीज का वितरण किया जा रहा है । कुल 1474 क्विंटल धान का बीज प्राप्त हुआ है जिसमें 1208 किसानों के बीच लगभग 470 क्विंटल अबतक वितरण का कार्य किया गया है । उपायुक्त द्वारा पशुपालन पदाधिकारी से लाभुकों को पशुओं के बीमा होने की जानकारी होती है या नहीं तथा वितरण कम क्यों है इसका कारण पूछा गया । पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि सप्लायर द्वारा सप्लाई कम करने के कारण वितरण कम हुआ है, उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जल्द से जल्द वितरण सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति करें।

## ठेका श्रमिकों के लिए भी कैंटीन की व्यवस्था करें कंपनी : कांग्रेस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुसेन मार्डी और रविंद्र मंडल ने गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत बीरबंस, मुड़िया एवं दुगनी पंचायत में स्थित कंपनियों के प्रबंधन से ठेका श्रमिकों के लिए भी कैंटीन की व्यवस्था करने की मांग किया है। उन्होंने एक बयान जारी कर बताया है कि उक्त पंचायतों के अंतर्गत जितने भी उद्योग स्थापित हैं उनमें ठेका मजदूरों के लिए कैंटीन की व्यवस्था नहीं किया गया है जो मजदूर अधिनियम के तहत गलत है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में स्थापित उद्योग प्रबंधन के द्वारा यदि ठेका कर्मियों के ऊपर ध्यान नहीं देती है तो उनके खिलाफ श्रम आयुक्त से शिकायत की जाएगी एवं ठेकाकर्मियों को उनका हक एवं अधिकार दिलाने का प्रयास किया जाएगा। यदि कंपनी प्रबंधन ठेका मजदूरों के ऊपर इस प्रकार का शोषण बंद नहीं करती है तो कंपनियों के खिलाफ आंदोलन शुरू जाएगा।

## कदमा के प्रकृति विहार में जोहार हाट का छठा संस्करण शुरु




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा आयोजित साप्ताहिक प्रदर्शनी जोहार हाट का छठा संस्करण 14 से 21 जून, 2023 तक कदमा के प्रकृति विहार में आयोजित किया जा रहा है। इस महीने की प्रदर्शनी में, भारत भर के 4 राज्यों के उद्यमी, 6 से अधिक जनजातियों का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रदर्शनी की थीम क्राफ्टिंग सस्टेनेबिलिटी सेलिब्रेटिंग वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे थ्रू हैंडीक्राफ्ट पर आधारित होगी। आगंतुक इस थीम को प्रदर्शनी की सजावट के साथ-साथ विभिन्न उत्पादों, व्यंजनों और प्रस्तुतियों के माध्यम से अनुभव करने में सक्षम होंगे। थीम को विशेष रूप से विश्व पर्यावरण दिवस के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसे 5 जून को मनाया गया था।

## लंबित मांगों को लेकर सहायक अध्यापक संघ एक बार फिर आंदोलन की राह पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड सहायक अध्यापक संघ की एक आवश्यक बैठक बुधवार को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डांगा में बलराम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान निर्णय हुआ कि लंबित मांगों को लेकर एक बार फिर से आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा और राज्य के एकीकृत संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर 17 जून को मुख्यमंत्री आवास का घेराव सह धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रखंड अध्यक्ष अनिल बरन माझी ने कहा कि आज तक हमें जो कुछ भी मिला है आंदोलन से ही मिला है। सचिव गौतम कुमार गोप ने कहा कि हेमंत सोरेन ने चुनाव से पहले सहायक अध्यापकों के लिए वेतनमान का जो वादा किया था वह अब तक लंबित है। अल्प मानदेय वृद्धि के सिवाय सरकार ने अब तक और कुछ नहीं दिया है। संयोजक उज्वल कांति दास ने कहा कि राज्य के एकीकृत संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से बलराम सिंह, अनिल बरन माझी, गौतम कुमार गोप, उज्वल कान्ति दास, निमाई भुइयां, गयासागर महतो, दुर्गाचरण माझी, रुहिता महतो, उषा रानी सहिस, तापस हालदार, दीपक वर्मा, परितोष महतो, प्रकाश महतो, रविन्द्र सिंह, जयदेव बोस, निर्मल महतो, दशरथ महतो, जोबा महतो, संध्या महतो, भारती टुडू व कालीपद सिंह आदि अध्यापकगण उपस्थित थे।


## पूर्व सांसद डॉक्टर अजय पोटका के 34 पंचायत में खिलाडियों को भेंट करेंगे खेल सामग्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जादूगोड़ा :** जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉक्टर अजय कुमार पोटका के 34 पंचायत में फुटबॉल व क्रिकेट सामग्री का इसी जून माह वितरण करेंगे। जिसकी जिम्मेदार पोटका प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष सौरभ चटर्जी व पंचायत अध्यक्ष को सौंपी गई है।सौरभ ने कहा कि यहां खेल के प्रति युवाओं में काफी रुझान है, लेकिन खेल सामग्री के अभाव में खेल प्रतिभा दम तोड देती है। पोटका में खेल को बढ़ावा देने को लेकर खेल सामग्री वितरित कर खिलाडियों को प्रोत्साहित किया जायेगा। पोटका प्रखंड में अबतक 25 पंचायतो में फुटबाल व क्रिकेट टीम का गठन पूरा हो चुका है अन्य 9 पंचायतो में चयन प्रकिया जारी है। इसी महीने पोटका के सभी 34 पंचायत में खिलाड़ियों का चयन कर पूर्व सांसद डॉक्टर अजय कुमार खेल सामग्री वितरित करने की योजना है।

## नारायणा जमशेदपुर के छात्रों का नीट में धमाकेदार प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आई.आई.टी. / नीट एकेडमी, जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने नीट (यू.जी.)-2023 में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। नारायणा के जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्याम भूषण ने कहा कि जेईई (मेन) में श्रेष्ठता साबित करने के बाद नीट प्रतियोगिता परीक्षा में भी नारायणा के छात्रों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। कहा कि नारायणा के जमशेदपुर सेन्टर से मेघना (ऑल इंडिया रैंक- 13905) एस. शिवानी नायडु ( ऑल इंडिया रैंक - 15207) को स्थान हासिल हुआ है, इसके अलावा अन्य सफल छात्रों में पियुष, स्नेह प्रतीक गोपाल, संगीता गुप्ता, शुभम मोदक, राजाश्री विश्वास, जसमीन हेम्ब्रम, निर्मला सिंह, शुभांगिनी विरुली, सौरम खालको, हर्ष राज, पुनम मुर्म, महेन्द्र गागराई छात्र - छात्राएं ने सफलता हासिल की है, जिसकी गणना अभी भी जारी है जिसमें और अधिक छात्रों के सफल होने की संभावना है। नारायणा के जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्री श्याम भूषण ने सफल छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते कहा कि आगामी जे.ई.ई. (एडवान्स) - 2023 की रिजल्ट में भी शहर के टॉपर नारायणा के छात्र-छात्राए होंगे।

# नक्सली घटना के शहीद जवानों को दिया गया श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के तिरुलडीह थाना अंतर्गत कुकडू साप्ताहिक हाट बाजार में 14 जून 2019 को हुए नक्सली घटना के 04 साल पूरा होने पर बुधवार को तिरुलडीह थाना परिसर में थाना प्रभारी रितेश कुमार की अध्यक्षता में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां तिरुलडीह थाना में पदस्थापित जवानों, अधिकारियों एवं क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने घटना में शहीद सभी पांचों पुलिसकर्मियों के चित्र पर बारी-बारी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर दो मिनट का मौन भी रखा गया। कार्यक्रम में तिरुलडीह थाना प्रभारी रितेश कुमार ने घटना में शहीद जवानों को नमन करते हुए समाज से भटके हुए लोगो को समाज के मुख्यधारा में लौटने की अपील की। मौके पर एएसआई हरदेव पासवान, एएसआई अशोक कुमार मिंज, हवालदार सागर हेम्ब्रम, हवालदार दीपक एक्का, हवालदार अवध किशोर दुबे, कुकडू प्रखंड के उप प्रमुख मो. एकराम, तिरुलडीह पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह मुंडा, छात्र नेता बिकास ठाकुर, चौड़ा के उप मुखिया लाल मोहम्मद आंसरी, वार्ड सदस्य चौड़ा के समेद आंसरी, सायेद आंसरी, निज़ाम आंसरी, आदि ग्रामीण एवं तिरुलडीह थाना के पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## झारखण्ड ह्यूमिनिटी फाउण्डेशन का अवॉर्ड फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस का आयोजन 25 जून को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अल्पसंख्यक विद्यालय के वैसे छात्र-छात्राओं को जिन्होंने अपने 10वीं की परीक्षा में बेहतर श्रेणी से परीक्षा उर्त्तीण किया है उन्हें झारखण्ड ह्यूमिनिटी फाउण्डेशन सम्मानित करेगा। इसको लेकर आज संस्था के अध्यक्ष रियाज शरीफ ने एक प्रेस वार्ता में बताया की 25 जून को अवॉर्ड फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस 2023 आयोजित की जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि कार्यक्रम का आयोजन पारडीह - मानगो मुख्य मार्ग अवस्थित राजवाड़ा पैलेस होगा। कार्यक्रम संध्या 6:00 बजे से आरंभ होकर रात्रि 9:00 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम को सम्बोधन करने वालों में मुख्य रूप से डॉ अब्दुल कदीर, चेयरमैन शाहीन ग्रूप ऑफ एज्युकेशन, मो इरशाद उल्लाह, चेयरमैन बिहार स्टेट सुन्नी वक्फ बोर्ड, मेवात (हरियाणा) इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक डॉ ख्वाजा मो रफी एवं राशिद जाफरी (एचआर) चीफ टीनप्लेट कम्पनी, जमशेदपुर होंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से संस्था के उपाध्यक्ष मुमताज अहमद, जहीर अहमद सिद्दीकी, उपाध्यक्ष, सचिव खालिद इकबाल, सैयद तारिक आलम एवं सदस्यगण अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# देश में आपदा प्रबंधन होगा और दुरुस्त, अमित शाह ने रु8000 करोड़ की 3 योजनाओं की घोषणा की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को देश में आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए 8000 करोड़ रुपये से अधिक राशि की तीन प्रमुख योजनाओं की घोषणा की, जिनमें शामिल हैं — (1) राज्यों में अग्निशमन सेवा के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 5,000 करोड़ रुपये की परियोजना, (2) सर्वाधिक जनसंख्या वाले सात महानगरों ङ्क मुंबई, चेन्नई, कोलकाता बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद और पुणे - में बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए के लिए 2,500 करोड़ रुपये की परियोजना और (3) भू-स्खलन शमन के लिए 17 राज्यों सहित केंद्रशासित प्रदेशों में 825 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय भू-स्खलन जोखिम शमन परियोजना। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित आपदा प्रबंधन मंत्रियों की बैठक में बतौर अध्यक्ष केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि इन तीन प्रमुख योजनाओं के कार्यान्वयन से जहाँ आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रणाली को मजबूती मिलेगी, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आपदा प्रतिरोधी भारत के संकल्प को साकार स्वरूप मिलेगा। बैठक के दौरान शाह ने रेखांकित किया कि, '2005-06 से 2013-14 तक के 9 साल और 2014-15 से 2022-23 तक के 9 सालों की तुलना करें तो, एसडीआरएफ को पहले 35,858 करोड़, रूपए जारी किए गए थे, जो लगभग तीन गुणा बढ़कर 1,04,704 करोड़ रूपए हो गया है। इसके अलावा एनडीआरएफ से जारी होने वाली राशि 25,000 करोड़ रूपए से बढ़कर, लगभग तीन गुणा वृद्धि के साथ 77,000 करोड़ रूपए हो गया है।' शाह का मानना है कि प्राकृतिक आपदा की स्थिति में राज्यों को किसानों को अधिक मुआवजा देने के लिए अपने बजटीय प्रावधान को बढ़ाना चाहिए। साथ ही, मॉडल अग्नि विधेयक, केंद्र सरकार द्वारा आपदा रोकथाम, आँधी-तूफान और बिजली गिरने तथा शीत लहर की रोकथाम के लिए बनाई गई नीतियों को पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए।

## पूर्व सीएम रघुवर दास पप्पू के घर पहुंचे, ढांढस बंधाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संरक्षक सरदार गुरदीप सिंह पप्पू के घर पहुंचे। उनकी मां सरदारनी बचन कौर के निधन पर शोक संवेदना जाहिर किया और परिजनों को ढांढस बंधाया। वरिष्ठ भाजपा नेता पप्पू के पिता एवं रागी गुरुदयाल सिंह से भी मिले और उनसे उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की और हौसला रखने को कहा। उन्होंने कहा कि बचन कौर सब कुछ देख गई है और उनके आशीर्वाद से ही परिवार भरा पूरा है और ईश्वर की इस रजा में रहना है। उनके साथ भाजपा महानगर महासचिव राकेश कुमार सिंह, भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह एवं अन्य थे। कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रदीप कुमार बलमुचू भी पप्पू के सीतारामडेरा स्थित आवास पहुंचे और परिजन से मिलकर अपनी शोक संवेदना जाहिर की। गत 8 जून को सरदारनी बचन कौर का निधन हो गया और 17 जून शनिवार की दोपहर साढ़े बारह बजे साकची गुरुद्वारा साहिब में अंतिम अरदास होगी।

## संपादकीय

# साझी विरासत का सफर

**क्षेत्रीय** राजनीति की बाहों में फिर कहीं पंजाब पुनर्गठन की लकीरें और दूर कहीं भारत के संघीय ढांचे में रूठने का सबब। इधर हिमाचल ओपीएस कंट्रीब्यूशन के 9 हजार करोड़ मांग रहा है, तो उधर पंजाब रूरल डिवेल्पमेंट फंड और नेशनल हैल्थ मिशन की अपनी हिस्सेदारी न मिलने पर आंसू बहा रहा है। हरियाणा को पंजाब के मार्फत हिस्से का पानी नहीं पहुंचा तो हिमाचल के पंखों को खुलने से पहले केंद्र आंतरिक लोन और बाहरी फंडिंग से रोक रहा है। दिल्ली से हिमाचल तक देश यूं तो सियासी तौर पर हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ को देखता रहा है, लेकिन इन राज्यों में साझी विरासत को नजरअंदाज करके हमने आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक विषमताएं पैदा कर ली हैं। ऐसा विवेचन तो हुआ कि पंजाब पुनर्गठन ने पंजाब, हरियाणा और पंजाब के पर्वतीय इलाकों के मिलन से हिमाचल को एक दूसरे के खिलाफ कितना प्रतिस्पर्धी बनाया, लेकिन इसके असंतोष की लहरें और आर्थिक समाधानों की बाहें हमने तोड़ डालीं। बात-बात पर पंजाब का हरियाणा या हिमाचल से टकराना बेशक राजनीतिक पल्लेदारी तो बढ़ाता रहा, मगर इन राज्यों ने खुद को एक दूसरे के करीब रेखांकित नहीं किया। अलबत्ता केंद्र की चौधराहट ने विफलताओं के समुद्र में इन तीनों राज्यों को बारी-बारी और अलग-अलग परिप्रेक्ष्य में डुबोया। अगर एक साथ चलते तो खेत से बागीचे तक, कनेक्टिविटी से पर्यटन तक और आपसी सहयोग से नागरिक समाज को खुशहाली तक आर्थिक गतिविधियां बढ़ाते हुए रोजगार को एक मुकाम तक पहुंचा पाते। इस दौरान गुडग़ांव ने देश की राजधानी के स्पर्श में, लुधियाना ने औद्योगिक विकास के संघर्ष में तथा बीबीएन ने फार्मा हब होने के दस्तूर में भले ही मुकाम पाया, लेकिन क्या ऐसे अनेक केंद्र इस भू भाग की रोजगार आभा नहीं बढ़ा पाते। दरअसल पंजाब पुनर्गठन अपने इतिहास में ऐसा भूगोल पैदा करने की वजह जरूर बन गया जिसने समाज की संरचना को सियासी पैदावार में तबदील कर दिया। इस दौरान सत्ता हरियाणा, पंजाब या हिमाचल की रही हों, इसके क्षेत्रफल में पनपते क्षेत्रवाद ने जाति, धर्म और पुनर्गठन के मर्म तक को बदल दिया। हर भूखंड में सत्ता का एक न एक वर्ग हावी हो गया और अंततः क्षेत्रीय तरक्की दासी बनकर केंद्र के चरणों में पड़ी रही। पी एल एफ एस के अनुसार (2021-22) हरियाणा की बेरोजगारी दर 9.3 प्रतिशत आंकी गई है, जो बता रही है कि इस राज्य में कितनी फिसलन है। पंजाब राज्य में पिछले 15 साल में ऋण 2.21 लाख करोड़ बढ़ गया है, जबकि हिमाचल करीब 76 हजार करोड़ के कर्ज में हाथ पांव मार रहा है और उधर केंद्र की वित्तीय नाकेबंदी ने उधार लेना या अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से फंडिंग करवाने के लिए भी बंदिशें लगा दी हैं। हिमाचल की विडंबना यह रही कि इसने पंजाब पुनर्गठन से मिले इलाकों को केवल सियासी प्रतिस्पर्धा में ही देखा और एक ऐसी राजनीति पैदा की गई जो ऊपरी और निचले या पुराने व नए हिमाचल के भेदभाव में अपराध के बोध से ग्रस्त रही। हैरानी यह कि हिमाचल ने पंजाब के पर्वतीय क्षेत्रों के कारण मिली 7.19 प्रतिशत की हिस्सेदारी में न अपने अधिकार देखे और न ही इसके एवज में संपन्नता को छुआ। कायदे से चंडीगढ़ में हिमाचल ने इसी दर में हिस्सेदारी सुनिश्चित की होती, तो बराबरी और भविष्य के पैगाम बदल जाते। ऐसे में पंजाब, हरियाणा और हिमाचल को खुद में टुकड़े देखने के बजाय लौटकर साझी विरासत के तहत अपने आर्थिक लक्ष्यों में मेलजोल की आर्थिकी खोजनी होगी। मसलन अगर चंडीगढ़ में हरियाणा, पंजाब व हिमाचल के नाम से तीन विशेष आर्थिक जोन आबंटित करके इन्हें आपसी सहयोग के आर्थिक मंच का स्वरूप दें, तो न केवल इन राज्यों के बीच सेतु, स्थापित होंगे, बल्कि राजधानी और केंद्रीय प्रबंधन के तहत विकसित हुए इस भूखंड में गतिविधियां भी बढ़ेंगी। हिमाचल अपने कई केंद्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में स्थापित कर सकता है। या केंद्र के क्षेत्रीय कार्यालयों में खुद को स्थापित कर सकता है। चंडीगढ़ से हरियाणा, पंजाब और हिमाचल संबोधित होते हैं, तो पर्यटन, क्षेत्रीय परियोजनाएं, संपर्क मार्ग, कनेक्टिविटी तथा क्षेत्रीय हवाई सेवाओं के साथ-साथ इस केंद्रीय शासित प्रदेश में होने की तहजीब फिर से राष्ट्रीय संभावनाओं का शिष्टाचार बन सकती है।

> हरियाणा को पंजाब के मार्फत हिस्से का पानी नहीं पहुंचा तो हिमाचल के पंखों को खुलने से पहले केंद्र आंतरिक लोन और बाहरी फंडिंग से रोक रहा है। दिल्ली से हिमाचल तक देश यूं तो सियासी तौर पर हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ को देखता रहा है, लेकिन इन राज्यों में साझी विरासत को नजरअंदाज करके हमने आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक विषमताएं पैदा कर ली हैं। ऐसा विवेचन तो हुआ कि पंजाब पुनर्गठन ने पंजाब, हरियाणा और पंजाब के पर्वतीय इलाकों के मिलन से हिमाचल को एक दूसरे के खिलाफ कितना प्रतिस्पर्धी बनाया, लेकिन इसके असंतोष की लहरें और आर्थिक समाधानों की बाहें हमने तोड़ डालीं।

## कुछ अलग

# एक सौ लड़कियों का यौन शोषण

**यदि** भारतीय कुश्ती संघ में फिजियोथेरेपिस्ट रहे परमजीत मलिक के खुलासे पर भरोसा किया जाए और दिल्ली पुलिस उन्हें चश्मदीद गवाह के तौर पर समन कर उनके बयान दर्ज करे, तो पहलवानों के यौन-शोषण केस में तूफान मच सकता है। फिजियो के खुलासों का सारांश है कि कुश्ती संघ और कैंपों के भीतर 100 से ज्यादा महिला पहलवानों का यौन-शोषण किया गया। उन्हें इस काम के लिए विवश किया गया। रात के अंधेरे में वे वाहन लड़कियों को लाने के लिए भेजे जाते थे, जो कुश्ती संघ के तत्कालीन अध्यक्ष एवं भाजपा के बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह की सुरक्षा में तैनात किए गए थे। फिजियो का दावा है कि कई महिला पहलवानों ने उनसे अपना दुखड़ा रोया। वे किसी भी सूरत में कुश्ती नहीं छोडऩा चाहती थीं, क्योंकि उन्होंने चैम्पियनशिप का पर्याप्त प्रशिक्षण ग्रहण कर लिया था। फिजियो ने तत्कालीन कोच कुलदीप मलिक और सेन से भी उस 'नरक' का कई बार उल्लेख किया था। अंततः कुश्ती संघ से फिजियो की ही छुट्टी कर दी गई। एक और चश्मदीद साक्ष्य हैं-जगबीर सिंह। वह कुश्ती के कई मुकाबलों में अंतरराष्ट्रीय रेफरी थे। उन्होंने थाईलैंड के फुकेट आईलैंड के एक प्रसंग का खुलासा किया है, जब बृजभूषण ने फोटो सेशन के दौरान ही एक महिला पहलवान को आपत्तिजनक रूप से छुआ था और लडक़ी को अपनी अस्मत बचाने को वहां से भागना पड़ा था। विदेश में बृजभूषण ने भारतीय भोजन की व्यवस्था कराई थी और सभी खिलाडिय़ों, कोच, रेफरी और कुश्ती संघ के मौजूद अधिकारियों आदि को न्योता दिया गया था। उस दौरान बृजभूषण शरण सिंह और अन्य ने खूब शराब पी और महिला पहलवानों पर फब्तियां भी कसीं। उन्हें गलत जगह छुआ भी गया। पुलिस ने रेफरी से बात कर बयान भी लिए हैं। कुश्ती के दोनों ओहदेदारों ने आंखों देखी करतूतों का सार्वजनिक खुलासा भी किया है। हरियाणा के सोनीपत में 10 जून को जो खाप पंचायत बुलाई गई थी, जगबीर तो उसमें भी मौजूद थे और उन्होंने कुश्ती के 'भेडिय़ों' का भंडाफोड़ जरूर किया होगा। दरअसल यह मामला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय कुश्ती संघ की 'काली-भद्दी हरकतों' का ब्यौरा बयां कर रहा है। यदि देश की राष्ट्रीय ओलंपिक परिषद अंतरराष्ट्रीय परिषद को यौन-शोषण, उत्पीडऩ की शिकायत कर दे, तो बृजभूषण को खेल के संघों और दुनिया से उम्र भर के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी और अन्य पक्ष ऐसी गंभीरता और फजीहत को लेकर चिंतित क्यों नहीं हैं? यह मामला बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट आदि विख्यात पहलवानों का नहीं है। वे तो दुनिया में भारत और कुश्ती का परचम लहरा चुके हैं। यदि यहीं उनके करियर पर विराम लग जाता है, तो उन्हें ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन एक ही खेल-संघ के भीतर 100 से ज्यादा महिला पहलवानों का यौन-शोषण... ! यकीनन यह एक गंभीर अपराध है। कुश्ती का खेल प्रभावित हो सकता है! भारत के खेलों पर लैंगिक उत्पीडऩ का धब्बा लगाया जा सकता है। एक सरकार के तौर पर, सिर्फ अपने सांसद को बचाने के मद्देनजर, आंखें कब तक मूंदे रखोगे? कुछ गलत अफवाहें भी फैलाई जा रही हैं। साक्ष्यों से खिलवाड़ किया जा रहा है। ये भी अद्र्धसत्य हैं। यदि पॉक्सो कानून में प्राथमिकी दर्ज की गई है, तो उसे निरस्त करने का अधिकार सिर्फ उच्च न्यायालय को ही है। पुलिस या बाहुबली आरोपित इस संदर्भ में कुछ नहीं कर सकते। नाबालिग पहलवान ने धारा 164 के तहत न्यायाधीश के सामने जो बयान दर्ज कराया है और फिर दूसरा बयान दिया है, तो यह भी न्यायाधीश के विवेक पर है कि वह कौन-सा बयान स्वीकार करते हैं। बहरहाल सवाल यह है कि क्या यौन-अपराधों पर देश में इंसाफ नहीं मिलेगा?

## दुनिया के विभिन्न देशों के साथ शीघ्रतापूर्वक मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को आकार देना होगा

# चुनौतियों के बीच भी बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

डा. जयंतीलाल भंडारी

> पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में देश की विकास दर अनुमानों से अधिक 7.2 फीसदी रही है। हाल ही में एक जून को प्रकाशित अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के अहम आंकड़ों ने वैश्विक आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भी अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी का जोरदार संकेत देते हुए विकास दर के 6.5 फीसदी रहने की संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। गौरतलब है कि पिछले माह मई 2023 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), विनिर्माण के लिए पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई), यात्री वाहनों की बिक्री और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये हुए लेनदेन में प्रभावी वृद्धि पाई गई है। यदि हम आंकड़ों की ओर देखें तो पाते हैं कि मई 2023 में जीएसटी संग्रह मई, 2022 के मुकाबले 12 फीसदी बढक़र 1.57 लाख करोड़ रुपये रहा।

**इन** दिनों प्रकाशित हो रही वैश्विक आर्थिक एवं वित्तीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि इस वित्त वर्ष 2023-24 में दुनिया में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की विकास दर तेजी से बढ़ेगी और दुनिया में सर्वाधिक होगी। ज्ञातव्य है कि पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में देश की विकास दर अनुमानों से अधिक 7.2 फीसदी रही है। हाल ही में एक जून को प्रकाशित अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के अहम आंकड़ों ने वैश्विक आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भी अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी का जोरदार संकेत देते हुए विकास दर के 6.5 फीसदी रहने की संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। गौरतलब है कि पिछले माह मई 2023 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), विनिर्माण के लिए पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई), यात्री वाहनों की बिक्री और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये हुए लेनदेन में प्रभावी वृद्धि पाई गई है। यदि हम आंकड़ों की ओर देखें तो पाते हैं कि मई 2023 में जीएसटी संग्रह मई, 2022 के मुकाबले 12 फीसदी बढक़र 1.57 लाख करोड़ रुपये रहा। उत्पादन में तेजी के कारण मई में पीएमआई 58.7 पर पहुंच गया। पिछले 31 महीनों में पीएमआई का यह सबसे ऊंचा स्तर है। मई 2023 में यात्री वाहन उद्योग भी तेजी से आगे बढ़ा। यात्री वाहनों की बिक्री भी मई 2022 के मुकाबले 13.5 फीसदी बढक़र 334802 इकाई हो गई। इसी तरह मई में यूपीआई लेन-देन ने भी रिकॉर्ड बना दिया। इस महीने में 14.3 लाख करोड़ रुपये के लेन-देन हुए। मई 2023 में कुल 941 करोड़ यूपीआई लेन-देन थे, जो मई 2022 से 6 फीसदी अधिक रहे। ऐसे में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी और आर्थिक वृद्धि के अनुमान बढ़ गए हैं। निश्चित रूप से हाल ही में प्रकाशित उत्साहवद्र्धक आर्थिक आंकड़ों से देश की वैश्विक क्रेडिट रेटिंग भी बढ़ेगी। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि विभिन्न वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भी भारत की अनुकूल क्रेडिट रेटिंग का परिदृश्य है। 18 मई को दुनिया की प्रमुख अमेरिका की एसऐंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत की सॉवरिन रेटिंग स्थिर परिदृश्य के साथ दीर्घावधि के लिए 'बीबीबी.' और कम अवधि के लिए '।.3' रखी है। यह परिदृश्य बताता है कि भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था और राजस्व में अच्छी वृद्धि राजकोष को मजबूती प्रदान करेगी। साथ ही एसऐंडपी ने उम्मीद जताई है कि भारत की वास्तविक वृद्धि दर वित्त वर्ष 24 में 6 प्रतिशत रहेगी क्योंकि निवेश और उपभोक्ताओं का रुख वृद्धि में अगले कुछ साल तक मददगार रहेगा। ऐसे में वित्त वर्ष 25 और वित्त वर्ष 26 में भारत के लिए 6.9 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। गौरतलब है कि प्रमुख वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में चुनौतीपूर्ण वैश्विक वित्तीय स्थिति के बावजूद भारत वैश्विक आर्थिक झटकों को इसलिए सरलतापूर्वक झेल जाएगा, क्योंकि भारत का चालू खाते के घाटे (सीएडी) में सुधार हुआ है। चालू खाते का घाटा कम अवधि की प्रमुख विदेशी देनदारी के रूप में पहचाना जाता है। इससे विनिमय दर और विदेशी निवेशकों की धारणा प्रभावित होती है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने भारत की रेटिंग बीबीबी. बरकरार रखी है। दीर्घ अवधि के ऋण पर भारत का परिदृश्य स्थिर रखा है। रेटिंग निर्धारित करते हुए फिच ने कहा कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में सरकार के सहयोग से कंपनियों और बैंकों के बही-खाते में काफी सुधार हुआ है और आधारभूत संरचना के विकास पर भी अधिक ध्यान दिया जा रहा है। निजी क्षेत्र भी बड़े स्तर पर निवेश करने की तैयारी कर रहा है। फिच ने कहा कि बढ़ी महंगाई, ऊंची ब्याज दरों और वैश्विक स्तर पर मांग में कमी की बड़ी चुनौतियों के बीच भारत की आंतरिक वित्तीय स्थिति थोड़ी कमजोर जरूर है और प्रति व्यक्ति आय और विश्व बैंक के मानकों पर भी भारत थोड़ा फिसला है, लेकिन दूसरे देशों की तुलना में भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं काफी मजबूत हैं और विदेश से आने वाले वित्तीय संसाधन भी संतोषप्रद हैं। निवेश की बेहतर संभावनाओं के बीच वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर 6 फीसदी और वित्त वर्ष 2024-25 तक देश की आर्थिक वृद्धि दर बढक़र 6.7 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। इसी प्रकार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में भी कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की बढ़ी हुई अनिश्चितताओं के बीच भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन दुनिया में भारत की अहमियत बढ़ा रहा है। वर्ष 2023 में कुल वैश्विक विकास में भारत 15 फीसदी से भी अधिक का योगदान देगा। जहां पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की विकास दर दुनिया में सबसे अधिक रही है, वहीं आगामी वित्त वर्ष 2023-24 में भी भारत की विकास दर 6 फीसदी से अधिक के स्तर पर रहते हुए फिर सर्वोच्च होगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत का बढ़ता विदेश व्यापार और भारत का बढ़ता निर्यात भारत की वैश्विक क्रेडिट रेटिंग को संतोषप्रद बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया की आर्थिक अस्थिरताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2022-23 में भारत का विदेश व्यापार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचते हुए 1.6 लाख करोड़ डॉलर मूल्य की ऊंचाई पर रहा है। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का विदेश व्यापार 1.43 लाख करोड़ डॉलर रहा था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का विदेश व्यापार पिछले वर्ष के विदेश व्यापार से और अधिक ऊंचाई पर पहुंच सकता है। निःसंदेह बढ़ते हुए वैश्विक खाद्यान्न संकट के बीच भारत में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और खाद्यान्न का बढ़ता निर्यात भारत की दुनिया में आर्थिक व मानवीय साख बढ़ा रहा है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक सरकार ने वर्ष 2021-22 में 50 अरब डॉलर से अधिक का कृषि निर्यात किया है, वह वर्ष 2022-23 में 56 अरब डॉलर से अधिक की ऊंचाई पर है तथा अब नई विदेश व्यापार नीति से कृषि निर्यात नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचेगा। वल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा प्रकाशित वैश्विक कृषि व्यापार में रुझान रिपोर्ट 2021 के मुताबिक दुनिया में कृषि निर्यात में भारत ने नौवां स्थान हासिल किया है। यद्यपि 31 मई को प्रस्तुत जीडीपी के आंकड़ों के मुताबिक दुनियाभर में भारत 7.2 फीसदी विकास दर के साथ सबसे तेज अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में रेखांकित हो रहा है और भारत की वैश्विक आर्थिक साख संतोषप्रद है, लेकिन अभी भी वैश्विक क्रेडिट रेटिंग को सुधारने और चालू वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर को ऊंचाई देने के लिए कई बातों पर ध्यान देना जरूरी है। इस वर्ष 2023 में जी-20 की अध्यक्षता की कमान रखते हुए भारत के मेक इन इंडिया और मेक फॉर ग्लोबल की डगर पर तेजी से आगे बढऩा होगा।



# छात्रों की आत्महत्या के बढ़ते मामले देश और समाज को झकझोरने वाले हैं

> छात्रों में आत्महत्या की यह बढ़ती प्रवृत्ति अब सरकार के साथ-साथ समाज को भी गंभीर चिंतन-मनन के लिए विवश करने हेतु पर्याप्त है। कुछ मामलों में परीक्षाओं के दौरान प्रश्नपत्र सही से हल नहीं कर पाने और कई बार परीक्षा की समुचित तैयारी नहीं होने पर भी छात्र हताश होकर जान देने लगे हैं। पिछले कुछ वर्षों से ऐसी दुखद घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। देश के युवा वर्ग और खासकर 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। शिक्षा तथा कैरियर में गलाकाट प्रतिस्पर्धा और माता-पिता तथा शिक्षकों की बढ़ती अपेक्षाओं के चलते छात्रों पर पढ़ाई का बढ़ता अनावश्यक दबाव इसका सबसे बड़ा कारण है, जिसने छात्रों के समक्ष विकट स्थिति पैदा कर दी है। कई बच्चे इस दबाव को झेल नहीं पाते, जिसके चलते उनमें अवसाद पनपता है। कई अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि परीक्षाएं नजदीक आने के साथ ही छात्रों में चिंता और अवसाद बढ़ने लगता है और कुछ मामलों में यही बढ़ता अवसाद उनके आत्महत्या करने का कारण बन जाता है।

**प्रतियोगी** परीक्षाओं की तैयारी को लेकर अत्यधिक मानसिक दबाव के कारण देश के प्रमुख कोचिंग हब बने राजस्थान के कोटा में तो अक्सर छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आती ही रहती हैं, अब नामीगिरामी इंजीनियरिंग और मेडिकल संस्थानों में भी छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने के बढ़ते मामले समाज को झकझोरने लगे हैं। छात्रों में आत्महत्या की यह बढ़ती प्रवृत्ति अब सरकार के साथ-साथ समाज को भी गंभीर चिंतन-मनन के लिए विवश करने हेतु पर्याप्त है। कुछ मामलों में परीक्षाओं के दौरान प्रश्नपत्र सही से हल नहीं कर पाने और कई बार परीक्षा की समुचित तैयारी नहीं होने पर भी छात्र हताश होकर जान देने लगे हैं। पिछले कुछ वर्षों से ऐसी दुखद घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। देश के युवा वर्ग और खासकर 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। शिक्षा तथा कैरियर में गलाकाट प्रतिस्पर्धा और माता-पिता तथा शिक्षकों की बढ़ती अपेक्षाओं के चलते छात्रों पर पढ़ाई का बढ़ता अनावश्यक दबाव इसका सबसे बड़ा कारण है, जिसने छात्रों के समक्ष विकट स्थिति पैदा कर दी है। कई बच्चे इस दबाव को झेल नहीं पाते, जिसके चलते उनमें अवसाद पनपता है। कई अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि परीक्षाएं नजदीक आने के साथ ही छात्रों में चिंता और अवसाद बढ़ने लगता है और कुछ मामलों में यही बढ़ता अवसाद उनके आत्महत्या करने का कारण बन जाता है। इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों में तो सीटें बहुत होने के कारण अब बहुत ज्यादा प्रतिस्पर्धा होने लगी है, वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे शिक्षण संस्थानों में सामान्य स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी अब जबरदस्त मारामारी होने लगी है। ऐसे में छात्र अपनी शिक्षा और भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में रहते हैं। किसी को कैरियर या नौकरी की चिंता है तो कोई पारिवारिक वित्तीय संकट से जूझ रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े देखें तो जहां 2020 में देशभर में कुल 12526 छात्रों ने आत्महत्या की, वहीं 2021 में यह आंकड़ा बढ़कर 13089 हो गया। वैसे आत्महत्या की यह समस्या अब केवल छात्रों तक ही सीमित नहीं है बल्कि देश में आत्महत्या के मामलों में जिस प्रकार साल दर साल उछाल आ रहा है, वह समूचे समाज के लिए गंभीर चिंता का कारण बन रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में हर 40 सैकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिये अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा तो काफी चिंताजनक है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। मनोचिकित्सकों के अनुसार जब भी कोई व्यक्ति या युवा गहरे मानसिक तनाव से जूझ रहा होता है तो उसके व्यवहार में पहले की अपेक्षा कुछ बदलाव देखने को मिलते हैं। ऐसे में आसपास मौजूद लोगों तथा परिजनों की यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है कि वे ऐसे व्यक्ति अथवा युवा को इमोशनल, मेंटल या फिजिकल जैसी भी जरूरत हो, सहयोग करें, उसका मनोबल बढ़ाने का प्रयास करें ताकि वह व्यक्ति स्वयं को अकेला महसूस न करे। मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या करना काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या करने के पीछे अधिकांशतः अवसाद को ही जिम्मेदार ठराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण है लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुताबिक आत्महत्या करने का विचार किसी इंसान के अंदर तब पनपता है, जब वह किसी मुश्किल से बाहर नहीं निकल पाता। जहां तक छात्रों की बात है तो छात्रों के बढ़ते आत्महत्या के मामलों के लिए कहीं न कहीं अभिभावक भी दोषी हैं। दरअसल अधिकांश मामलों में देखने को मिलता है कि ज्यादातर माता-पिता या अभिभावक अपने बच्चों की क्षमता और अभिरूचि को सही ढंग से नहीं समझ पाते और उनसे जरूरत से ज्यादा अपेक्षाएं रखते हुए परीक्षा के समय भी उनकी मनोदशा से अनभिज्ञ रहते हैं। कई मामलों में ऐसे छात्र जरूरत से ज्यादा मानसिक दबाव के कारण गलत कदम उठा बैठते हैं। ऐसे मामलों में छात्रों को मानसिक दबाव से बाहर निकालने में सबसे बड़ी भूमिका अभिभावकों, करीबी लोगों और शिक्षकों की ही हो सकती है, जो उन्हें सहानुभूतिपूर्वक समझाएं कि किसी भी असफलता से उनके जीवन का निर्धारण नहीं होता और हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते। उन्हें इस बात के लिए प्रोत्साहित करें कि वे सकारात्मक सोच के साथ अपनी क्षमतानुसार मेहनत करके भी सफलता की बुलंदियों को छू सकते हैं। हालांकि सरकार, सामाजिक संस्थाओं शिक्षण संस्थानों की ओर से हाल के वर्षों में छात्रों की काउंसलिंग के साथ उनकी पढ़ाई में मदद करने तथा जरूरत महसूस होने पर चिकित्सकीय परामर्श मुहैया कराने के प्रयास हो रहे हैं लेकिन इन प्रयासों में और तेजी लाने की जरूरत है।



## देश दुनीया से

# मानव जीवन के लिए योग की उपादेयता

**आज** सम्पूर्ण विश्व में स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा अवदान यदि कोई दे रहा है तो वह योग है। इसकी चर्चा और महत्ता के साथ प्रायोगिक ढंग से योग की उपादेयता को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस दर्शाता है। प्रतिवर्ष 21 जून को यह पावन दिवस विश्वभर में मनाया जाता है। 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग से सम्बन्धित एक प्रभावशाली भाषण के साथ भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी नींव रखी थी। इसी का प्रतिफल है कि प्रतिवर्ष 21 जून को वर्ष 2015 से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में विश्व भर में मनाया जा रहा है। अपने गौरवमयी वांग्मय की सौरभ को सम्पूर्ण विश्व में प्रचारित-प्रसारित करना और इसे विश्व उत्सव के रूप में रूपायित करना हम सभी के लिए सम्मान का विषय है। इसी आधार को समक्ष रखते हुए केन्द्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला भी योग की प्रासंगिकता के लिए कटिबद्ध है। यह सत्य है कि संसार के सभी मनुष्य शान्त और मैत्रीवत्त भाव से अपने जीवन को व्यतीत करना चाहते हैं। आज किसी भी राष्ट्र और समाज का व्यक्ति जो भी कार्य कर रहा है, उसका उद्देश्य स्वयं को सुखी रखना रहा है। यह भी सत्य है कि संसार का प्रत्येक व्यक्ति इस बात को मानता है कि सम्पूर्ण विश्व में शान्ति स्थापित होनी चाहिए। यह शान्ति कैसे स्थापित हो? सभी राष्ट्र अपनी-अपनी चिन्तनसरणी से उपाय तलाश करने का प्रयत्न करते हैं। अनेक अवधारणाओं द्वारा सभी मतैक्य की सम्भावना समक्ष नहीं आती। यह कहना समीचीन है कि एक रास्ता है जो समग्र रूप में परिपूर्ण है जिससे समस्त विश्व की मानवता निर्भय होकर सुख, शान्ति और आनन्द की अनुभूति प्राप्त कर सकती है, वह है योग। भारत राष्ट्र के लिए यह गौरव का विषय है कि महर्षि पतंजलि ने भारतीय वांग्मय में जिस दिव्य औषधि का उन्नयन किया, जिससे शारीरिक-मानसिक और आत्मिक शान्ति का प्रणयन हो वह है योग, जिसे अष्टांग योग से भी अभिहित किया गया है। यह एक ऐसा आधार है जिससे व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर, शारीरिक और मानसिक शान्ति स्थापित की जा सकती है। हमारे शास्त्रों में योग को समाधि का वाचक भी माना गया है। जिसमें मन को भली-भान्ति समाहित किया जा सके। योग भारत भूमि की ऐसी अपरिमेय सम्पत्ति है जो अनवरत अखण्ड, अटूट और नवीन दिशा का सन्धान करने वाली है। व्यक्तित्व के निर्णायक तत्वों का निर्माण भी योग से ही सम्भव है जिससे व्यक्ति के जीवन में स्थिरता, धैर्य और अनुशासन का प्रादुर्भाव होता है। अनुशासन व्यक्तित्व निर्मिती करता है तथा व्यक्तित्व से चरित्र और चरित्र से नवीन समाज का सन्धान होता है। वशिष्ठ संहिता का अवलोकन किया जाए तो वहां मन को शान्त करने की प्रक्रिया को योग कहा गया है। योग दर्शन में चित्त की वृत्तियों के निग्रह को योग कहा है। उपनिषदों में कहा गया है कि जब पांच इन्द्रियां एकाग्र हो जाती हैं, ऐसी स्थिति में बुद्धि एकात्मकता को लिए स्थिर हो जाती है, वही अवस्था योग है। व्यावहारिक स्तर पर योग शरीर, मन और भावनाओं का संतुलन है। भावनाओं का सम्बन्ध हमारी मानसिक वृत्तियों से है। वृत्तियां जब निरुद्ध होंगी तो मानसिक रूप से जीवन स्वस्थ होग, यही योग का मूल उत्स है। भारतीय संस्कृति में योग आदि से उच्चतर शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक व्यक्तित्व के निर्माण के लिए अग्रणी रहा है। भौतिक दृष्टि से भी देखें तो शरीर को स्वस्थ रखने का मूल आधार भी योग है, जिससे मानसिक शक्ति का विकास, रचनात्मकता का विकास, तनाव से मुक्ति, प्रकृति विरोधी जीवनशैली का सुधार, उत्तम शारीरिक क्षमता और शारीरिक रोगों से मुक्ति मिलती है। आज व्यक्ति जिस तीव्रता से अपनी जीवन यात्रा व्यतीत कर रहा है इस जीवन शैली में एक बहुत बड़ा परिवर्तन आ गया है। हमारे जीवन की व्यवस्था पूर्णतः बदल गयी है।

> भारत राष्ट्र के लिए यह गौरव का विषय है कि महर्षि पतंजलि ने भारतीय वांग्मय में जिस दिव्य औषधि का उन्नयन किया, जिससे शारीरिक-मानसिक और आत्मिक शान्ति का प्रणयन हो वह है योग, जिसे अष्टांग योग से भी अभिहित किया गया है।यह एक ऐसा आधार है जिससे व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर, शारीरिक और मानसिक शान्ति स्थापित की जा सकती है। हमारे शास्त्रों में योग को समाधि का वाचक भी माना गया है। जिसमें मन को लभी-भान्ति समाहित किया जा सके। योग भारत भूमि की ऐसी अपरिमेय सम्पत्ति है जो अनवरत अखण्ड, अटूट और नवीन दिशा का सन्धान करने वाली है।

## नागरिक बोध

# नए संसद भवन का तोता

**आए** दिन देश की राजधानी के पक्षी परेशान होने लगे हैं। जिस तरह देश निरंतर तरक्की कर रहा है, दिल्ली के पक्षियों के लिए अपने जीने के निशान खोजने मुश्किल हो रहे हैं। वे तरक्की का आसमान ऊंचा होते देखकर इसलिए भी परेशान हैं कि नीचे धरती पर इनसान कितना उड़ रहा है। यह उनके अस्तित्व का सवाल बन गया, इसलिए उन्होंने भी अपनी संसद बुलाने का फैसला किया। दरअसल यह फैसला देश की पुरानी संसद के आसपास उड़ते रहे पक्षियों का था। वे यह भी चाहते थे कि जिस तरह देश की पुरानी संसद के बाद नए भवन की आलीशान शुरुआत हुई, उसी तरीके से वे भी नई लोकतांत्रिक इमारत के ऊपर उड़ें। हद तब हो गई जब दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों के पक्षी भी ख्वाहिश करने लगे कि उनका एकाधिकार संसद भवन पर हो। कुछ पक्षी मंदिरों से आए थे। उन्होंने साधु-संत समाज को संसद में पहुंचते देखा था, तो स्वाभाविक रूप से वे भी इसे अपना कार्य क्षेत्र बनाना चाहते थे। जिन पक्षियों ने माफिया की सांठगांठ में प्रशासन को चलते देखा था, वे अपने पंखों से संसद भवन तक को कब्जे में लेना चाहते थे। कनॉट प्लेस के पक्षी चालाक थे। वे अतीत से आज तक देश के इतिहास को बदलते हुए देखते रहे थे, लिहाजा उन्होंने मान लिया था कि इतिहास को सदा-सदा बदलने के लिए नए संसद भवन से बेहतर ठिकाना और कहां होगा। दिल्ली में तमाम सरकारी कार्यालयों, मंत्रालय भवनों और सांसदों के रिहायशी इलाकों में रहने वाले पक्षियों को तो पहले से ही आभास था, सो उन्होंने एक बड़ी पक्षी श्रृंखला नए संसद भवन के आसपास बना रखी थी ताकि संसद पर मंडराने का उनका अधिकार सदा-सदा के लिए स्थापित हो सके। अब दिल्ली में पक्षियों के दो बड़े वर्ग बन चुके थे। एक वे जो नए संसद भवन तक उडऩे का लोकतांत्रिक आधिपत्य चाहते थे और दूसरे वे जो सरकारी कार्य संस्कृति के साथ पुरानी संसद तक अपनी उड़ान पूरी करते रहे थे। ये खुद को सत्ता मानते हुए दूसरे पक्षियों को विपक्षी मान चुके थे, लिहाजा दिल्ली इस बहाने आसमान में उड़ते पक्ष और विपक्ष के स्वरूप को अब पक्षियों में भी देखने लगी है। नए संसद भवन पर पक्षी विवाद बढ़ता गया, तो तथाकथित सत्ता के पक्षी एक तरफ तो विपक्ष के दूसरी तरफ हो गए। सरकारी कोठियों, भवनों तथा सत्ता के सांसदों के रिहायशी इलाकों में दाना चुगते रहे पक्षी तरह-तरह के आरोप लगाकर नव आगुंतकों को नए संसद भवन तक आने से रोकने लगे। दूसरे पक्षी पुराने संसद भवन के ठीक ऊपर अपनी संसद बुला चुके थे। उन्हें लगता था कि नई संसद को छूना उनके दाएं पंख का काम है, पर वे इस दूरी को पाट नहीं पा रहे थे। अंततः उनके बीच बैठा एक तोता सामने आया। वह पहले लोकतंत्र-लोकतंत्र रटता रहा था, लेकिन अब यह भूल कर संसद-संसद रट रहा था। पक्षी खुश हुए कि वह उन्हें नए संसद भवन पर बैठने का कोई तिकड़म बता देगा।

# उग्रवादी हिंसा अनुकंपा समिति, कारा सुरक्षा की बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में उग्रवादी हिंसा अनुकंपा समिति, कारा सुरक्षा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम समिति द्वारा उग्रवादी हिंसा के आश्रितों के अभ्यावेदनों की विस्तार से समीक्षा की गई। समिति द्वारा कुल 05 अभ्यावेदनों की समीक्षा की। विचार विमर्श के बाद समिति द्वारा 05 में से 03 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की गई। कारा सुरक्षा की समीक्षा बैठक में कारा सुरक्षा के मद्देनजर कारा में रखे गए कैदियों की संख्या, जेल भवन की वर्तमान स्थिति, पीने के साफ पानी, भोजन की व्यवस्था, शौचालय इत्यादि समेत अन्य जानकारी ली गई। एवं कारा सुरक्षा को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा मंडल कारा में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरा को सदैव क्रियाशील रखने का निर्देश दिया गया साथ ही कारा अधीक्षक से कारा सुरक्षा संबंधित अन्य जानकारी ली गई एवं निर्देशित किया गया कि कारा सुरक्षा को लेकर पदाधिकारी पूरी तरह से सजग रहें। साथ ही सुरक्षा को लेकर पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती समेत अन्य दिशा निर्देश दिया गया। पुलिस पदाधिकारियों को संयुक्त टीम गठित कर मंडल कारा की औचक निरीक्षण करने को लेकर भी निर्देशित किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, स्थापना उप समाहर्ता जितेन्द्र कुमार गुप्ता व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विद्यालय निर्माण कार्य में नहीं मिल पा रही है सही मजदूरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम तीसिया में हो रहे विद्यालय भवन निर्माण कार्य में मजदूरों को सही दर से उनकी मजदूरी नहीं मिल पाना चिंता का विषय बना है। जिसकी शिकायत भी मजदूरों ने जनप्रतिनिधियों से की है. एक ओर जहां सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास अहम भूमिका निभा रही है. जहाँ काफ़ी लम्बे समय के बाद इस क्षेत्र में सरकार के द्वारा विकास को लेकर कई योजनाएं लायी जा रही है, जिससे लोगों को शिक्षा व रोजगार मिल सके. वही इन विकास कार्यो में मजदूरी करने वाले स्थानीय लोगों को सही दर से उनकी मजदूरी भी नहीं मिल पा रही है। विद्यालय भवन निर्माण कार्य में लगे मजदूर फूलो देवी, तिलवा देवी, शिवानी कुमारी, कहरमनिया देवी, दसमत नगेसिया, खरीदन नगेसिया, फुलकुमारी देवी, चरकी कुमारी जीरो कुमारी, शिव शंकर नगेसिया समेत अन्य मजदूरों ने बताया की ठेकेदार के द्वारा ?225 प्रतिदिन की दर से मजदूरी दी जाती है। वही सरकारी दर अधिक है बताने पर ठेकेदार के द्वारा इस योजना में 225 की दर से ही मजदूरी भुगतान करना है बताते हुए बाहर से मजदूर लाकर कार्य पूर्ण कराने की बात कही जाती है। जिससे मजदूर पलायन करने को मजबूर है।

## युवक ने मारी जोरदार टक्कर इलाज के दौरान मौत

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बघमरी के समीप एक मोटरसाइकिल सवार युवक ने मंगलवार की देर रात महुआ पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक का मोटरसाइकिल जेएच 13 ई 7970 है। जो हजारीबाग से चतरा जा रहा था। घायल युवक चतरा के सुरही के उमेश साव के 24 वर्षीय पुत्र जितेंद्र गुप्ता है। घटना की खबर पाकर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव बघमरी पहुंचे। और युवक को इलाज के लिए एम्बुलेंस से हजारीबाग भेज दिया। जहां से बेहतर इलाज के लिए युवक को रांची रेफर किया गया। रांची अस्पताल में ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

## विद्यालय के जमीन में अतिक्रमण कर रहे लोगों को खाली करने का अंचल ने किया नोटिस

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत के नयाखाप में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर की भूमि खाता संख्या 35 प्लॉट संख्या 1277 रकबा 1 एकड़ भूमि में गांव के ग्रामीण के द्वारा कर रहे अतिक्रमण को जल्द से जल्द खाली करवाने को लेकर गिद्धौर अंचल से अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने नोटिस किया है। जिसमें 3 लोगों का नाम शामिल है। रोहन यादव पिता स्वर्ग भेखो यादव 20 डिसमिल चोवा यादव पिता गिरधारी यादव 7 डिसमिल प्रेम यादव गिरधारी यादव 17 डिसमिल सभी निवासी नयाखाप थाना गिद्धौर के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसे जल्द से जल्द भूमि को छोड़ देंने एवं खाली कर देंने का नुटिश किया गया है। अन्यथा प्रशासन के द्वारा इस पर होने वाले खर्च एवं जुर्माना की वसूली भी आप लोगों से की जाएगी। एवं जान-माल की क्षति के लिए खुद के जिम्मेवार होंगे।

## करमा में प्लस टू स्कूल खोलने को लेकर चलाएंगे हस्ताक्षर अभियान : मुखिया



**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करमा पंचायत के मुखिया रामनाथ यादव करमा में प्लस टू विद्यालय खोलने को लेकर पहले चरण में हस्ताक्षर अभियान लाएंगे। मुखिया ने प्रभात मंत्र से विशेष बातचीत करते हुए कहा गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को अपने बच्चों को पढ़ाने में उन्हें आर्थिक परेशानियों से हमेशा परेशान होते हुए देखता हूं।मुखिया ने कहा कि मेरी पहली कोशिश होगी कि करमा पंचायत में घर घर जाकर लोगों का हस्ताक्षर ले और इस हस्ताक्षर युक्त आवेदन शिक्षा कार्यालय और शिक्षा मंत्रालय को देते हुए इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने का आग्रह करें।आगे मुखिया ने बताया कि मेरी पहली प्राथमिकता है पंचायत में बुनियादी और उच्च शिक्षा सभी तबके के बच्चों को प्राप्त हो।

# उप स्वास्थ्य केंद्र कोरी में लापता रहती हैं कर्मी, मरीज परेशान

➲मरीज के परिजनों ने आरोप लगा कर्मियों पर की कारवाई की मांग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड क्षेत्र के देल्हो कोरी गाँव में स्थित आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर (उप स्वास्थ्य केंद्र) में पदस्थापित सीएचओ और एनएम लगातार गायब रहती। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने पत्रकारों को की ।पत्रकारों की टीम ने जब सत्यता की जांच करने मंगवार को उपस्वास्थ्य केंद्र पहुंचा तो वहां उपस्वास्थ्य केंद्र में ताला लगा हुआ पाया। इसकी जानकारी सिमरिया रेफरल अस्पताल प्रभारी अशोक कुमार को दी। वहीं सीएचओ सोनी कुमारी से दूरभाष पर बात करने पर बतायी की हम लोग सभी ट्रेनिंग में तीन दिन से चतरा में हैं। वैसे में मरीजों को क्या हाल होगा । उपस्वास्थ केंद्र बंद रहने से मरीज तपती धूप में मजबूर होकर सिमरिया आना पड़ता है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला एक दिन का नहीं है इन लोग लगातार मनमानी करते हुए हमेशा बन्द रखते हैं और अपना निजी काम करते हैं। मामले को लेकर स्थानीय मुखिया ने भी सिमरिया रेफरल अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी अशोक करमाली को इसकी शिकायत की है लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हो पाई है। सीएचओ और एनएम के लापरवाही के नतीजा क्षेत्र के गरीब लोगों को भुगतना पड़ रहा है। और क्षेत्र के मरीजों को इलाज नही हो पाती है। इलाज कराने के लिए निजी क्लिनिको और झोलाछाप चिकित्सकों के हाथ हो जाना पड़ता है। मालूम हो कि उप स्वास्थ्य केंद्र देल्हो कोरी में पांच कर्मी पदस्थापित है उसके बाद भी उनके लापरवाही का खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों ने उपायुक्त चतरा से शिकायत करने की बात कही है।

# मिश्रित शिक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** केंद्रीय विद्यालय चतरा सिमरिया में मिश्रित शिक्षा के संदर्भ में मूलभूत साक्षरता संख्या सुनिश्चित कराने को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि सिमरिया बीईओ संतोष कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ईओ अमित कुमार, बीपीओ कुंजल यादव तथा सिमरिया इंटर कॉलेज के प्राचार्य मुकुंद आनंद उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य धीरज खलको ने उपस्थित अतिथियों को पुष्पगुक्ष देकर किया। तत्पश्चात बीईओ संतोष कुमार एवम एपीओ अमित कुमार ने मिश्रित शिक्षा के संदर्भ में मूलभूत साक्षरता संख्या सुनिश्चित कराने के लिए किए जाने वाले कार्य पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एफएलएन शिक्षा की वह पदत्ती है जिसके तहत प्री स्कूलिंग के पूर्व शून्य से लेकर 8 वर्ष तक के बच्चों को अक्षरज्ञान के साथ साथ वाक्य बनाना आ जाए। ताकि इनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। इसके लिए शिक्षकों को शिक्षण मेटेरियल के उपयोग पर भी बल देने को कहा गया। ताकि बच्चे आसानी से पढ़ाए जाने वाले तथ्यों को समझ सकें। उक्त शिक्षा का उद्देश्य बताते हुवे वक्ताओं ने कहा कि जब बच्चों का नामांकन कक्षा 3 में कराई जाय तब तक विद्यार्थी अर्थपूर्ण पढ़ने और लिखने में सक्षम हो जाएं। तब जाकर वर्ष 2040 तक उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा को आर्थिक और सामाजिक पृष्ठभूमि से हटकर सबों तक सामान्य रूप से पहुंचाई जा सके। कार्यशाला में सिमरिया प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के एक सौ से अधिक शिक्षक शामिल हुए। कार्यशाला में केंद्रीय विद्यालय के सेवानिवृत शिक्षक अर्जुन प्रसाद, वर्तमान शिक्षक आशीष कुमार, शीतीकंठ पटेल, अथर्व कुमार आदि ने भी अपनी मंतव्य प्रस्तुत किया।

## प्रखण्ड में स्थापित शिक्षादीप कोचिंग सेंटर के बच्चों ने फिर लहराया परचम



**लावालौंग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जैक बोर्ड द्वारा ईगारवी का रिजल्ट में लावालौंग प्रखण्ड में अवस्थित शिक्षादीप कोचिंग सेंटर के छात्र/ छात्राओं ने अच्छे प्रतिशत तथा नंबरों से पास किए। जो इस क्षेत्र के अच्छी खबर और कोचिंग सेंटर की मेहनत रंग लाई है, इगारवी में मधु कुमारी 89.2 प्रतिशत अंक लाकर लावालौंग प्रखण्ड टॉपर बनी, सोनी कुमारी 88 प्रतिशत अंक लाकर प्रखण्ड में दुसरे स्थान पर रही, तथा नववी आशीष कुमार, दशवीं अक्षय कुमार, तथा बारहवीं संजना कुमारी में बाजी मारी। ये सभी टॉपर शिक्षादीप कोचिंग संस्थान के लोगों ने बाजी मारी है। जो सरहनीय है।

## 22 को होगा जदयू का सम्मेलन, जदयू प्रदेश प्रभारी होंगे शामिल : नेजामुद्दीन




**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के बानपुर स्थित जदयू के जिला कार्यालय में दिन बुधवार को जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नेजामुद्दीन कुरैशी ने किया।इस अवसर पर नेजामुद्दीन कुरैशी ने कहा कि इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी की मजबूती और विस्तार पर विचार विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को सदस्यता ग्रहण कराया जाएगा। वहीं इस बैठक में प्रखंड अध्यक्ष और सचिव का चयन भी किया गया। जिसमें मनिका प्रखंड अध्यक्ष खुर्शीद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष वहाब अंसारी, जिला सचिव नंददेव उरांव व ध्रुव नारायण प्रजापति और बारियतु प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप उरांव को बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कुरैशी ने कहा कि आगामी 22 जून को मांको डाक बंगला में जदयू का सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें बिहार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी एवं जदयू प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खिरू महतो और कोऑर्डिनेटर के सदस्य निर्मल महतो एवं विधायक शिरकत करेंगे। उन्होंने जदयू कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन कार्यक्रम पहुंचने का अपील किया है। बैठक में राम लगन सिंह, संतोष प्रसाद वहाब अंसारी मनोज ठाकुर, संतोष जायसवाल मोहम्मद करीम अंसारी, इशराफिल अली, राजेंद्र सिंह प्रदीप उरांव दिलवर सिंह, मोइन समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उपायुक्त ने सिमरिया स्थित कर्बला मैदान का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार हेमंत सोरेन के सिमरिया में प्रस्तावित् कार्यक्रम को लेकर बुधवार को उपायुक्त अबु इमरान ने जिले के पदाधिकारियों के साथ प्रशासनिक तैयारी एवं विधि व्यवस्था का जायजा लेने सिमरिया स्तिथ कर्बला मैदान में पहुंचे। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों द्वारा की जा रही प्रशासनिक तैयारी कि जानकारी ली तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए ससमय सारी तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया। उक्त मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री राकेश रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सलगी में खुला सीएससी बाल विद्यालय मुखिया व भाजपा नेता ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के सलगी गांव में बुधवार को सीएससी बाल विधालय का शुभारंभ हुआ। विधालय का विधिवत् उद्घाटन मुखिया मनोरंजन सिंह और भाजपा नेता सुभाष सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सह सलगी निवासी सुभाष सिंह ने कहा कि गांव में इंगलिश मेडियम का बाल विधालय खुलना विकास की ओर बढ़ते कदम का संकेत है। अब साधारण किसान मजदूर के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम के पढ़ाई कर पाएंगे और अपने सपनों को एक नई उड़ान दे सकेंगे। मुखिया मनोरंजन सिंह ने विधालय संचालक निरंजन साव को इसके लिए धन्यवाद देते हुए भविष्य की सफलता की शुभकामनाएं दिया। मौके पर दिनेश प्रजापति, मिथलेश सिंह, भैरो साव, सवारथ सिंह , ब्रजेश कुमार, गुलाब प्रजापति, कन्हैया कुमार, समेत कई लोग मौजूद थे।

# बोर्ड एमबीबीएस डॉक्टर का और इलाज करती है नर्स

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** महुआडांड़ क्षेत्र के भोले भाले आदिवासी लोगो के आर्थिक दोहन के साथ, जान से भी कर रहे हैं खिलवाड़। बिना रेजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं कई अवैध क्लीनिक।दवा दुकान के नाम पर चल रहे में कई अवैध क्लीनिक। मरीजो को भर्ती करने, ऑपरेशन करने से लेकर कई प्रतिबंधित कार्यो को भी करते हैं क्लीनिक संचालक। गाँव में उप स्वास्थ्य में नियमित डॉक्टर के नही रहने का फायदा उठाते हैं इस तरह के झोलाछाप डॉक्टर।झोला छाप डॉक्टर द्वारा अवैध गाँव में क्लीनिक खुले हुए हैं। सिविल सर्जन द्वारा निर्दश है कि जहाँ 24 घंटे एमबीबीएस डॉक्टर उपलब्ध है। उस क्लीनिक का राजिस्ट्रेशन होगा बाकी सभी क्लीनिक संचालक को सरकर आदेश अनुसार बंद कर देना है। लेकिन महुआडांड़ प्रखंड में दर्जनों अवैध क्लीनिक बिना राजिस्ट्रेशन व बिना एमबीबीएस डॉक्टर के चलाये जा रहे हैं। सिर्फ क्लीनिक संचालक द्वारा अस्पताल के बाहर बोर्ड में एमबीबीएस डॉक्टर का नाम लिख कर अस्पताल संचालित कर रहे हैं। वही ड्रग्स अधिकारी द्वारा नियमित रूप से क्लीनिक का जांच एंव गांवों के सरकारी अस्पताल में नियमित डॉक्टर के तैनाती नहीं होने से निजी क्लीनिक संचालक के मनमानी से ग्रामीण त्रस्त हैं। इस संबंध में प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो ने बताया कि दर्जनों की संख्या में अवैध क्लीनिक व ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर बिना राजिस्ट्रेशन के इलाज कर रहे। सभी का सूची बनाया जा रहा है। सभी अवैध क्लीनिक जल्द ही जांच कर कारवाई किया जाएगा।

## बरवाडीह में दर्जनों जल मीनार बेकार पेयजल के लिए हाहाकार



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर जहां सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर गांव गांव टोला टोला जल मीनार अधिष्ठापन किए गए हैं वहीं पंचायत व जिला स्तर से किए गए जल मीनार निर्माण में बड़े पैमाने पर कमीशन खोरी कर भ्रष्टाचार करते हुए निम्न स्तर का मोटर, स्ट्रक्चर लगाकर खड़ा कर दिया गया है इसके अलावा कम जल अस्तर वाले चापाकल में भी जल मीनार अधिष्ठापन किया गया है जिसका परिणाम है कि दर्जनों जल मीनार बेकार पड़े हैं जिसकी वजह से प्रखंड क्षेत्र में चारों तरफ पेयजलापूर्ति की भारी किल्लत है ।बता दे कि जल मीनार अधिष्ठापन के बाद संबंधित वेंडर को 5 वर्षो तक देखरेख या मरम्मती कराने का जिम्मा है पर वेंडर फरार हो चुके हैं और संबंधित अधिकारी उन्हें नोटिस भी नहीं भेज पा रहे है। वहीं जल मीनार मरम्मती के लिए राशि के अभाव में मरम्मत नहीं हो पा रहा है। जहां तपती गर्मी में पेयजल की समस्या से आम लोग परेशान हैं वहीं इसको लेकर सरकार का सिस्टम फेल होते नजर आ रहा है।

# मन का मिलन पखवाड़ा संपन, 33 मामले में 17 मामलों का हुआ निष्पादन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, लातेहार अखिल कुमार के मार्गदर्शन में मन का मिलन पखवाड़ा का बुधवार को समापन किया।इस पखवाड़ा में कुल 33 मामले मध्यस्थता हेतु प्रस्तुत किये गए जिसमें से 17 मामालों का निष्पादन किया गया । इस मध्यस्थता क्रेंद में पारिवारिक विवाद के कुल 12 मामले आये जिसमें से 06 मामलों को सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया तथा, चेक बाउंस से संबंधित कुल 12 मामले आये जिसमें से 04 मामलों (7,50,000/ सात लाख पचास हजार रूपये पक्षकारों के बीच लेन देन) को सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया, इस तरह मध्यस्थता क्रेंद में सामान्य लड़ाई-झगड़े से संबंधित 05 मामलों में से सभी 05 मामलों का निष्पादन हुआ एवं जमीन विवाद से संबंधित कुल 02 मामलों में से दोनो मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। मामलों के निष्पादन हेतु डीएलएसए के प्रशिक्षित मध्यस्थकर्ता लाल अरविंद नाथ शाहदेव, पंकज कुमार, संजय कुमार, जन्मजय नाथ शाहदेव ने अहम भूमिका निभायी एवं पक्षकारों को मध्यस्थता के तहत वाद निष्पादन हेतु प्रेरित किया। इस अभियान में विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले का भी निष्पादन किया गया। इस अभियान के तहत वाद निष्पादन हेतु प्राधिकर की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय ने भी अपनी अहम भूमिका निभायी और उन्हानें इसकी विशेषताओं के प्रति जानकारी देते हुए बताया कि मध्यस्थता से समस्या और उसका समाधान, दोनों वादी के हाथ में होते हैं। कानून इसे मानता है और न्यायालय इसका प्रोत्साहन व समर्थन करता हैं। कहा कि यह प्रणाली सब पक्षों के दूरगामी हित का सोचती है और समझौते की कई संभावनाएँ दिखाती है। इस से आपसी मतभेदों के समाधान का पूरा - पूरा मौका मिलता है।यह प्रक्रिया पारस्परिक संपर्क व बातचीत को बेहतर बनाने का अवसर देती है, जो किसी भी झगड़े को समाप्त करने के लिए ज़रूरी है। इससे कीमती समय और भाग-दौड़, दोनों बचते हैं। इससे आपके रिश्ते फिर से जुड़ते हैं ।मन का मिलन पखवाड़ा के सफल समापन में मध्यस्थतकर्तृता के साथ पुलिस पदाधिकारी न्यायालयकर्मी की भी अहम भूमिका रही।

# कुष्ठ रोगमुक्त जिला बनाने को लेकर जिला कुष्ठ निवारण विभाग ने पूरी कर ली है तैयारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के कुष्ठ उन्मूलन विभाग द्वारा कुष्ठ रोगी खोज अभियान की शुरुआंत 15 जून से लेकर 28 जून तक सभी प्रखंडों के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चलाया जाना है। इस अभियान के तहत घर-घर में सहिया एवं पुरुष सहकर्मी के सहयोग से कुष्ठ रोगी खोज अभियान को लेकर विशेष रूप से कार्य किया जायेगा। साथ ही साथ इस खोजी दल के द्वारा जागरूकता हेतू दीवार लेखन का भी कार्य किया जायेगा। साथ ही आमजनों से अपील किया जा रहा है, कि शरीर के किसी भी अंग में सुनापन हो, दाग हो तो निःसंकोच होकर खोजी दल को बतलाये और समय रहते इस रोग का इलाज कराकर कुष्ठ रोग से मुक्ति पाये। यह कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है और ना ही साथ में खाना खाने से साथ में बैठने से फैलता है। समय रहते कुष्ठ का ईलाज कराये एवं नियमित रूप से एमडीटी की दवा लेकर शारीरिक अपंगता होने से बचाव किया जा सकता है। इस अभियान का एक मात्र उद्देश्य पूरे लातेहार जिला को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाया जाना है। इस कुष्ठ खोजी अभियान में जिले के सभी प्रखंडों में सहिया और सहयोगी पुरुष सहकर्मी एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कुल 1132 टीम को लगाया गया है। साथ ही कुष्ठ रोग खोजी टीम के कार्य के प्रर्यवेक्षण के लिये प्रखंड स्तरीय व जिलास्तरीय निगरानी टीम का गठन भी किया गया है इस बात कि जानकारी जिला कुष्ठ पदाधिकारी डॉ.शोभना टोप्पो के द्वारा दी गई है।

## सड़क हादसे में पति-पत्नी हुए घायल

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू थाना क्षेत्र के चतरा रांची मुख्य मार्ग पर बरछिया चौक के समीप बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में पति पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों घायलों को बारियातू पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए थाना के वाहन से बालुमाथ अस्पताल पहुँचाया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बाइक में सवार होकर पति-पत्नी हेडुम लावालौंग निवासी भुनेश्वर तुरी उम्र लगभग ( 55) वर्ष एंव विमली देवी उम्र लगभग ( 50) वर्ष दोनो हेडुम लावालौंग से नगर मंदिर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक

**रामगढ़ :** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन को लेकर बुधवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में अपर समाहर्ता नेलसम एयोन बागे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम एवं जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार के द्वारा अपर समाहर्ता सहित अन्य सदस्यों को इस वर्ष कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन हेतु प्रखंड स्तर से प्राप्त विद्यार्थियों की सूची की जानकारी दी गई। इस दौरान अपर समाहर्ता ने अन्य सदस्यों के साथ प्राप्त सूची पर चर्चा करते हुए बच्चों के नामांकन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री ग्राम-सड़क में अवरोध उत्पन्न करने को लेकर थाने में शिकायत दर्ज

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत गोलगो-सियारी कालीकरण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पर बुनियाद गढ्ढा कर अवरोध उत्पन्न किया गया । उक्त मामले में परमेश्वर महतो,पिता-चुरामन महतो एवं ग्रामीणों के द्वारा विष्णुगढ़ थाने में नारायण महतो,पिता-फूलचन्द महतो,अनिल कुमार महतो,पिता-नारायण महतो दोनों पिता-पुत्र गोलगो निवासी के विरुद्ध आवेदन दिया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार परमेश्वर महतो के घर के बगल से कालीकरण सड़क गुजरती है,जिसमे कठित रूप से आरोपी द्वारा अपनी जमीन बताकर मार्ग में अवरोध उत्पन्न कर रहा था ।इस घटना की जानकारी मिलते ही,विष्णुगढ़ पुलिस त्वरित कार्यवाई करते हुए आरोपी को थाने ले आई समाचार लिखे जाने तक जाँच जारी रखे जाने की बात कही गई ।

### बरही ब्लॉक परिसर स्थित बहुउद्देशीय भवन में भाजपा के सभी मोर्चा की बैठक संपन्न

**बरही :** ब्लॉक परिसर स्थित बहुउद्देशीय भवन में भाजपा के सभी मोर्चा का संयुक्त कार्यकर्ता विधानसभा स्तरीय सम्मेलन बुधवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी व संचालन रामस्वरूप पासवान ने किया। बैठक में भाजपा के युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा , पिछड़ी जाति मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे। मौके पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, कार्यक्रम प्रभारी जैविक कृषि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनूप भाई वर्मा उपस्थिति हुए, विशिष्ट अतिथि में बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव उपस्थित हुए। कार्यक्रम सह प्रभारी किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता माथुर प्रसाद भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का अंग वस्त्र भेंट कर एवं पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। मौके पर जिला अध्यक्ष अमरदीप यादव ने कहा कि जनसंपर्क अभियान भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यक्रम है यह पूरे भारतवर्ष में कार्यक्रम मंडल स्तर से लेकर बूथ स्तर तक मनाया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा की आगामी 20 से 30 जून तक घर घर जाकर पीएम द्वारा की जा रहें कार्य को भाजपा के एक एक कार्यकर्ता जानकारी देंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज यादव ने अपने संबोधन में कहा के क्षेत्र के कार्यकर्ता देव है, जो संगठन के कार्यों में निस्वार्थ भावना से कार्य करते हैं।

# जिले में चल रहे विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** जिले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।जिला पशुपालन कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत चयनित लाभुकों को ससमय योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया वहीं जिले के सभी दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के मद्देनजर उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार को रोस्टर तैयार करते हुए शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया साथ ही उपायुक्त ने सिविल सर्जन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने एवं दिव्यांगों के लिए लगाए जाने वाले शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।अवैध खनन पर रोक लगाने के मद्देनजर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से औचक जांच अभियान चलाने एवं दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया साथ ही उपायुक्त ने कहा कि एनजीटी द्वारा जारी निर्देश के अनुसार 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू के उठाव पर पूरी तरह से रोक है सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी हालत में अवैध रूप से बालू का उठाव या परिवहन ना किया जाए मौके पर उपायुक्त ने अवैध रूप से संचालित ईटभट्टों पर भी कार्रवाई करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## जयंत सिन्हा ने की मध्यस्थता बीआरएल ने वापस लिया मजदूरों का निलंबन आदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान सांसद जयंत सिन्हा को मरार स्थित बीआरएल फैक्ट्री के बाहर सैकड़ों मजदूरों के द्वारा गलत तरीका से मजदूरों का निलंबन करने के विरोध में फैक्ट्री का गेट बंद कर धरना देने की सूचना प्राप्त हुई। उन्होंने बिना समय गंवाए मजदूरों की समस्या का निदान हेतु रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता,सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा,वरिष्ट उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी एवं मनोज गिरी के साथ धरनास्थल पर पहुंच कर मजदूरों से उनकी समस्या जाना।उक्त बातों की जानकारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से देते हुए भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने बताया की सांसद जयंत सिन्हा ने गेट पर उपस्थित महाप्रबंधक और बीआरएल के कार्यकारी निदेशक से फोन पर वार्ता कर इस गंभीर विषय पर गरीब मजदूरों की चिंता करते हुए उचित निर्णय लेने का आग्रह किया। जिसपर बीआरएल के उच्चाधिकारियों द्वारा इस गंभीर मसले पर इसी माह 17 जून को बैठक कर कोई ठोस निर्णय लेने का सांसद को आश्वासन दिया साथ हीं सभी निलंबित मजदूरों को आज से हीं काम पर वापस लेने का आदेश पारित करते हुए मजदूरों का निलंबन वापस लिया ।सांसद जयंत सिन्हा के प्रयासों के कारण काम पर वापस लिए गए मजदूरों के चेहरे पर इस बात की काफी खुशी देखने को मिली साथ हीं सभी ने जोरदार ढंग से जयंत सिन्हा जिंदाबाद के नारों के साथ उनका आभार जताया।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर श्रीनिवास ब्लड सेंटर ने विभिन्न जगहों पर लगाया रक्तदान शिविर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** डेमोटांढ स्थित श्रीनिवास ब्लड सेंटर के द्वारा दिन बुधवार को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर विभिन्न जगहों पर रक्तदान शिविर लगाया गया। पहला रक्तदान शिविर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज में लगाया गया। जहाँ कॉलेज में अध्ययनरत छात्र- छात्राएं, डॉक्टर एवं कर्मियों ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। दुसरा रक्तदान शिविर पंचेत हिल अस्पताल एवं सीएसआर में लगाया गया। जहाँ पर कई लोगों ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। तीसरा रक्तदान शिविर चिरकुंडा मैथन में समर्पण एक नेक पहल समूह के सहयोग से लगाया गया। जहाँ पर कई लोगों ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। वहीं चौथा रक्तदान शिविर कोयलंचल शाखा में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच में लगाया गया। जहाँ पर अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच का सरहानीय सहयोग रहा। इनके प्रयासों से लोगों ने रक्तदान कर इंसानियत का परिचय दिया।

## हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक ने एसडीओ से की शिष्टाचार मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक सह गौशाला के पूर्व सचिव चंद्रप्रकाश जैन ने रक्त दान शिविर कार्यक्रम में एसडीओ सह गौशाला के पदेन अध्यक्ष विद्या भूषण कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान गौ माता की स्थली गौशाला को लेकर विभिन्न प्रकार की वार्तालाप की गई। जिसमें श्री जैन ने मुख्य रूप से एसडीओ सह पदेन अध्यक्ष गौशाला से आग्रह करते हुए कहा कि शहर तथा ग्रामीण इलाकों के सभी मंदिर में गौशाला की दानपेटी लगाई जाए जिससे मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालु मंदिर की दान पेटी में सहयोग डालने के साथ गौशाला की दान पेटी में भी सहयोग डाल सकेंगे। जिससे गौशाला के आर्थिक स्थिति मजबूत होगी वहां निवास कर रही गौ माता का देखरेख और भी बेहतर तरीके से किया जा सकेगा।विभिन्न बातों को ध्यान पूर्वक सुनने के उपरांत एसडीओ सह पदेन अध्यक्ष गौशाला विद्या भूषण कुमार ने कहा कि जल्द ही यह कार्य धरातल पर उतरेगा। ऐसा करने से गौशाला में निवास कर रही गौ माता की देखरेख में काफी सहूलियत होगी।

## रामगढ़ डीएमएफटी के बैठक में विधायक अंबा प्रसाद ने पतरातू के लगभग 300 से अधिक योजनाओं का रखा प्रस्ताव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अंबा प्रसाद ने कहा- बालू नहीं मिलने से सरकारी योजनाओं के साथ-साथ आम जनमानस के विभिन्न कार्यों पर पड़ रहा है बुरा प्रभाव, निकाला जाए वैकल्पिक उपायपतरातु- दिन सोमवार को रामगढ़ जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में राज्यसभा सांसद महुआ माजी, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, रामगढ़ विधायक सुनीता देवी, जिला के उपायुक्त पुलिस अधीक्षक समेत विभिन्न विभागों के कई अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने पतरातू प्रखंड क्षेत्र के लगभग 300 से अधिक योजनाओं का प्रस्ताव स्वीकृति हेतु बैठक में रखा जिस से संबंधित पत्र पूर्व ही जिले के उपायुक्त को भेजी जा चुकी थी। विधायक अंबा प्रसाद ने अधिक से अधिक योजनाओं की स्वीकृति प्रदान कर पतरातू प्रखंड में योजनाओं का क्रियान्वयन करने का प्रस्ताव रखा। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने पतरातू प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में चाहरदीवारी का निर्माण कराने, सड़क,पीसीसी, पुलिया का निर्माण कराने तथा अधिक से अधिक चापाकल व डीप बोरिंग अधिष्ठापन कराने का प्रस्ताव रखा।

## जिला प्रशासन की सख्ती के बाद पेयजल व स्वच्छता विभाग की नींद खुली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने इंद्रपुरी चौक पर स्वच्छ पीने का पानी प्रतिदिन हजारों लीटर बकर नाली में जाने की शिकायत उपायुक्त हजारीबाग से 12 जून 2023 को किया था और उसकी प्रति आयुक्त नगर निगम को दिया गया था. आयुक्त नगर निगम ने तत्काल इस पर संज्ञान लेकर के काम करवाने का आदेश दिया और नतीजा यह हुआ कि आज 14 जून को काम लग गया. समाचार भेजे जाने तक काम आरंभ है. उम्मीद है कि आज रात मेन पाइप का लीकेज बंद हो जाएगा और इससे प्रतिदिन हजारों लीटर पीने का पानी जो बर्बाद हो रहा था वह बंद हो जाएगा. सी पी आई एम जिला कमिटी ने तत्काल संज्ञान लेने के लिए उपायुक्त एवं आयुक्त नगर निगम को धन्यवाद दिया है।

## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में पूरे उत्साह और जोश के साथ रक्तदाता दिवस मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदाता का आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में पूरे उत्साह और जोश के साथ रक्तदाता दिवस मनाया गया चिकित्सा विभाग द्वारा ऊर्जा मंत्रालय के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए आज सुबह सबसे पहले शपथ दिलाई गई। शपथ परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं हजारीबाग कोयला खनन परियोजना में कार्यरत अन्य कर्मचारियों को दिलाया। शपथ में कर्मचारियों ने यह वचन लिया कि देश में रक्त की विशाल आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वह अपने, अपने परिवार, दोस्तों, रिश्तेदारों एवं अन्य लोगों को स्वैच्छिक एवं अवैतनिक रक्तदान की आवश्यकता के बारे में जागरूक करने का प्रयास करेंगे। साथ ही वे बिना किसी जाति धर्म को देखें रक्तदान करेंगे। शपथ के बाद परियोजना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहां भारी संख्या में हजारीबाग कोयला खनन परियोजना के कर्मचारियों ने रक्तदान किया। कुल 29 यूनिट ब्लड इस शिविर में इकट्ठा किया गया। इसके साथ ही मैती माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में रक्त समूह जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। जहां विभिन्न कोर्सेज में प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे छात्रों ने अपना ब्लड ग्रुप जांच करवाया। मौके पर वहां मौजूद बच्चों को रक्तदान के प्रति जागरूकता एवं आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

## केंद्र सरकार के नौ साल सेवा, सुशासन,गरीब कल्याण योजनाओं को लेकर भाजपा सदर विधान सभा संयुक्त मोर्चा सम्मेलन संपन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हज़ारीबाग :** भाजपा महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के चौदहवें दिन को अटल सेवा केन्द्र के सभागार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदर विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें महिला, युवा, अल्पसंख्यक, किसान, पिछड़ा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारीयों, कार्यकर्ताओं की बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नवीन रंजन दुबे ने किया। सांसद जयंत सिन्हा ने सातो मोर्चा के नेता कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आज तक के भारत के इतिहास में और विश्व में सबसे ज्यादा लोकप्रिय सरकार है मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीब, शोषित ,वंचित, दलित, पीड़ित ,पिछड़ा वर्ग एवं आदिवासियों के उत्थान के प्रति समर्पित सरकार है।जयंत सिन्हा ने कहा कि आधुनिक भारत के विकास के स्वर्णिम काल का इतिहास रचा जा रहा है। भारत तेजी से मोदी के नेतृत्व में विश्व के शक्तिशाली देशों को पछाड़ कर.आगे बढ़ रहा है। मोदी एकमात्र ऐसे नेता है जो भारत के गरीब वंचित जनता की पीड़ा को परिवार के सदस्य की तरह महसूस करते हैं केंद्र सरकार की योजनाएं गरीब कल्याण को समर्पित है।वही सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि झारखंड में कोयला, बालू ,पत्थर और जमीन की लूट चारों और जोरों पर है उन्होंने कहा कि कई लुटेरे तो जेल जा चुके हैं कई अभी जेल जाने की कतार में है।रघुवर सरकार में 20 घंटे बिजली की व्यवस्था थी।लेकिन हेमंत सरकार में बिजली की स्तिथि दैनीय है।राशनकार्ड, वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन,छात्र वृति सरकार देने में शक्षम नही है।लॉ एंड आर्डर ध्वस्त है रिश्वत खोरी चरम पर है।अधिकारी बेलगाम है।अगर झारखंड की विकास चाहते हैं तो डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए मोदी द्वारा किए जा रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना होगा।

## नगर निगम द्वारा बनाए गए शिवपुरी वैलनेस सेन्टर का किया गया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** नगर निगम हजारीबाग द्वारा जर्जर पड़े भवनों को नवनीकृत कर शहर के पांच स्थान शिवपुरी, कोलघट्टी, कोहिनूर गली, कूद एवं पतरातू में अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेन्टर बनाया जा रहा है। विधायक मनीष जायसवाल द्वारा शिवपुरी स्थित वैलनेस सेन्टर का उदघाटन किया गया। यहां चिकित्सक तथा नर्स की नियुक्ति की गई है। यहां चिकित्सक प्रतिदिन उपलब्ध रहेंगे। अब इन वार्ड के मरीजों को इलाज के लिए दूर नही जाना पड़ेगा। प्रशासक प्रेरणा दीक्षित के आदेशानुसार सिविल सर्जन कार्यालय के तरफ से 15 वे वित्त आयोग मद से फर्नीचर,दवाइयां, टेलीकम्यूनिकेशन इक्विपमेंट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। नगर प्रशासक ने आदेश दिया कि अन्य चार स्थानों में बन रहे वैलनेस सेन्टर को दो सप्ताह में पूर्ण कर उदघाटन करा लिया जाए तथा वहाँ चिकित्सक एंव नर्सो की प्रतिनियुक्ति की जा सके तथा इलाज जल्द से जल्द प्रारम्भ हो सके।

## सेंगेल अभियान सरना धर्म कोड व अन्य मांगो को लेकर किया बंदी का ऐलान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** आदिवासी सेंगेल अभियान की पूर्वनिर्धारित बंदी को लेकर एक बैठक विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत डुमरिया टांड गांव में की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला सेंगेल अध्यक्ष बहाराम हांसदा ने की तथा संचालन सरना धर्म मंडवा अध्यक्ष बहाराम मरांडी ने किया। बैठक मे बंदी 15 जून 2023 को होनी है,इसकी रूपरेखा पूर्वनिर्धारित थी। जिसको अमली जामा पहनाने को लेकर बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णयानुसार विष्णुगढ़ सातमील मुख्य मार्ग तथा विष्णुगढ़-गोमियाँ मार्ग को 6बजे सुबह से संध्या 6 बजे तक 12घंटा रोड जाम करने की बात बैठक में कही गई। बैठक को संबोधित करते हुए सेंगेल अभियान के बोकारो जोनल हेड आनंद टुडू ने कहा कि आज आदिवासी समाज बर्बादी के कगार पर खड़ा है। और इसके लिए झामुमो,वंशवाद मांझी परगना व्यवस्था,ईसाई मिशनरी आदि जिम्मेदार है। जहाँ झामुमो ने कभी भी समाज सुधार का काम जैसे समाज में नशापान,अंधविश्वास महिला विरोधी मानसिकता, वोट को हंड़िया दारू चखना रूपया पैसा में खरीद-बिक्री का विरोध नहीं किया वो हमारे समाज की हितैषी कैसे हो सकती है ।

## दुलमी प्रखंड मुख्यालय सभागार में बीस सूत्री कार्यक्रम की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड मुख्यालय सभागार में बीस सूत्री कार्यक्रम की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने किया। संचालन बीडीओ के बड़ा बाबू गोपाल प्रसाद ने किया। जिसमे प्रखण्ड स्तरीय समिति ने प्रखंड क्षेत्र से दर्जनों योजनाओं को प्रस्ताव प्राप्त कर जिला को भेजा गया। जिसमें जिला स्तरीय समिति की बैठक में योजनाओं को पारित किया जायेगा। इन यह योजना को पारित किया गया सड़क, नाली,शेड,चारदीवारी, मंडा स्थलों पर स्ट्रीट लाइट, डीप बोरिंग, जलमीनार प्रतीक्षालय शेड, चटाक उच्च विद्यालय में छः कमरा का निर्माण ब्यांग उच्च विद्यालय में चार कमरा का निर्माण सिरु उत्क्रमित उच्च विद्यालय का चारदीवारी कुल्ही में सामुदायिक भवन का निर्माण सिरु के नायक टोला में जलमीनार का निर्माण व अन्य स्कूलों का चारदीवारी का निर्माण मौके पर बीस सूत्री सदस्य दिलीप कुश शर्मा परमानन्द सिंह अल्ताफ अंसारी संत विलाश करमाली मदन नायक आदि।

## खराब और जर्जर सड़कों को लेकर आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ने की विरोध मार्च पदयात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर प्रखंड के मरहेता पौता से मासीपीढ़ी तक 7 किलोमीटर खराब और जर्जर सड़कों को लेकर आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सच्चिदानंद पांडे के नेतृत्व में ग्रामीणों के सहयोग से 5 किलोमीटर तक खराब सड़को को लेकर विरोध मार्च पदयात्रा किया। सच्चिदानंद पांडे ने कहा कि सांसद विधायक प्रशासनिक पदाधिकारियों को पदयात्रा कर जगाने आया हूं, मरहेता पौता मासी पीढ़ी तक का रोड लगभग 25 वर्षो से जर्जर है । कई चुनाव हुए सांसद और विधायक को बार-बार आग्रह भी किया गया, चुनाव के समय खराब सड़को को बनाने को लेकर आश्वासन भी दिया गया लेकिन आज तक उस सड़क पर ध्यान सांसद और विधायक का नहीं गया ।

## अनाधिकृत निर्माण कार्य तथा स्वीकृत नक्शे के विपरित निर्माण पर चलेगा नगर निगम में कोर्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** आए दिन देखा जा रहा है कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में अनाधिकार रूप से भवन निर्माण किए जा रहे हैं। विगत एक वर्षो से नगर आयुक्त के आदेशानुसार नगर निगम हजारीबाग द्वारा टीम का गठन किया गया एवं अभियान तर्ज पर सभी निर्माणाधीन भवनों का जांच चलाया जा रहा है, जिसमें नगर निगम में अनधिकृत निर्माण पर नोटिस, तत्काल प्रभाव से निर्माण रोकना, जुर्माना, तोड़ने की कार्रवाई , बिल्डर रजिस्ट्रेशन की कार्रवाई की जा रही है। पुनः नगर आयुक्त द्वारा नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत अव्यवस्थित शहरीकरण तथा अनधिकृत निर्माण पर लगाम लगाने हेतु अनाधिकृत निर्माण वाद (ष्ट ष्ड्डह्यद्ग)करने का आदेश पारित किया गया है ।विदित हो कि नगर निकाय कार्यालय द्वारा अभी तक इस प्रकार का कोर्ट का संचालन नहीं किया जा रहा था।नगर आयुक्त के निर्देशानुसार टीम का गठन किया गया है तथा गठित टीम जांच कर कार्रवाई करेगी, जिसमें जांच के आधार पर अनाधिकृत (unauthorized) कंस्ट्रक्शन निर्माण कार्य को घोषित किया जाएगा ।झारखंड भवन विनिमय 2016 तथा झारखंड म्युनिसिपल एक्ट 2011 के सुसंगत धाराओं के तहत अनाधिकृत वाद दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। दिनांक 22/06/ 2023 तक पांच निर्मित/ निर्माणाधीन भवनों (रेसिडेंशियल/कमर्शियल) के मालिकों को स्वीकृत नक्शा, संबंधित दस्तावेज नगर आयुक्त नगर निगम कार्यालय में जमा करने का नोटिस निर्गत किया गया है।

## सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत जागरूकता वाहन को उपायुक्त ने किया रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी योग्य बच्चियों व युवतियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने जिला समाहरणालय परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की को वाहन का रोस्टर निर्धारित करते हुए जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराने एवं उन्हें लाभ दिलाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना झारखंड में मुख्यमंत्री सुकन्या योजना का नाम बदल कर सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना कर दिया गया है। इसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा पर जोर व बाल विवाह प्रथा का अंत, किशोरियों के स्वास्थ्य एवं वैयक्तिक स्वच्छता में सहायता करना है।योजना के तहत छात्राओं को आर्थिक सहायता मुहैया करायी जायेगी। इसमें कक्षा 8वीं एवं नौवीं में नामांकित बालिका को 2500 रुपये, कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में दाखिला लेने वाली बालिकाओं को 5000 रुपये तथा 18 से 19 वर्ष की आयु की बालिका को एक मुश्त अनुदान के रूप में 20,000 रुपये दिये जायेंगे।

प्रभात मंत्र प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान, किया जाएगा बगोदर में रैली का आयोजन

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर चलाए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान के तहत 15 जून को कोडरमा लोकसभा क्षेत्र का लोकसभास्तरीय विशाल महारैली बगोदर स्टेडियम में आहूत की गई है।जिसमें भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार बसुंधरा राजे सिंधिया का आगमन होगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विष्णुगढ़ प्रखंड के मड़मो में कोडरमा सांसद के हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल ने एक बैठक कर पार्टी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में महारैली में शामिल होने की अपील की है साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किये गए देश हित मे कार्यो को सुने व जनता के बीच पहुंचाए।इस अवसर पर विष्णुगढ़ प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुखदेव महतो,मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा,पसस बहाराम हंसदा, संतोष महतो,कन्हाई महतो,सोमर महतो,समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पीवीयूएन में विश्व रक्तदाता दिवस का आयोजन

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीवीयूएन पतरातू में विश्व रक्तदाता दिवस बुधवार को मनाया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य स्वेच्छापूर्वक रक्तदाताओं के निःस्वार्थी कार्यों का धन्यवाद किया जा सके। जीवन और मानवता का जश्न मनाया जा सके। साथ ही जागरूकता फैलाने के लिए पीवीयूएन के मेडिकल विभाग द्वारा प्रशासनिक भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस शपथ समारोह में पीवीयूएन के कर्मचारी और मजदूर भी शामिल रहे। विश्व रक्तदाता दिवस 2023 का थीम रक्त दें, प्लाज्मा दें, जीवन बांटें, अक्सर बांटें है। यह थीम नियमित रूप से रक्त या रक्त प्लाज्मा देने की महत्वता पर बल देती है। ताकि सुरक्षित और सतत रक्त और रक्त संबंधी उत्पादों की आपूर्ति पूरे विश्व में हमेशा उपलब्ध हो सके।

## केंद्रीय विद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय विद्यालय पतरातू में बुधवार को जी-20 एनईपी-2020 एवं एफएलएन विषयों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस आयोजन के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अमित कुमार और विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद व जुबली कॉलेज भुरकुंडा प्राध्यापक महेंद्र पांडेय उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य आर सी गोंड ने अपने संबोधन में एनईपी 2020 को शिक्षा की रूपरेखा पर प्रकाश डाला । साथ ही साथ कार्यशाला आयोजन के महत्व को बताया। इसके अलावा उन्होंने कहा नई शिक्षा नीति (एनईपी) और एफएलएन के साथ साझा जनभागीदारी का समर्थन कर रहे हैं।इतिहास शिक्षक प्रवीण कुमार माथुर ने पीपीटी के माध्यम से जी-20 की पूर्ण रूपरेखा प्रस्तुत किया। इस दौरान विभिन्न राजकीय एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्य, केंद्रीय विद्यालय पतरातु एवं जिले के सभी केंद्रीय विद्यालयों,नवोदय विद्यालय के शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में शिक्षकों और अभिभावकों को एक मंच प्रदान किया गया था । ताकि वे नई शिक्षा नीति की विभिन्न पहलुओं, आवश्यकताओं और चुनौतियों के बारे में विस्तार से चर्चा कर सकें।

## नगर भवन में बरही विधायक ने पदाधिकारियों के साथ किया समीक्षात्मक बैठक

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्लॉक परिसर स्थित नगर भवन में बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। मौके पर उन्होंने आम जनता व कार्यकर्ताओं के शिकायतों को सुना और त्वरित निराकरण करने के लिए उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से संबंधित शिकायत मिलने पर चार एएनएम पर शो कोज किया गया। जिनमें पंचमाधव, जीतपुर, तेतरिया भंडारों, गोरियाकरमा के शामिल है। वहीं सप्ताह में 3 दिन मैं प्रत्येक दिन 10 स्कूल को जांच करते हुए प्रतिवेदन बीडीओ एवं विधायक के पास देने, प्रत्येक दिन 3 आंगनबाड़ी सेंटर का जांच कर प्रतिवेदन जमा करना है। मौके पर बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, संजय यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, बासुदेव यादव समेत विभिन्न विभाग के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आम जनता मौजूद थे।

## लुकैया पड़रीया नदी में पुलिया का निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने किया मांग

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैसालोंग-अरगड्डा मुख्य मार्ग के लुकैया पड़रीया नदी में बुधवार को ग्रामीणों ने पुलिया का निर्माण कराए जाने की मांग की है। इस मुख्य मार्ग से मझंला चुम्बा लूकैया टोला, छोटका चुम्बा बरवाडीह, हैसालोंग, कुम्हारा बांध, खैरा टोला एवं दर्जनों गांव का आवागमन है जो रामगढ़ जिला और हजारीबाग जिला दोनों जिला का लोगों को आवागमन है। जिसमें मंझला चुम्बा, बड़का चुम्बा पंचायत के बीच में लुकैया पड़रीया नदी में ग्रामीण लोगों ने पुलिया निर्माण को लेकर मांग किया। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया निर्माण नहीं होने से बरसात के दिनों में ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो जाएगा। बीते वर्ष 2004 में पूर्व विधायक स्वर्गीय टेकलाल महतो ने ग्रामीणों से वादा किए थे हमारे कार्यकाल में पुलिया का निर्माण कर देंगे जो उनका आकस्मिक मौत से पुलिया का निर्माण नहीं हो पाया 19 साल बीत जाने के बाद ना कोई संसद, विधायक, मंत्री कोई भी पहल नहीं किए। मौके पर आलम अंसारी, इंम्दाद अंसारी, कुंदन रविदास, संतोष रविदास, कयूम अंसारी, शशिक रविदास, सुदाम साव, साहिल रविदास, सीता देवी, नसीम अंसारी, दानीस अंसारी यादी कई ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## हजारीबाग विधायक द्वारा आहूत बिजली कटौती और अन्य समस्याओं के खिलाफ़ धरने में उमड़ा जनाक्रोश

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बिजली विभाग के जीएम कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इस धरना प्रदर्शन में हजारीबाग वासियों का गुस्सा जनाक्रोश के रूप में उमड़ा और लोगों ने बिजली विभाग पर हल्ला बोलते हुए बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों ने हर जोर जुल्म के टक्कर में, संघर्ष हमारा नारा है, हेमंत सोरेन होश में आओ, बिजली विभाग हाय- हाय का नारा जमकर बुलंद किया। धरने में बैठे लोग बिजली विभाग के खिलाफ हाथों में स्लोगन लिखा तख्ती लेकर विरोध जता रहे थे ।धरने के बाद विधायक मनीष जायसवाल ने बिजली विभाग के जीएम अशोक कुमार सिन्हा को एक ज्ञापन भी सौंपा जिसमें बिजली समस्याओं का जिक्र करते हुए यथाशीघ्र से इसे करने का आग्रह किया गया है। ज्ञापन सौंपने के क्रम में विधायक मनीष जायसवाल और पूर्व विधायक मनोज यादव ने बिजली विभाग के सीएम अशोक कुमार सिन्हा से कई सवाल भी किए जिसमें वे चुप्पी साध लिए । विगत कई वर्षों पूर्व लगे जर्जर हो चुके तारों को बदलने के कार्य में लगातार अनदेखी किए जाने, शहर के विभिन्न इलाकों में बस रहे नए मोहल्लों को विद्युत आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाने, कई स्थानों में बिजली बिल मानसिक रूप से नहीं मिलने पर उपभोक्ताओं को एकमुश्त जमा करने में काफी परेशानी होने, कई गांवों में एक ही व्यक्ति के नाम पर दो बिजली बिल निर्गत कर लोगों का भयादोहन एवं दो बिलों की वसूली किए जाने, बिजली विभाग के अधिकारियों की मनमानी और बाबुओं की लालफीताशाही से जनता त्रस्त जनता की विभिन्न समस्या को लेकर बिजली विभाग और वर्तमान झारखंड सरकार के खिलाफ उलगुलान किया।

### कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण हेतु कार्यालय आदेश संख्या 10/2023-24 PR No- 299988 (District) 23-24 द्वारा निकाली गई निविदा की अंतिम तिथि 20.06.2023 को संशोधित करते हुए दिनांक 22.06.2023 के अपराह्ण 03:00 बजे तक निर्धारित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 22.06.2023 को अपराह्ण 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोला जायेगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी

PR 300095 District (23-24)_D

## संगठित मजदूरों की समस्या को लेकर राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर संघ ने जीएम कार्यालय के समक्ष दिया धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खलारी :** राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर संघ (इंटक) के बैनर तले,अंसगठित मजदूरों की समस्या को लेकर, एनके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष दो सूत्री मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना दिया गया।जीएम ऑफिस के समक्ष धरना असंगठित मजदूरो की निरन्तर समस्या पर इंटक के एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने एनके महाप्रबंधक से मांग किया गया कि एनके क्षेत्र में जितने भी प्राइवेट कंपनी संचालित है,उन कंपनियों में मजदूरो का शोषण किया जा रहा है। जो कि भारी निंदनीय, और बर्दाश्त से बाहर है। क्षेत्र के मजदूर से प्राइवेट कंपनियां कोल्हू के बैल की तरह कार्य 30 दिन कार्य करा रही है। लेकिन 30 दिन के मजदूरी भत्ता के बदले 15 दिनों का वेतन दिया जाता है। और यह खेल प्राइवेट कंपनी व एनके प्रबंधन की साठ गाठ से मिलकर पूरा खेल खेला जा रहा है। जबकि सीसीएल खुद ही एक नियम बनाई थी। जिसमे मजदूरो का जितना दिन कार्य होगा उतना दिन का वेतन भत्ता मिलेगा। अथवा उसी के अनुसार असंगठित मजदूरो का भुगतान किया जायेगा। परन्तु सीसीएल के बनी बनाई नियम कानून कागज के पन्नों में ही सिमट कर रह गया।

## व्यपार संघ टाटीसिल्वे कि बैठक संपन्न

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** व्यपार संघ टाटीसिल्वे कि बैठक होटल लाली रेसीडेंसी मे बुलाई गई। वर्तमान समय मे आये दिन घटित अपराधी घटनाओ पर चिंता करते हुए निंदा कि गई। वक्ताओ ने कहा कि अपराधी वेखोफ होकर आते हैं और घटना को अंजाम देकर चले जाते है, अगर इसपर तुरंत लगाम लगाकर गिरिफ्तारी होनी चाहिए अन्यथा आंदोलन पर मजबूर होंगें । सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि टाटीसिल्वे थाना जाकर थाना प्रभारी को सुरक्षा कि ग्रान्टी हेतू ज्ञापन देना हैं,महिने मे एक बार बैठक जरूरी। इस बैठक मे मुख्य रूप से राजन साहू, अरविंद सिंह, विनोद अग्रवाल, सुधीर वर्नवाल, पंचायत समिति सदस्य अरविंद लोहरा, रमेश कुमार, राजेंद्र प्रमाणिक,मंटू यादव, टुन् टून तिवारी, मनोज साहू,पुनीत अग्रवाल,बृजेश सिंह,मंगल गुप्ता, दीपक मोदक, गोविंद महतो,संजय गोयल, बादल ,बबलू पांडे, संजय शर्मा, प्रसाद,अरुण चौरसिया,रवि शर्मा, मदन सिंह इत्यादि गन मान्य लोग उपस्थित थे।

## पेयजल व स्वच्छता का निरीक्षण किया गया

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी एम ए एस पब्लिक स्कूल सिल्ली में पेयजल एवं स्वच्छता का निरीक्षण किया गया । प्रखंड विकास पदाधिकारी सिल्ली के निर्देशानुसार श्री सिद्धेश्वर बासके प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली ने अपने सात सदस्य की टीम के साथ विद्यालय परिसर में उपलब्ध पेयजल एवं स्वच्छता का निरीक्षण किया एवं संतोषजनक पाया ।टीम के सदस्य में डॉ विनीता ,शशि भूषण चौबे ,सुरेंद्र नाथ महतो ,ब्रजकिशोर महतो, ए . एन. एम. मीरा कुमारी जलसहिया (पी एच.डी .) बंसारुली देवी एवं क्रांति बाला शामिल थी ।

## मैकलुस्कीगंज चामा मुख्य पथ पर टाटा मैजिक पेड़ से टकराई ,चालक गंभीर रूप से घायल

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के चामा मैकलुस्कीगंज मुख्य पथ के बसरिया मोड़ (ओल्ड फॉरेस्ट गेस्ट हाउस) पास अनियंत्रित होकर टाटा मैजिक पेड़ से टकराया। घटना लगभग 5 बजे सुबह की बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार चामा की ओर से मैकलुस्कीगंज के तरफ टाटा मैजिक वाहन न0 बीआर 09 एच 9883 आ रही थी। इसी क्रम में बसरिया मोड़ टर्निंग के पास वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया।

### MUNICIPAL CORPORATION, HAZARIBAGH

(Urban Development & Housing Department, Govt. of Jharkhand)
Nagar Nigam, Hazaribagh – 825301, Email :- municipality_08@rediffmail.com

Ref : UDD/HMC/HZB/SBD/02/2023-24 Letter No. 2308 — Dated : 10/06/2023

**e-Procurement Notice**

1. Name of Tender Inviting Officer : Executive Engineer, Municipal Corporation, Hazaribagh
2. Date of Publication of Tender on Website : 21-06-2023
3. Last Date/Time for receipt of online bids : 05-07-2023 up to 05:00 PM
4. Last Date/Time for receipt of EMD (Hard Copy): 06-07-2023 up to 02:00 PM
5. Date/Time of Opening bids : 07-07-2023 11:00 AM
6. Contact No. of Procurement officer : 9431797115

| Sl. No. | Name of Work | Value of Work (Rs.) | Earnest Money,(Rs.) | Cost of Tender Document,(Rs.) | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rejuvenation/Renovation of Dhobia Talab in Ward No. 12 Under Hazaribagh Municipal Corporation, Hazaribag | 3,53,28,494/- | 3,60,000/- | 10,000/- | (540 Days) |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- No Hard Copy will be accepted after 06-07-2023 up to 2:00 PM.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer
Municipal Corporation, Hazaribagh

PR 299947 Urban Development and Housing(23-24)#D

### झारखण्ड सरकार
### पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

email – eedwsd.ranchiwest@gmail.com

ई – प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या – **DWSD/RW/SR-20/2023-24** — दिनांकः– 14.06.2023

1. Name of Work :- Relocation of T/W by Drilling 125/115 mm dia drilled Tube-Well in all kinds of soil rock for installation of hand pump with D.T.H Rig machine all complete including supplying all materials, labours, tools, drilling, rigs, air compressor and equipments as well as fuel lubricant for making 125/115 mm dia boring etc and cost of transporting rig machine and other vehicle up to site work "TurnKey Basis" Under D. W. & S. Division, Ranchi West, Ranchi for the Year 2023-24

| ग्रुप संख्या | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| SR/RW-I | 33 nos. | 28.09290 | 56200.00 | 5,000.00 | 02 माह |
| SR/RW-II | 33 nos. | 28.09290 | 56200.00 | 5,000.00 | 02 माह |
| SR/RW-III | 33 nos. | 28.09290 | 56200.00 | 5,000.00 | 02 माह |

2. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 17/06/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 23/06/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
4. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :– 24/06/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 24/06/2023 / 05.00 बजे अपराहन में।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
7. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 0651-2491247
9. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
10. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
11. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची।

PR 300027 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

### कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–08, वर्ष 2023–24)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : – 28.06.2023 से 01.07.2023 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 03.07.2023 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03.07.2023 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा / जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी / मद – :– **DMFT (633/10.06.23)**

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | गिद्धौर | गिद्धौर | गिद्धौर | कन्या मध्य विद्यालय से कनी महतो के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 608600 | 1250 | 12500 | 03 माह |

**निविदा की शर्ते –**
1. जिला परिषद / जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित है, तो उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी ।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, चतरा।

PR.NO.300040 District(23-24):D

## देश में आपदा प्रबंधन होगा और दुरुस्त, अमित शाह ने 8000 करोड़ की 3 योजनाओं की घोषणा की



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय गृह एवंसहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को देश में आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने केलिए 8000 करोड़ रुपये से अधिक राशि की तीन प्रमुख योजनाओं की घोषणा की, जिनमें शामिल हैं ङ्क (1) राज्यों में अग्निशमन सेवा के विस्तार औरआधुनिकीकरण के लिए 5,000 करोड़ रुपये की परियोजना, (2) सर्वाधिक जनसंख्या वाले सात महानगरों ङ्क मुंबई, चेन्नई, कोलकाता बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद और पुणे ङ्क में बाढ़के खतरे को कम करने के लिए के लिए 2,500 करोड़रुपये की परियोजना और (3) भू-स्खलन शमन के लिए 17 राज्यों सहित केंद्रशासितप्रदेशों में 825 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय भू-स्खलन जोखिम शमन परियोजना।नई दिल्लीके विज्ञान भवन में आयोजित आपदा प्रबंधन मंत्रियों की बैठक में बतौर अध्यक्षकेंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि इन तीन प्रमुख योजनाओं केकार्यान्वयन से जहाँ आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रणाली को मजबूती मिलेगी, वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आपदा प्रतिरोधी भारत केसंकल्प को साकार स्वरूप मिलेगा। बैठक केदौरान शाह ने रेखांकित किया कि, '2005-06से 2013-14 तक के 9 साल और 2014-15 से 2022-23 तक के 9 सालों की तुलना करें तो,एसडीआरएफ को पहले 35,858 करोड़, रूपए जारी किए गए थे, जो लगभग तीन गुणा बढ़कर 1,04,704 करोड़ रूपए हो गया है। इसके अलावा एनडीआरएफसे जारी होने वाली राशि 25,000 करोड़ रूपए से बढ़कर, लगभग तीन गुणा वृद्धि के साथ 77,000 करोड़ रूपए होगया है।

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़।

रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला– रामगढ़, झारखण्ड– 829122, ई-मेल– eercdramgarh-jhr@nic.in

एस०बी०डी० आधारित ई–निविदा सूचना

ई–निविदा प्रसंग संख्या :– RCD/RAMGARH/ 305 /2023-24 — दिनांक :– 12-06-2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Construction of Approach & Proposed ROB near L.C No.- MB-21 at KM 383/16-17 between Muri to Barkakana under Ranchi Railway Division. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रूपये 28,91,92,256.00 (अठाईस करोड़ एकान्वे लाख बानवे हजार दो सौ छप्पन) मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 18(अठारह) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 22.06.2023 1030 बजे पूर्वाह्न |
| 5. | प्री–बिड मीटिंग की तिथि एवं समय | 27.06.2023 1130 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 10.07.2023 1200 बजे दिन तक |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़ |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नंबर | 98351–25637 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नंबर | 0651–2401010 |

- निविदा की अन्य शर्तें वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित निविदाकारों को UCAN से संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
- निविदा की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि० पथ प्रमण्डल रामगढ़।

PR 299899 Road(23-24)D

### कार्यालयः- जिला कृषि पदाधिकारी, कोडरमा

**प्रेस विज्ञप्ति, आवश्यक – सूचना**

कोडरमा जिले के कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों को कंपनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मुल्य (MRP) निम्न प्रकार है ।:–

| Sl.No. | Company | UREA | DAP | MOP | SSP | Complex | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Ind./Imp | Ind./Imp | | | 20:20:13 | 12:32:16 | 16:16:16 | 14:28:00 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | 1200.00 | - | - | - |
| 2 | NFL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL/KRIBHCO | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | - | 645.00 | 1470.00 | - | - | 1550.00 |
| 6 | IPL | 266.50 | 1350.00 | 1700.00 | - | 1250.00 | - | 1250.00 | - |
| 7 | MATIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | HURL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | PPL | . | 1350.00 | - | - | 1250.00 | - | - | - |
| 10 | SAI | . | - | - | 575.00 | - | - | - | - |

नोट :– 1. यूरिया की प्रति बोरी 45 Kg Packsize की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 Kg Packsize होती है।
2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित MRP से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी / प्रखण्ड तकनिकी प्रबंधक जिले के जिला कृषि कार्यालय तथा संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय में इसकी शिकायत की जा सकती है।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर – अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत् सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला कृषि पदाधिकारी
कोडरमा

PR 300035 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24).D

### झारखण्ड सरकार
### पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, तेनुघाट

**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना , (प्रथम आमंत्रण)**

अति अल्पकालिन निविदा सूचना संख्या – (तेनुघाट) 03/2023-24 — दिनांक – 13.06.2023

1. Name of Work:- Re-Location of Defunct Tube well in 125/115 mm dia with. 60.0 mtrs deep drilled tube well with installation of India mark II (IS 15500 Part – 2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by DTH (F.D.S/K. P.O./copco) RIG machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform under D.W.&S. Division, Tenughat for the Year 20 23-24

| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड न0 की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य, (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| TEN/PET/SR-1 | 21 अदद् | 17.61652 | 0.38000 | 5000.00 | 2 माह |
| TEN/TEN/SR-2 | 33 अदद् | 27.68310 | 0.58000 | 5000.00 | 2 माह |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 19.06.2023 समय 02.00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 26.06.2023 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद / पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, तेनुघाट में परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि की मूल प्रति जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय पढ़ा जाय। | 27.06.2023 समय 03.00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 28.06.2023 समय 04:00 बजे अपराहन् |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वचछता अंचल, धनबाद। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता ;- | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, तेनुघाट। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 9430153040, 7541938775 |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 0651-2480345 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtender.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, तेनुघाट

PR 300034 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

### कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

(अतिअल्पकालिक ई०निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 07/2023-24 — दिनांकः 14.06.2023

1. कार्य की विस्तृत विवरणी : स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 633, दिनांक 10.06.2023(DMFT)

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गिद्धौर | गिद्धौर | गिद्धौर | पी0डब्लुण्डी0 रोड से रामसेवक दांगी के खेत तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2137500 | 5000 | 43000 | 04 माह |
| 2 | गिद्धौर | गिद्धौर | गिद्धौर | पी0डब्लु0डी0 रोड से फागु दांगी के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 1666500 | 5000 | 33500 | 03 माह |
| 3 | गिद्धौर | गिद्धौर | कटघरवा | टेपा भुइयां के घर से उदय दांगी के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2137500 | 5000 | 43000 | 04 माह |
| 4 | गिद्धौर | गिद्धौर | गिद्धौर | सूर्य मंदिर छठ तालाब के प्रांगन में पेभर ब्लॉक निर्माण। | 1104615 | 2500 | 22500 | 03 माह |
| 5 | गिद्धौर | पहरा | केन्दुआ | मण्डप से धनेष्वर पासवान के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 1695500 | 5000 | 44000 | 03 माह |
| 6 | गिद्धौर | पहरा | बिसनापुर | तिलेश्वर प्रजापति के घर से (PWD) चुक तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2854800 | 5000 | 57500 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 26 / 06 / 2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 28.06.2023 से 07.07.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. जिला परिषद, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Original copy) एवं ऑनलाईन समर्पित कागजातों की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 08.07.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –10.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
10. योजनवार विस्तृत जानकारी कार्यालय नोटिश बोर्ड पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा

PR 300044 District (23-24)_D

## इंपीरियल पब्लिक स्कूल बरहमसिया के शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को ग्रीष्मावकाश के दौरान



बरहमसिया चौक पर स्थित इंम्पीरियल पब्लिक स्कूल में पठन पाठन कार्य को और बेहतर एवं सरल बनानें के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में विद्यालय के संस्थापक चन्द्रशेखर प्रसाद वर्मा और नागेश्वर प्रसाद वर्मा तथा प्रधानाध्यापक रोहित कुमार, उप प्रधानाध्यापक शंकर के साथ-साथ विद्यालय के सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित थे, जहां उन्हें विभिन्न विषयों के शिक्षकों को वर्गीकृत कर उन्हें एक्सपर्ट मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस बीच सभी शिक्षक-शिक्षिकाओ ने अपने अपने अनुभवों को एक दूसरे के साथ साझा किया। वहीं संस्थापक चन्द्रशेखर प्रसाद वर्मा और नागेश्वर प्रसाद वर्मा ने शिक्षकों को बेहतर शिक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षण के कार्य में कभी उत्तेजित नहीं होना चाहिए. शिक्षकों को सरल एवं शांत स्वभाव का होना चाहिए. वर्तमान समय में अभिभावक अपने बच्चों की जवाबदेही पूर्णता शिक्षकों के ऊपर छोड़ उनके द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास की उम्मीद रखते हैं. शिक्षकों को अभिभावक की इस उम्मीद पर पूरी तरीके से खरा उतरना चाहिए. उन्होंने कहा कि शिक्षक के अध्यापन की विधि इतनी अच्छी और सरल होनी चाहिए ताकि बच्चे कक्षा में उन शिक्षकों का इंतजार करें।

## विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को गिरिडीह ज़िले में विश्व



रक्तदान दिवस के अवसर पर श्रेय क्लब के द्वारा जीनीयस कंप्यूटर सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में श्रेय क्लब के सचिव रमेश यादव ने अपने जीवन का 70 वां यूनिट रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की। तत्पश्चात कोचिंग सेंटर के संचालक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं कुल 45 लोगों ने अपने रक्त की जाँच करवाई तथा रक्तदान करने योग्य कुल 28 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में बब्बन राव भारती, राहुल कुमार दास, रानी कुमारी, परवेज आलम, अभिमन्यु, अजित प्रसाद वर्मा, अमित कुमार, सुरेश साव, ऋचा सिन्हा, छोटू लाल दास, मोश्र अरबाज अली, शशि आनंद वर्मा, चन्दन कुमार, आफताब खान, नितेश कुमार वर्मा, आलोक किस्कू, दीपक यादव, मोहन दीप हेमब्रम, मोश्र तस्लीम अंसारी, सिकेंद्र किस्कू, संतोष सोरेन, अरविन्द कुमार सहाय, आसिफ खान, मो हसनैन रजा, रवि कुमार यादव, विकास कुमार यादव एवं सचिन यादव ने रक्तदान किया।

## पे अटेंशन ऑटिज्म जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित



जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला (एलएलसी मेम्बर) में बुधवार को एमपीएल टाटा पॉवर कम्युनिटी डेवलेपमेंट ट्रस्ट द्वारा पे-अटेंशन ऑटिज़्म जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऑटिज़्म जागरूकता और समर्थन नेटवर्क के जरिये माता-पिता, देखभालकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और शिक्षकों को सक्षम बनाना और प्राथमिक थेरिपिस्ट बनने और ऑटिज्म बच्चों को समय रहते प्राथमिक उपचार प्रदान करने की क्षमता प्रदान करना था।

## छात्र नेताओं ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कुलपति की शिकायत की

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनएसयूआई ने राज्य भवन को विश्वविद्यालय के तानाशाही कुलपति के तानाशाही रवैया एवं निर्णय की शिकायत की। राज्य भवन से जांच रिपोर्ट लेने आए प्रतिनिधियों को बताया गया कि किस प्रकार विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के कुलपति कैसे अपने तानाशाही रवैया से छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है एवं विनोद बिहारी बाबू के नाम पर बनी विश्वविद्यालय की छवि को धूमिल कर रही है। विश्वविद्यालय में चली आ रही अनेकों समस्याओं से अवगत कराया। कहा की माननीय कुलपति का रवैया इस कदर है कि किसी भी छात्र छात्रा को उनसे मिलने नहीं दिया जाता है और ना ही कुलपति जी किसी छात्र की बात सुनने के लिए तैयार होते हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, जिला महासचिव अंकित कुमार, नितेश शर्मा, सनी सिंह, पीके राय कॉलेज के अध्यक्ष राज रंजन सिंह, नवाजिश अफजल, जयप्रकाश, सोहेल सौम्यदीप, सलाउद्दीन, फिरोज समेत अन्य उपस्थित थे।

# जमुआ : मासूम बच्चे का कुएं में मिली लाश

**प्रभात मंत्र संवाददता**

**जमुआ :** प्रखंड के सियाटांड़ गाँव में मंगलवार आधी रात लगभग 2:30 बजे गायब एक आठ माह का नवजात बच्चा का शव अगले सुबह बुधवार को चरमोरिया गांव के कुआँ से बरामद किया गया। गांव में वार्षिक त्यौहार अखारी पूजा था जिसको लेकर गांव में अतिथियों की हुजूम लगा हुवा था सभी लोग पूजा को लेकर काफी उत्साहित थे। परिजनों के अनुसार रात में बच्चा गायब होने की भनक कुछ ही देर मे बच्चे के माता-पिता सुलेखा कुमारी पति कुंदन कुमार को लग गई भनक लगने के बाद काफी खोजबीन बाद



भी नहीं मिलने पर देर रात्रि प्रशासन को भी सूचना दी गई नवडीहा थाना प्रभारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए रात में पहुंचकर छानबीन शुरू कर दिए । वही अगले सुबह खोरीमहुआ एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, जमुआ इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, जमुआ थाना प्रभारी पप्पू कुमार ,नवडीहा थाना प्रभारी राधेश्याम पांडे दलबल के साथ सियाटांड़ पहुंचे और छानबीन करते हुवे आप पास के सभी कुआँ में तलाश करने लगे तलाश के दौरान घर से कुछ दूरी चारमोरिया गांव स्थित एक कुआँ से मृत बच्चा शिवांग का शव बरामद किया गया। फ़िलहाल अभी तक बच्चे को गायब कर इस जघन्य अपराध को करने वाला गिरफ्त से दूर है। प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया और आगे की करवाई में जुट गया ।

इधर बच्चे के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है परिजनों ने प्रशासन से गुहार लगाया की जल्द ही अभियुक्तों को पकड़ कर कड़ी करवाई करे। एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने कहा बच्चे की गुमशुदगी की सूचना मिलते ही नवडीहा थाना प्रभारी द्वारा खोजबीन शुरू किया गया था वहीं सुबह हम लोग पहुंच गए खोजबीन के दौरान पता चला कुआँ में शव मिला है।

# कोयला व्यवसायी की गोली मार कर हत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** सेल कर्मी सह कोयला व्यवसायी प्रवीण राय की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला में बाइक सवार दो अपराधियो ने घटना को अंजाम दिया। आक्रोशित लोगो ने सिंदरी - झरिया मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार, प्रवीण कुमार राय अपने घर से निकल कर लोको बाजार गए थे। जब वह बाजार से वापस लौट रहा थे तो इसी दौरान अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी। लोगो ने प्रवीन राय को



चासनाला स्वस्थ केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना चासनाला साऊथ कोलोनी के समीप के ऑफिस का है। लोगो का कहना है की ग्लैमर मोटर सिकिल पर सवार अपराधियो ने उन पर फायरिंग की। फायरिंग के बाद वह कार्यालय में घुसकर गेट बंद करने की कोशिश की लेकिन हमलावर फायर करते रहे। उनके सिर और पेट में गोली लगने की सूचना है। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। सूचना पाकर पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर चार खोखा, देसी कट्टा बरामद की है। फायरिंग क्यों की गई, किसने की अथवा किसने करवाई, पुलिस इसकी जांच कर रही है। समाचार लिखे जाने तक इस घटना में अभी तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## सात दिनों के अंदर समस्याओं का करें निदान अन्यथा होगा विशाल जन आंदोलन : दीपक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** 75 प्रतिशत स्थानीय को रोजगार व अन्य मूलभूत समस्याओं का निराकरण के लिए बुधवार को शक्ति ग्रामीण युवा समिति ने टाटा स्टील महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। बताया गया कि प्रबंधक को 7 दिनों तक का समय दिया गया है। अगर सात दिनों के अंदर ग्रामीणों के सभी मांगों को निदान नहीं किया तो इस बार ग्रामीण चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। समाजसेवी दीपक कुमार महतो ने बताया कि 24 सूत्री मूलभूत मांगों को लेकर टाटा स्टील प्रबंधन को वार्ता की गई है।

वार्ता में प्रबंधन को स्थानीय लोगों को रोजगार में हो रही परेशानी से पुरी तरह अवगत कराया गया है। साथ ही अन्य मांगों को लेकर भी अवगत कराया गया। मौके पर कृष्णा महतो, उज्जवल महतो, रसीद अंसारी, विमल टुडू, राजेश महतो, संतोष महतो, विकाश महतो आदि मौजूद थे।

# मन का मिलन पखवाड़ा का समापन

## पखवाड़ा के दौरान 29 पारिवारिक वाद का निपटारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद श्री राम शर्मा के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय परिसर में 29 मई से दो सप्ताह के लिए चलाए गए मन का मिलन पखवाड़ा का आज समापन हुआ। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि मन का मिलन पखवाड़ा के माध्यम से धनबाद जिले के कुल 9813 लोगो को जागरूक किया गया। इस दौरान 119 आवेदन आए। जिसमें 29 वादों का निपटारा कर दिया गया।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार का गठन, 350 सदस्य जुड़े

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आम सभा में हंगामे के बाद बुधवार को पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स दो गुटों में बटा दिखा। चेंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार का गठन के साथ ही 350 सदस्य जुड़ भी गए। बुधवार को पुराना बाजार के व्यवसायियो ने चेंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के बैनर तले अग्रसेन भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी घोषणा की। सोहराब खान, राजेश गुप्ता, प्रदीप नारनौली, भीखूराम अग्रवाल चार पूर्व अध्यक्ष की मौजूदगी में शक्ति मंदिर चेंबर ऑफ कॉमर्स ने भी इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार से जुड़ने की घोषणा की। इस अवसर पर पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष सोहराब खान ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में संशोधन के लिए हम



लोग चुनाव पदाधिकारी से मिले, जिला चेंबर से भी आग्रह किया लेकिन कहीं हमारी बातों को नहीं सुना गया। चेंबर बायलॉज के अनुसार चुनावी अधिसूचना जारी होने पर 15 दिन के अंतराल पर चुनाव होने चाहिए लेकिन इतनी हड़बड़ी में चुनाव कराया जा रहा है जिससे प्रतीत होता है कि पुरानी कमेटी की मनसा ठीक नहीं है।

# सुरक्षा की अनदेखी कर उत्खनन का कार्य करने पर होगी कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जयरामपुर आउटसोर्सिंग परियोजना में सुरक्षा की अनदेखी कर उत्खनन कार्य किया गया तो बाध्य होकर अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा। उक्त बातें डीजीएमएस के निदेशक मनोज कुमार साहू ने एक टीम के साथ बुधवार को जयरामपुर स्थित आउटसोर्सिंग परियोजना के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से कही। श्री साहू झरिया विधायिका पूर्णिमा नीरज सिंह कि ओर से आउटसोर्सिंग परियोजना से बड़े पैमाने पर उड़ रही धूलकण जैसी प्रदूषण सहित अन्य समस्याओं को लेकर ग्रामीणों को हो रही परेशानी के आलोक में कि गयी शिकायत के चलते आउटसोर्सिंग



परियोजना कि जांच करने आए थे। जांच के क्रम में डीजीएमएस की टीम से परियोजना पदाधिकारी एके पाण्डेय कि उपस्थिति में ग्रामीणों ने आउटसोर्सिंग परियोजना के संचालक पर दबंगई के बल पर डीजीएमएस कि गाइडलाइन कि अनदेखी कर परियोजना में उत्खनन कार्य कर प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाया।

बच्चा गुट के क्षेत्रीय सचिव मल्लू सिंह ने कहा कि जयरामपुर के मुहल्ले से मात्र एक सौ मीटर कि दूरी पर चल रही आउटसोर्सिंग परियोजना में ब्लास्टिंग किए जाने से हमेशा जानमाल का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों के लिए उपयुक्त आवागमन को मुख्य सड़क एवं जोड़िया को क्षतिग्रस्त कर लोगों को विस्थापन के लिए विवश किया जा रहा है। डीजीएमएस निदेशक श्री साहू ने ग्रामीणों से कहा कि मानव जीवन कि सुरक्षा सर्वोपरी है। प्रबंधन को हर हाल में डीजीएमएस कि सुरक्षा गाइडलाइन के तहत उत्खनन कार्य करना होगा। मौके पर मल्लू सिंह, जिला कांग्रेस सचिव अनिल सिंह, समरजीत सिंह, राकेश सिंह, रूपक सिन्हा, रामबाबू सिंह, रवि थापा, अमीत कुमार आदि थे।

## एक मांग वेतनमान को लेकर एकीकृत संघर्ष मोर्चा 17 जून को करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सामुदायिक सहायक अध्यापक संघ एवं एकीकृत सहायक अध्यापक संघ का संयुक्त बैठक एकीकृत संघर्ष मोर्चा के बैनर तले गोल्फ़ ग्राउंड में हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन महामंत्री सुशील कुमार पाण्डेय उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से एकीकृत संघ के जिलाध्यक्ष एवं सामुदायिक संघ के जिलाध्यक्ष तुलसी राम महतो एवं निरंजन कुमार दें एवं संयुक्त रूप से संचालन संजय प्रजापति एवं नयन कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। बैठक में सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वर्तमान सरकार वेतनमान को लेकर गम्भीर नहीं दिख रही है। इन सब विषयों को ध्यान में रखते हुए आगामी 17 जून को धनबाद के तमाम सहायक अध्यापक एक मांग पड़ोसी राज्य बिहार के तर्ज पर वेतनमान को लेकर प्रदेश कमेटी के आह्वाहन पर 17 जून को धनबाद से शत् प्रतिशत उपस्थिति के साथ मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे बैठक में मुख्य वक्ता के रूप से उत्पल चौबे, नवीन चन्द्र सिंह, दयानन्द चौधरी, योगेश दत्ता, राजीव कुमार सिंह, बलराम महतो, संजय कुमार सिंह, संतोष कुमार, नागेश्वर गोप, मुमताज अंसारी, जेपी महतो, कार्तिक साव, बलभद्र मराण्डी सहित सैकड़ों सहायक अध्यापक उपस्थित हुए।

# भाकपा माले की बैठक में ब्रांच पुर्नगठन अभियान तेज करने का लिया गया निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** आज भाकपा माले की बेंगाबाद प्रखंड कमिटी की एक बैठक पार्टी कार्यालय में प्रखंड सचिव शिवनंदन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसका संचालन शंभू ठाकुर तथा रामलाल मंडल ने किया। बैठक में पार्टी सुदृढ़ीकरण के तहत चलाए जा रहे ब्रांच पुर्नगठन अभियान को और तेज करने का निर्णय लिया गया। अपने संबोधन में प्रखंड सचिव से शिवनंदन यादव ने कहा कि, भाकपा माले एकमात्र ऐसी पार्टी है जिस पर गरीब गुरबों सहित आम अवाम की उम्मीदें टिकी हुई हैं, जबकि दूसरी सभी पार्टियों ने जनता के साथ धोखेबाजी की है। कहा कि इस प्रखंड क्षेत्र में चारों तरफ लूट मची है। प्रायः खुद को नेता और समाजसेवी कहने वाले लोग भी भ्रष्टाचारियों के साथ मिलकर इस लूट में शामिल हैं। ऐसी स्थिति में अब आम जनता को ही कमर कस कर खड़ा होने की जरुरत है।

बैठक में यह तय किया गया कि, संगठन के सभी जिम्मेवार साथी प्रत्येक दिन किसी-न-किसी गांव में मीटिंग कर लोगों को पार्टी से जोड़ने और ब्रांच गठन करने का काम करेंगे तथा पार्टी ब्रांच की अगुवाई में वहां विभिन्न तबकों के जन संगठन का सदस्यता अभियान चलाते हुए जन समस्याओं को चिन्हित कर आंदोलन चलाया जाएगा।

इधर बैठक तथा भावी योजना को लेकर माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, पूरे बेंगाबाद में 175 से भी अधिक पार्टी ब्रांच गठन करने का संकल्प लिया गया है, ताकि समूचे क्षेत्र में संगठन की पकड़ मजबूत कर विभिन्न जन सवालों पर संघर्ष खड़ा किया जा सके।बैठक में मुख्य रूप से शिवनंदन यादव, रामलाल मंडल, फोदार सिंह, प्रदीप यादव, राजकिशोर चौधरी, सुखदेव गोस्वामी, महेंद्र साव, शंभू ठाकुर, कमरूदीन अंसारी आदि मौजूद थे।

## विश्व रक्तदाता दिवस : वासेपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन

### सभी रक्तदाताओं को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बंगाली वेलफेयर सोसाइटी और समाजसेवी मुख्तार अहमद के संयुक्त तत्वावधान में वर्ल्ड ब्लड डोनर्स डे के मौके पर वासेपुर के निशात नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन बैंक मोड़ के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय ने फीता काटकर किया। मौके पर 41 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। संग्रहित रक्त को एसएनएमएमसीएच के ब्लड बैंक में जमा किया जाएगा, ताकि जरूरतमंद को आसानी से रक्त उपलब्ध हो सके। बाद में सभी रक्तदाताओं को



मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

शिविर के सफल आयोजन में समाजसेवी मुख्तार अहमद, जूली परवीन, तनवीर आलम, हाजी जमीर आरिफ, रजा अहमद, आमिश खान, बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के गोपाल भट्टाचार्य, नारायण रॉय चौधरी, अपूर्व कुमार दे, सौरित दत्ता, पी के मजूमदार, सुभोमय भट्टाचार्य, ब्लड बैंक के एचओडी ए के सिंह, अशोक कुमार शर्मा समेत अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# दो बालू तस्कर को झरिया सीओ ने भेजा जेल, ट्रैक्टर जब्त

## सरकारी कार्य में बाधा डालने का लगा आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** झरिया सीओ गौशाला ओपी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बालू तस्करी, भण्डारण, परिवहन हो रही थी। क्षेत्र में सभी निर्माण कार्य और बीआईटी में भी करोड़ों की लागत से बन रहे भवन निर्माण कार्य में दामोदर नदी से अवैध बालू खनन कर चोरी का बालू उपयोग किया जा रहा है। बड़े पैमाने पर हो रहे चोरी और सरकारी अधिकारी से थोड़ा भी डर नही अवैध कारोबारियों को इसका खुलासा झरिया सीओ के छापेमारी के बाद हुई। बालू तस्करो पर प्राथमिकी दर्ज की गई। दो बालू तस्करो को जेल भेजा गया। ट्रैक्टर को जब्त किया गया जिससे बालू तस्करो के नींद चैन उड़ी है। बता दें की कि सिंदरी अनूमंडल के गौशला ओपी क्षेत्र के कांड्रा में झरिया अंचल अधिकारी प्रमेश कुशवाहा के नेतृत्व में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के रोकथाम हेतु छापामारी में अंचल गार्ड गृहरक्षक हीरा पासवान, गृहरक्षक उमा शंकर शर्मा के साथ निकले थे। एक ट्रैक्टर वाहन जिसके ट्रॉली/वाहन पर वाहन संख्या दर्ज नहीं था। अज्ञात चालक लगभग 100 सीएफटी बालू लेकर काण्ड्रा बाजार से काण्ड्रा बस्ती की ओर से जा रहा था जिसे पुछ ताछ के बाद जब्त कर लिया गया है। भोलानाथ गोराई, मोहम्मद अकरम एवं अजय सिंह, तीनो थाना गौशाला ओ0पी0 जिला धनबाद एवं 4. नीला रंग का अज्ञात ट्रैक्टर के मालिक एवं चालक 5 अन्य के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने एवं बालू के अवैध खनन एवं परिवहन से सबंधित सुसंगत धाराओ के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया। जिसमें घारा 353/ 341/ 414/504/34 आईपीसी 4/21एमएमडीआर एक्ट 1957एण्ड 9/13 रूल 2017 शामिल है। एसआई प्रदीप कश्यप ने प्राथमिकी दर्ज की।

# बरवाअड्डा में रोहित पर फायरिंग मामले में एक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रोहित कुमार ठाकुर पर हुए गोलीबारी की घटना में संलिप्त एक अपराधकर्मी दुर्गा प्रसाद साव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उक्त अपराधी की गिरफ्तारी चास थाना क्षेत्र से की गई। गिरफ्तार अपराधी के पास से दो स्मार्ट फोन बरामद हुआ है। बुधवार को डीएसपी मुख्यालय -1 अमर कुमार पांडेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी है। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि पिछले दिनों 5 जून को रांची बरयातु थाना अंतर्गत बिट्टू नामक व्यक्ति की हत्या में दुर्गा प्रसाद व रोहित पर गोलीबारी करनेवाले शेष अन्य दो अपराधकर्मियों की संलिप्ता पाई गई है। गिरफ्तार अभियुक्त दुर्गा प्रसाद ने अपनी संलिप्ता स्वीकार भी की है। उन्होंने बताया रोहित गोलीकांड में प्रयुक्त हथियार और बाईक को रांची पुलिस ने बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया रोहित कांड के शेष अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी जारी है।

ज्ञात हो कि रोहित कुमार ठाकुर पर हुए गोलीबारी की घटना 13 अप्रैल की है। बर्वाअड्डा थाना अंतर्गत लोहारबरवा स्थित चंद्रावती क्लीनिक के बगल में स्थित माँ विध्यवासिनी नामक मोबाईल दूकान में प्रवेश के दौरान



जान से मारने की नियत से रोहित कुमार ठाकुर पर गोली चलायी गयी थी, जिसमें रोहित कुमार ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रोहित के भाई अरविन्द कुमार ठाकुर के फर्दबयान के आधार पर काण्ड अंकित कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

## चलते चलते एक नजर

### महागठबंधन से मांझी के अलग होते ही दिल्ली में जुटे भाजपा नेता



**पटना।** बिहार में जीतन राम मांझी की पार्टी हम के महागठबंधन से अलग होने के बाद बिहार की राजनीति में हलचल मच गयी है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही सक्रिय हो गए हैं। नीतीश सरकार ने जदयू विधायक रत्नेश सदा को मंत्री बनाने का फैसला लेते हुए 16 जून को कैबिनेट का विस्तार करने की घोषणा की है जबकि आज बिहार भाजपा कोर ग्रुप की अहम बैठक दिल्ली में होने वाली है। इसके लिए बिहार से सम्राट चौधरी सहित कोर ग्रुप के सभी सदस्यों को दिल्ली बुलाया गया है। इस बैठक की अध्यक्षता खुद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। दिल्ली में होने वाली भाजपा बैठक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, बिहार भाजपा विधानमंडल दल के नेता विजय सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, अश्विनी चौबे, नित्यानंद राय के अलावा पूर्व मंत्री मंगल पांडेय, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखुभाई दलसानिया, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ और बिहार के सहप्रभारी सुनील भाई ओझा, पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी, तारकिशोर प्रसाद और रेणु देवी के शामिल होने की संभावना है।

### तमिलनाडु के मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी निंदनीय : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी. सेंथिल बालाजी के घर पर देर रात प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई का विरोध किया है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की देर रात गिरफ्तारी निंदनीय है। खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार विपक्ष को परेशान करने के लिए जाच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है लेकिन विपक्ष डरेगा नहीं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ जांच एजेंसियों का इस तरह से खुल्लम खुल्ला दुरुपयोग मोदी सरकार की पहचान रही है। इस तरह की हरकतें विपक्ष को चुप कराने में कामयाब नहीं होंगी बल्कि ये मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अपने लोकतांत्रिक संघर्ष को जारी रखने के विपक्ष के दृढ़ संकल्प को और मजबूत करती हैं। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के बिजली मंत्री सेंथिल बालाजी के घर पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की थी। उसके बाद मंत्री की तबीयत खराब हो गई और ईडी ने एक सरकारी अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया था। जब उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था तब वह रोते नजर आए थे।

# दोहरे हत्या मामले का उद्भेदन, तीन गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** देर से ही सही पुलिस ने दोहरे हत्या केस का उद्भेदन करते हुए तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । घटना बीते 13 नवंबर 2021 को तुपुदाना थाना क्षेत्र के बेरामद में पूजा कच्छप और विवेक तिग्गा की रात्रि में तेज हथियार से गंभीर रूप से जख्मी कर हत्या कर दी गई थी। इस घटना में एक नाबालिग युवक सहित तीन आरोपी शामिल थे। उस नाबालिक अब 21 वर्ष का हो गया और उसी के बयान पर उनके दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसमें से एक की हत्या पहले ही हो चुकी है। सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बताया कि तुपुदाना क्षेत्र बेरमाद में पूजा कच्छप और विवेक तिग्गा की रात्रि के समय घूमने गए थे और इसी दौरान रवि



मींज, दनियाल तिग्गा, आयुष और निरंजन पांडो भी वहीं पर नशा कर रहा था और इसी दरमियान में इन लोगों ने एक केटीएम बाइक देखी और उस बाइक के साथ पूजा कच्छप और विवेक दोनों को देखकर तीन लोगों की नियत खराब हो गई और केटीएम के साथ लड़की के साथ दुष्कर्म करने की नियत बना ली, हालांकि इसी दौरान दनियाल वहां से चला गया और बाकी तीनों आरोपी विवेक के साथ मारपीट शुरू हो गई, जिसमें निरंजन पांडो, रवि के पास चापड़ एवं अन्य हथियार था, जिससे विवेक को और फिर बाद में पूजा को मारकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने काफी प्रयास किया था और मृतक पूजा के सौतेले भाई पर भी कई बार आरोप लग रहा था, मामला और संदिग्ध लग रहा था । पुलिस समय का इंतजार करती रही और जब आयुष 17 वर्ष का था अब 19 वर्ष का हो गया है। आयुष हमेशा नशे की हालत में इस घटना का उद्घाटन करते रहता था, उसी कहने पर थाना प्रभारी मीरा सिंह उसे अपने पास बुलाकर पूछताछ की और फिर उसके बाद रवि मिंज को उसके सामने बैठाया गया , बातचीत हुई तब जाकर पूरा मामला का उद्घाटन हुआ । पुलिस ने केटीएम बाइक भी बरामद की है । निरंजन पांडो की हत्या बहुत पहले खुनकी के मारंगहादा थाना क्षेत्र में हो चुकी थी, वह। पीएलएफआई सदस्य था। इस उद्भेदन में तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह, पुनदाग ओपी विवेक कुमार, अमित कुमार पासवान, राहुल सिन्हा, राजनीति पासवान, सुनील कुमार सिंह सभी तुपुदाना ओपी शामिल थे।

# झाखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने मुख्यमंत्री को सौंपा युगांतर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा ने मुलाकात की। इस दौरान मिश्रा ने मुख्यमंत्री को चीफ जस्टिस ने झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन के उद्घाटन समारोह की स्मृति स्वरूप फोटो एल्बम एवं झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा प्रकाशित युगांतर एक नए युग की शुरुआत स्मारिका सप्रेम भेंट की।

# प्रयागराज के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह 15 जून को आएंगे झारखंड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे और वर्तमान में प्रयागराज पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह पांच दिवसीय दौरे पर 15 जून को रांची आयेंगे। यह जानकारी बुधवार को प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सिंह 15 से 19 जून तक रांची, खूंटी, जमशेदपुर और पलामू जिला भाजपा द्वारा आयोजित विभिन्न सांगठनिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। बताया कि 15 जून को सिद्धार्थ नाथ सिंह एक बजे अपराह्न रांची पहुंचेंगे। शाम चार बजे रांची महानगर की ओर से आयोजित लोकसभा की प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे। छह बजे शाम महा जनसंपर्क के तहत विशिष्ट परिवारों के साथ संपर्क से समर्थन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**सिद्धार्थ नाथ सिंह के कार्यक्रम**

16 जून को 9.30 बजे पूर्वाह्न रांची स्थित तपोवन मंदिर में पूजा अर्चना के बाद 10 बजे पूर्वाह्न प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे। 11 बजे पूर्वाह्न से 5 बजे अपराह्न तक वे टिफिन बैठक एवम संपर्क से समर्थन कार्यक्रम में शामिल होंगे। 6 बजे अपराह्न विकास भारती कार्यालय, आरोग्य भवन बरियातू जायेंगे।

17 जून को सिद्धार्थ सिंह 10 बजे पूर्वाह्न खूंटी में जनसभा को संबोधित करने के बाद जमशेदपुर जायेंगे। 6 बजे शाम जमशेदपुर में पार्टी द्वारा आयोजित संपर्क कार्यक्रम में शामिल होंगे।

18 जून को जमशेदपुर में 11 बजे पूर्वाह्न संपर्क से समर्थन कार्यक्रम में शामिल होंगे और शाम पांच बजे जनसभा को संबोधित करेंगे।

# नशा मुक्त बनाने के लिए संयुक्त रुप से अभियान चलाएं : दयानंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के स्थानीय पंचायत जमीयतुल कुरैश के तत्वावधान में कुरैशी मुहल्ला स्थित कुरैशी एकेडमी में कमिटी के अध्यक्ष आजाद कुरैशी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई थी , जिसमें मुख्य अतिथि लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानन्द कुमार एवं विशिष्ट अतिथि सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो. इसलाम मुख्य रूप से हिस्सा लिए। थाना प्रभारी को कमिटी की ओर से आज़ाद कुरैशी व पप्पू कुरैशी ने बारी- बारी से समाज में नशीली पदार्थो से फैल रहे बुराईयों के साथ साथ अन्य ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दिए। थाना प्रभारी दयानन्द कुमार ने सभी की बातें सुनने के बाद कहा कि आज युवा वर्ग में कुछ लोग नशा के आदी हो गए हैं एवं समाज में युवा पीढ़ी



बर्बादी की ओर जा रहा है, जो किसी भी समाज के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि नशा सारी बुराईयों की जड़ है इसे आपस में मिलकर संयुक्त रूप से रोकना होगा साथ ही साथ अभिभावकों से आह्वान किया कि अपने बच्चों पर कड़ी निगरानी रखें। आगे कहा कि मुहल्ले की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें,छोटे- मोटे आपसी विवाद का हल आपसी सौहार्द के साथ अपने समाज में ही कर लें। बताते चलें कि नशा मुक्त अभियान की शुरुआत झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी द्वारा किया था, इस अभियान को तत्कालीन एसएसपी सुरेंद्र झा, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, सहित कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला,हरिजन बस्ती, गढ़ाटोली, इलाही बक्स कालोनी, मौलाना आजाद कालोनी, रमजान कालोनी, गुदरी, पत्थलकुदआ , हिंदपीढ़ी, डोरंडा, चुटिया, नामकुम सहित दूसरे जिलों में भी मुजीब कुरैशी के इस मुहिम को सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। इस तरह के कार्यक्रम चलाए जाने के बाद बड़े पैमाने में गांजा,अफीम की खेप पुलिस ने पकड़ा, कई लोगों की गिरफ्तारी हुई है। तत्कालीन डीजीपी नीरज सिन्हा , एसएसपी किशोर कौशल ने भी नशा मुक्त अभियान चलाने के लिए झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी की प्रशंसा कर चुके हैं। उक्त कार्यक्रम में आजाद कुरैशी, पप्पू कुरैशी, शादाब कुरैशी, मोईन कुरैशी, बाबी कुरैशी, खलील कुरैशी, मो.जावेद कुरैशी, अकबर कुरैशी, नजीर कुरैशी, इदरीस कुरैशी, शकील कुरैशी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# कोल इंडिया चयनित चेयरमैन रांची एसएसपी एवं सीसीएल के निदेशकगणों ने किया रक्तदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में सीसीएल द्वारा गांधीनगर अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएमडी, सीसीएल पी. एम. प्रसाद, विशिष्ट अतिथि राची के वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र निदेशक (वित्त) पी. के. मिश्रा, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार की उपस्थिति में रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक की धर्मपत्नी आस्था रमन, अध्यक्षा दामिनी महिला समिति, अर्पिता महिला मंडल विमला प्रसाद एवं निदेशक (कार्मिक) की धर्मपत्नी इंदु मिश्र ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काट कर की। ज्ञात हो कि पी. एम. प्रसाद का चयन कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष के रूप में हुआ है।



स्वैच्छिक रक्तदान करने वालों में विशेष रूप से सीसीएल के सीएमडी पी. एम. प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र निदेशक (वित्त) पी. के. मिश्रा. मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर सहित विमला प्रसाद थे। इनके अलावे अन्य कई लोगों ने भी शिविर में बढ़- पढ़ कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। इनमें से 35 पुरुष और 5 महिला को मिलाकर कुल 40 यूनिट रक्त एकत्रित किए गए। अवसर विशेष पर सीएमडी पी. एम. प्रसाद ने कहा कि रक्तदान एक सबसे बड़ा दान हैं। एक लोग के रक्तदान
करने से चार लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसलिए हम लोगों को ऐसे सामाजिक कार्यक्रम में हमेशा बढ़-कर हिस्सा लेना चाहिए।सीसीएल के अन्य निदेशकगण एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने भी सभी को रक्तदान करने के लिए जागरूक किया। उन्हें रक्तदान करने के फायदे से रूबरू कराया। वहां पर आने वाले रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी दिया गया।

ज्ञात हो कि सीसीएल न केवल विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर बल्कि इसके अतिरिक्त भी समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन करता रहता है। झारखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति (जेएसएसीएस) ने सीसीएल के गांधीनगर ब्लड बैंक को आज सर्टिफिकेट ऑफ एप्रीशिएसन दिया जिसे डॉ. अनिता ने प्राप्त किया। शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस इंचार्ज सीसीएल, गांधीनगर डॉ. रत्नेश जैन, डॉ अनीता और उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### महिलाओं साथ लैंगिक उत्पीड़न रोकने लिए शिकायत समिति गठित

**रांची :** नगर विकास एवं आवास विभाग ने कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न रोकने के लिए आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया है। समिति का अध्यक्ष रांची नगर निगम की सहायक नगर आयुक्त शीतल कुमारी को बनाया गया है। सदस्य के रूप में राज्य शहरी विकास अभिकरण, सूडा में पदस्थापित क्षमता संवर्धन विशेषज्ञ पुष्पा मार्टिन व प्रभारी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी विभागीय मुख्यालय स्थापना को नामित किया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। यह समिति नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत सारे कार्यालयों, नगर निकायों में लैगिंक उत्पीड़न निवारण, प्रतिबंध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के तहत शिकायतों पर कार्रवाई करेगी। दोषियों को दंडित करने के लिए सरकार से अनुशंसा भी करेगी।

# निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की 39 करोड़ 28 लाख की संपत्ति अटैच की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की 39 करोड़ 28 लाख की संपत्ति अटैच की गई है। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शपथ पत्र दाखिल करके यह जानकारी दी। मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी।

ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की संपत्ति मामले की सीबीआई जांच कराने का आग्रह करने वाली पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में ईडी की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। ईडी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वीरेंद्र राम की 39 करोड़ 28 लाख 82 हजार 578 रुपए की संपत्ति अटैच की गई है।

मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि विजिलेंस




कमिश्नर से अनुमति मिलने के बाद 9 मई के बाद वीरेंद्र राम की संपत्ति की जांच शुरू की गई है। कोर्ट ने मामले में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार को ईडी के जवाब पर अपना प्रतिउत्तर देने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वीरेंद्र राम के पास अकूत संपत्ति की जानकारी विभागीय मंत्री को नहीं होगी, ऐसा संभव नहीं है। सभी के साठगांठ से भ्रष्टाचार का यह खेल हुआ है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ईडी और एंटी करप्शन ब्यूरो( एसीबी) को मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था की जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के जमशेदपुर आवास से नवंबर, 2019 में करीब ढाई करोड़ रुपये बरामद हुए थे। एसीबी ने इस मामले में सिर्फ सुरेश प्रसाद को जेल भेज दिया, लेकिन बाकी के खिलाफ किसी तरह की न तो जांच की गई और न ही कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# मुख्यमंत्री से पैन एशिया मेटल्स लिमिटेड के अध्यक्ष ने की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में पैन एशिया मेटल्स लि. के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पॉल लॉक ने मुलाकात की। भेंट-वार्ता के क्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि झारखंड में लिथियम खनिज प्राप्त होने की अपार संभावनाएं हैं। लिथियम का उपयोग विभिन्न प्रकार की बैटरी बनाने के कार्य में होता है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अनुसार झारखंड में कोडरमा, हजारीबाग सहित अन्य क्षेत्रों में उपलब्धता है। लिथियम खनिज की जानकारी प्राप्त करने के लिए पैन एशिया मेटल्स लि0 की टीम झारखंड भ्रमण पर है। पॉल लॉक ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि पैन एशिया मेटल्स लि0 झारखंड में लिथियम खनन के क्षेत्र में निवेश करना चाहती है। पैन एशिया मेटल्स लि0 इस कार्य हेतु राज्य सरकार से सहयोग की अपेक्षा रखती है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने



पैन एशिया मेटल्स लि0 के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पॉल लॉक से कहा कि झारखंड प्राकृतिक संपदाओं के लिए जाना जाता है। विभिन्न खनिजों की उपलब्धता के साथ-साथ लिथियम का पाया जाना भी राज्य के लिए अच्छे संकेत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैन एशिया मेटल्स लि0 झारखंड में लिथियम उत्खनन कार्य में निवेश हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार के लिथियम उत्खनन प्रावधानों के अनुसार एक बेहतर कार्य योजना बनाकर प्रस्ताव सचिव खान एवं भूतत्व विभाग को उपलब्ध कराए। लिथियम उत्खनन हेतु कानून एवं नियम के तहत राज्य सरकार यथोचित कार्यवाही करते हुए निवेशकों को हर संभव सहयोग करेगी। भेंट-वार्ता के क्रम में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी, निदेशक भूतत्व मनोज कुमार, उप निदेशक भूतत्व अमरेंद्र कुमार सिंह एवं पैन एशिया मेटल्स लि0 के केबीएस मूर्ति उपस्थित थे।

### जेपी नड्डा 22 जून को आएंगे गिरिडीह

**रांची :** भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 22 जून को गिरिडीह आयेंगे। गिरिडीह परिसदन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की 22 जून को होने वाली जनसभा की तैयारी को लेकर बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महादेव दुबे ने की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा झारखंड की जनता का सौभाग्य है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपना महत्वपूर्ण समय झारखंड को दिया। प्रकाश ने कहा कि झारखंड की धरती से नड्डा का पुराना रिश्ता है। उन्होंने कहा कि उनके ओजस्वी भाषण को सुनने के लिए लाखों लोग पहुंचेंगे। बैठक में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, बालमुकुंद सहाय, विधायक बिरंची नारायण, पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रपति मुर्मू 17 जून को सैन्य वैभव के साथ संयुक्त स्नातक परेड की सलामी लेंगी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 17 जून को वायु सेना अकादमी डंडीगल, हैदराबाद में पूरे सैन्य वैभव के साथ 211वें कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड की सलामी लेंगी। समारोह में भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों और मित्र देशों के कैडेटों को विंग्स और ब्रेवेट्स दिए जाएंगे, जिन्हें वायु सेना ने प्रशिक्षित किया है। परेड के अंत में वायु सेना की सारंग और सूर्यकिरण टीम आसमानी करतब दिखाएगी।

भारत की विभिन्न शाखाओं के फ्लाइट कैडेटों के चुनौतीपूर्ण प्री-कमीशनिंग प्रशिक्षण के बाद हैदराबाद के डंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में 17 जून को संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) आयोजित की जाएगी। परेड की मुख्य अतिथि और समीक्षा अधिकारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी।



परेड के दौरान प्रशिक्षण के सफल समापन को चिह्नित करते हुए फ्लाइट कैडेटों के कंधों पर रैंक का अनावरण किया जाएगा, जो राष्ट्रपति आयोग के पुरस्कार का प्रतिनिधित्व करता है। आरओ कैडेटों की छाती पर विंग्स% और ब्रेवेट्स भी लगाए जाएंगे, यह इस बात पर निर्भर करता है कि उन्हें किस शाखा में नियुक्त किया जा रहा है।

समारोह में भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों और मित्रवत विदेशी देशों के कैडेटों को विंग्स और ब्रेवेट्स की प्रस्तुति शामिल है, जिन्हें वायु सेना ने प्रशिक्षित किया है। ऑर्डर ऑफ मेरिट में प्रथम आने वाली फ्लाइंग ब्रांच के फ्लाइट कैडेट को परेड की कमान संभालने का विशेषाधिकार दिया जाएगा।

उनके प्रदर्शन की मान्यता में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर और राष्ट्रपति की पट्टिका से सम्मानित किया जाएगा। ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं में समग्र ऑर्डर ऑफ मेरिट में प्रथम आने वाले फ्लाइट कैडेट को भी राष्ट्रपति की पट्टिका भेंट की जाएगी।

परेड के आखिर में वायु सेना की सारंग और सूर्य किरण टीम आसमानी करतब दिखाएगी। परेड के बाद पिलाटस पीसी-7 ट्रेनर एयरक्राफ्ट एरोबैटिक प्रदर्शन करेगा। लड़ाकू विमान सुखोई-30 पीसी-7 करतब दिखाते हुए फ्लाई पास्ट करेंगे। इसके अलावा वायु सेना की हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम सारंग और सूर्य किरण एरोबेटिक टीम आसमान में सिंक्रोनस एरोबेटिक डिस्प्ले करेगी। इस अकादमी में वायु सेना के पायलटों को लगातार चरणों में उड़ान भरने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

यहां से पास आउट होने वाले फाइटर पायलट के रूप में राफेल, सुखोई-30, मिग-29, मिग-21, मिराज-2000, तेजस विमान से लैस फ्रंट-लाइन कॉम्बैट स्क्वाड्रन में नियुक्त किए जाते हैं।